आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, सोमवार 13 जनवरी 2025 ■ पौष शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-284 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 14 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

चाकू की नोक पर चार लाख की लूट

रायपुर,13 जनवरी। यह घटना रायपुर जिले के धरसीवा थाना क्षेत्र के सिलतरा चौकी के पास हुई है, जहाँ बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने चाकू की नोक पर एक युवक से 4 लाख रुपए से अधिक की लूट की। बदमाशों ने युवक को डराया-धमकाया और उसके बैग में रखे पैसे छीन लिए, फिर मौके से फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह वारदात 10 जनवरी की रात 8 बजे हुई थी। लूटी गई रकम के बारे में बताया जा रहा है कि वह युवक सागर टेलीकॉम सर्विस में काम करता था और जियो के डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में कार्यरत था। पीड़ित युवक चेतन लाल ध्रुव ने इस लूट के मामले की शिकायत धरसीवा थाने में दर्ज कराई है, और पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है।

बुलेट डिवाइडर से टकराई, एक की मौत

दुर्ग,13 जनवरी। बीती रात दुर्ग के मोहन नगर थाना क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। शंकर नगर निवासी दो युवक बुलेट पर सवार होकर जा रहे थे, जब उनकी बाइक ओवरब्रिज के डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में विवेक उमरे (मृतक) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक संगीत साहू गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की जरूरत पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चलते ट्रक में लगी आग

कवर्धा,13 जनवरी। रायपुर-जबलपुर नेशनल हाइवे 30 मार्ग में सरिया से लदी एक ट्रक में भीषण आग लग गई. देखते ही देखते ट्रक आग के गोले में बदल गया.चालक और परिचालक ने ट्रक से कूदकी अपनी जान बचाई. सूचना के बाद मौके पर पहुंचे दमकलकर्मी ट्रक में लगी आग पर काबू पाया. पूरा मामला चिल्फी थाना क्षेत्र का है. बताया जा रहा है कि यह ट्रक रायपुर से सरिया लेकर मध्यप्रदेश जा रही थी. जब ट्रक चिल्फी घाटी पहुंची तो अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया, जिससे आग लग गई. ट्रक जलकर खाक हो गया है. ट्रक ड्राइवर और कंडक्टर की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया.

ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में 7.93% की गिरावट

दिल्ली,13 जनवरी। जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान ने पृथ्वी पर जीवन के लिए गंभीर संकट पैदा कर दिया है। जिससे जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन जीएचजी) को कम करने के लिए देशों को पेरिस समझौते के तहत राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) प्रस्तुत करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इसके जवाब में भारत ने 2021 में कॉप 26 के सम्मेलन में 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन हासिल करने का संकल्प लिया। भारत की चौथी द्विवार्षिक अद्यतन रिपोर्ट (बीयूआर-4) में 2019 की तुलना में 2020 में जीएचजी उत्सर्जन में 7.93% की कमी पर प्रकाश डाला गया है।

60 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

प्रयागराज,13 जनवरी। महाकुंभ-2025 के प्रथम स्नान के लिए संगम तट पर अप्रतिम आस्था, अथाह भक्ति, उल्लास और उत्साह तथा भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। देश-प्रदेश ही नहीं, विदेशों से भी आए लाखों श्रद्धालुओं के लिए जप-तप और पुण्य-मोक्ष का मार्ग बनने के साथ ही एकता के सूत्र में बांधने का माध्यम बना, जिसकी तुलना किसी अन्य आयोजन से कर पाना असंभव है।

मानवता की इस अमूर्त सांस्कृतिक विरासत का साक्षी बनने, अपने जन्म के पुण्यों को साकार करने तथा मानव सभ्यता के इस सबसे बड़े अनूठे क्षण का पहले ही दिन साक्षी बनने की होड़ धर्मनगरी प्रयागराज के संगम नोज समेत सभी स्थायी-अस्थायी घाटों पर देखने को मिली। यहां भावुक श्रद्धालु नम आंखों से इस सुखद क्षण के साक्षी बनते, अपनी पूजा-अर्चना विधि से भक्ति में लीन होने के साथ ही एकता के संगम में सराबोर होते नजर आए। पौष पूर्णिमा पर सुबह साढ़े नौ बजे तक 60 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा, यमुना और संगम में डुबकी लगाई है। पौष पूर्णिमा पर कल्पवासी संगम में डुबकी लगाकर महाकुंभ काल में कल्पवास के कठिन नियमों का पालन करते हैं और पुण्य प्राप्ति, मोक्ष, मुक्ति और संपूर्ण विश्व के कल्याण की कामना करते हैं। कल्पवासी अपने और अपने परिवार के सदस्यों के कल्याण के साथ-साथ संपूर्ण विश्व के कल्याण की भी प्रार्थना करते हैं।

पुरानी हटरी बाजार के पास घर में मिली भाई - बहन की लाश

रायगढ़,13 जनवरी। जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है, यहां शहर के सिटी कोतवाली के करीब पुरानी हटरी बाजार में दो लोगों की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई है। दोनों मृतक भाई और बहन बताये जा रहे हैं। मृतक का नाम सीताराम जयसवाल और उसकी बहन का नाम अन्नपूर्णा जयसवाल है। प्रथम दृष्टिया में हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस, डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई है। डबल मर्डर की खबर से आसपास लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई है।

आईईडी ब्लास्ट में घायल जवानों से मिलने पहुंचे उपमुख्यमंत्री

रायपुर,13 जनवरी। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में बीती रात आईईडी ब्लास्ट की घटना में 2 एसटीएफ जवान घायल हो गए. घायल जवानों का इलाज रायपुर के जिला अस्पताल में जारी है. वहीं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज घायल जवानों से मिलने जिला अस्पताल पहुंचे. उन्होंने जवानों से बातचीत कर उनकी स्थिति और घटना की जानकारी ली. इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री शर्मा ने जवानों का हौसला बढ़ाते हुए उनके जल्द ठीक होने की कामना की. इसकी जानकारी उपमुख्यमंत्री शर्मा ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट करके साझा की है. उन्होंने लिखा- बीजापुर जिले के जांगला गांव में हुए ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट में घायल जवान आरक्षक गजेन्द्र शाह मंडावी और आरक्षक रामसू मज्जी का कुशल क्षेम जाना एवं घटना की जानकारी प्राप्त की.

भाजपा नेत्री प्रतिभा सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज

समुदाय विशेष को लेकर दिया था भड़काऊ भाषण

जशपुर,13 जनवरी। छत्तीसगढ़ के जशपुर में एक भाजपा नेत्री प्रतिभा सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. बीते दिनों भाजपा नेत्री ने एक सुमुदाय विशेष को लेकर भड़काऊ भाषण दिया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ. इस भाषण को लेकर उनके खिलाफ शिकायत मिली थी, जिस पर पुलिस ने प्रतिभा सिंह के खिलाफ BNS की धारा 196 (1-ख), 299, 302 के तहत मामला दर्ज किया है. दरअसल, हाल ही में जिले के ग्राम बगीचा में दुर्गा मंदिर पर बज रहे लाउडस्पीकर को नासिर अली ने बंद कराया था, जिसके बाद हिन्दू संगठन ने हजारों की संख्या में पहुंच कर रैली और आमसभा आयोजित की थी. इसी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री ने समुदाय विशेष को लेकर एक भड़काऊ भाषण दे डाला. उन्होंने अपने भाषण में जशपुर के एक मोहल्ले को मिनी पाकिस्तान कहा था. इस भाषण को लेकर जशपुर के सरवर अली (उम्र 42 वर्ष) ने उनके खिलाफ बगीचा में लिखित शिकायत दी थी, जिसके बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया. अब शिकायत मिलने पर पुलिस ने भाजपा नेत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

पीएम ने किया जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन

श्रीनगर,13 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में 6.4 किलोमीटर लंबी जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन किया। यह सुरंग सोनमर्ग पर्यटन स्थल को पूरे वर्ष सुलभ बनाएगी। उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री के साथ केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी शामिल हुए। मध्य कश्मीर में गांदरबल जिले में गगनगिर और सोनमर्ग के बीच दो लेन वाली द्वि-दिशात्मक सड़क सुरंग 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाई गई है। यह आपात स्थिति के लिए समानांतर 7.5 मीटर चौड़े भागने के मार्ग से सुसज्जित है। समुद्र तल से 8,650 फीट से

अधिक की ऊंचाई पर स्थित, सुरंग भूस्खलन और हिमस्खलन मार्गों को दरकिनार करते हुए लेह के रास्ते में श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच हर मौसम में कनेक्टिविटी को बढ़ाएगी। टनल से गगनगीर और सोनमर्ग के बीच यात्रा में कम समय लगेगा। इसकी तीन-लेन वाली एपरोच सड़क की डिजाइन धीमी और तेज गति वाले वाहनों को अलग-अलग रास्तों पर सुगमता से चलने में सक्षम बनाएगी, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या नहीं होगी। यह सुरंग सामरिक सुरक्षा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सुरक्षाबलों के लिए निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करती है। श्रीनगर और लेह के बीच का रास्ता अक्सर खराब मौसम के कारण बाधित रहता है। अब जेड-मोड़ टनल (6.4 किमी) और आगामी जोजिला सुरंग (13.1 किमी) का निर्माण हिमस्खलन वाले क्षेत्रों को बाईपास कर हर मौसम में सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करेगा। जला सुरंग पूरी होने से इस रूट पर गाड़ियों की जोजिला रफ्तार 30 से बढ़कर 70 किमी./घंटा हो जाएगी। स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था भी चाक चौबंद होगी। सर्दियों के मौसम में सोनमर्ग की खूबसूरती देखते ही बनती है। बर्फ से ढकी यह घाटी दिल मोह लेती है। लेकिन पर्यटकों के लिए इस खूबसूरत नजारे का दीदार टेढ़ी खीर था, क्योंकि सर्दियों में सोनमर्ग पहुंचना बहुत मुश्किल था। लेकिन अब जेड-मोड़ टनल से सोनमर्ग पूरे वर्ष पहुंचा जा सकेगा। यह क्षेत्र शीतकालीन खेलों और एडवेंचर टूरिजम जैसे स्कीइंग और स्नो ट्रेकिंग के लिए नए रास्ते खोलेगा। इससे स्थानीय हस्तशिल्प और छोटे व्यवसायों को भी बढ़ावा मिलेगा। सर्दियों में भारी बर्फबारी से जम्मू-कश्मीर में जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। यहां विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाला पर्यटन भी इससे अछूता नहीं रहता। पर अब ॅ-मोड़ टनल से स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। बेहतर कनेक्टिविटी से सामान और सेवाओं की आवाजाही तेज होगी।

राष्ट्रपति के लिए बिरन माला और मिठाई लेकर जाएगी जगतिन बाई

पहली बार हवाई जहाज से करेंगी दिल्ली का सफर

कवर्धा,13जनवरी। जिले के पंडरिया विकासखंड के तीन विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों के छह सदस्य को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 76वें गणतंत्र दिवस में शामिल होने विशेष न्योता भेजा है. बैगा परिवारों के सदस्य 26 जनवरी को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होंगे. यह अवसर सिर्फ इन परिवारों के लिए नहीं बल्कि कबीरधाम जिले और प्रदेश के लिए सम्मान की बात है. राष्ट्रपति मुर्मू ने जिन परिवारों को विशेष न्योता भेजा है, उनमें ग्राम पंचायत कादावनी के आश्रित ग्राम पटपरी की जगतिन बाई बैगा और उनके पति फूल सिंह बैगा, ग्राम तेलियापानी की तीतरी बाई बैगा और पति बुध सिंह बैगा और ग्राम तेलियापानी की ही बाली बाई बैगा, पति सोनू राम बैगा कुल 6 बैगा सदस्य शामिल है. कलेक्टर ने जिले के इन बैगा परिवारों को दिल्ली तक गणतंत्र दिवस के आयोजन तक सुरक्षित ले जाने के लिए जिला क्रेडा अधिकारी नंद कुमार गायकवाड़ को जिम्मेदारी सौंपी है.

जगतिन बाई ने कहा कि उनके पति मजदूरी का काम करके जीवनयापन करते हैं. राष्ट्रपति से मिलूंगी तो गांव में बोरिंग, आंगनवाड़ी, अस्पताल की मांग करूंगी. उन्होंने बताया कि बिजली मिलने से पहले बहुत दिक्कत थी, खाना बनाने में परेशानी होती थी, बिजली लगने से यह आसान हो गया है. उन्होंने पहले कभी हवाई जहाज और रेल में सफर नहीं किया है, यह पहली बार होगा जब वे हवाई जहाज से दिल्ली जाएंगी. बता दें कि इन परिवारों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ आयोजित विशेष रात्रि भोज में सम्मिलित होने का भी सम्मान प्राप्त होगा. साथ ही प्रधानमंत्री आवास, संसद भवन और राष्ट्रपति भवन और भी अन्य ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा.

जम्मू-कश्मीर में मारे गए 60% आतंकी पाकिस्तानी

नई दिल्ली,13 जनवरी। देश के सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अहम बयान दिया है। शनिवार को उन्होंने कहा कि पिछले साल मारे गए 60% आतंकवादी पाकिस्तानी मूल के थे। उन्होंने कहा, 'आज की स्थिति में घाटी और जम्मू क्षेत्र में जो भी आतंकवादी बचे हैं, हमें लगता है कि लगभग 80% या उससे अधिक पाकिस्तानी मूल के हैं। जम्मू-कश्मीर की बात करें तो स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। नियंत्रण रेखा पर DGMO के बीच सहमति के बाद फरवरी 2021 से प्रभावी संघर्ष विराम जारी है। हालांकि, आतंकी ढांचा बरकरार है। IB सेक्टर से घुसपैठ की कोशिशें जारी हैं। हाल के महीनों में, उत्तरी कश्मीर और डोडा-किश्तवाड़ बेल्ट में आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि देखी गई है।' जनरल द्विवेदी ने कहा कि हमने इस बार अमरनाथ यात्रा के दौरान 5 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों को देखा। चुनावों का शांतिपूर्ण संचालन एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है। उन्होंने कहा कि टेररिज्म से टूरिज्म की थीम धीरे-धीरे आकार ले रही है। उन्होंने कहा, मैं सबसे पहले मुद्दों पर बात करूंगा और उत्तरी सीमाओं से शुरुआत करूंगा, जैसा कि आप जानते हैं कि स्थिति संवेदनशील लेकिन स्थिर है। अक्टूबर में पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचोक में स्थिति सुलझ गई। इन दो उप-क्षेत्रों में पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त शुरू हो गई है। इसी तरह, इन दोनों क्षेत्रों में पारंपरिक चराई भी शुरू हो गई है। मैंने अपने सभी सह-कमांडरों को गश्त और चराई के संबंध में जमीनी स्तर पर इन मुद्दों को संभालने के लिए अधिकृत किया है, ताकि इन मुद्दों को सैन्य स्तर पर ही हल किया जा सके।

सेना प्रमुख ने कहा कि एलएसी पर हमारी तैनाती संतुलित और मजबूत है। हम किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। उत्तरी सीमाओं के लिए एक फोकस क्षमता विकास ने युद्ध-लड़ने की प्रणाली में आला तकनीक के संचार को सक्षम किया। वहीं, सेना ने जम्मू के अखनूर सेक्टर में आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने के बाद तलाशी अभियान शुरू किया। रविवार को ड्रोन और दूसरे उपकरणों की भी मदद ली गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ग्रामीणों की ओर से जोगीवन वनक्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी।

छत्तीसगढ़ के विकास के लिए अडानी ग्रुप 65 हजार करोड़ का करेगा निवेश

jasclaudius@gmail.com

स्वागतेय! खेलकूद में उज्जवल भविष्य की उम्मीद

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

हमारा प्रदेश अपने निर्माण के रजत जयंती वर्ष से गुजर रहा है। छत्तीसगढ़ के विकास का मूल्यांकन करें तो 1 नवम्बर 2000 से लेकर अब तक हमारे राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव आये हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, सड़क, परिवहन, संचार, कृषि आदि क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ की प्रगति अविस्मरणीय है। इस स्थिति में आने के लिए इस प्रदेश के महिलाओं, युवाओं, मजदूरों, किसानों, व्यापारियों सभी का योगदान महत्वपूर्ण है। पिछले 25 वर्षों में से 15 वर्ष तक शासन में रही भारतीय जनता पार्टी के डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री और अब विष्णुदेव साय इस दौरान मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए अनेक योजनाओं को लागू किया। प्रदेश की जनता ने लोकसभा, विधानसभा चुनाव में उनका पूरा साथ दिया तथा प्रदेश को भारत के उन्नत राज्य की श्रेणी में लाने में अथक सहयोग दिया। टैक्स के रूप में छत्तीसगढ़ के लोगों ने प्रदेश के कल्याण के लिए अधिक से राशि सरकारी खजाने में जमा किया। प्रदेश में जीएसटी से बड़ी राशि का संग्रह यह बताता है कि जनता को अपनी कमाई के बड़े हिस्से को राज्यहित में देने में कोई हिचक नहीं है। इधर प्रदेश के निवासियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए राज्य सरकार लगातार उपाय कर रही है। लौह, बॉक्साइट, कोयला, चूना पत्थर, हीरा आदि खनिज के साथ वन व जल से भरपूर छत्तीसगढ़ राज्य में आगे चलकर विकास की अपार संभावना है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं छत्तीसगढ़ को सुविकसित राज्य बनाने की कोशिश कर रहे हैं। भारत के अग्रणी उद्योगपति अडानी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अडानी ने गत दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ मिलकर अगले चार वर्षों में प्रदेश के ऊर्जा, सीमेंट उद्योग और सामाजिक विकास के क्षेत्र में 65000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। हमारे प्रदेश में हो रही चहुंओर की औद्योगिक प्रगति, संचार क्रांति, शिक्षा व स्वास्थ्य में सुधार, सुगम परिवहन सुविधा की वजह से अगले चार वर्षों में 4000 मेगावाट अतिरिक्त बिजली उत्पादन की आवश्यकता पड़ेगी। अतः अडानी ग्रुप द्वारा 60000 करोड़ रुपये से विद्युत उत्पादन केंद्र के खोले जाने से वह कमी पूरी होगी। इसी तरह छत्तीसगढ़ में बढ़ रहे निर्माण कार्यों से सीमेंट की खपत को बढ़ाने की जरूरत के लिए अडानी ग्रुप द्वारा सही समय पर 5000 करोड रुपये निवेश करना प्रदेश के हित में है। अडानी फाउंडेशन द्वारा प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 10000 करोड़ का प्रावधान किये जाने से छत्तीसगढ़ में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इतना सब होने के साथ ही छत्तीसगढ़ में एक और महत्वपूर्ण क्षेत्र खेल व खिलाड़ियों का है उसे अपेक्षाकृत कम महत्व दिया जा रहा है। अभी छत्तीसगढ़ में ओलंपिक, गैर ओलंपिक तथा विलुप्त होने खेलों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं परंतु अधोसंरचना, खेल अकादमी की कमी की वजह से हमारे राज्य के उदयीमान, प्रतिभाशाली खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित नहीं कर पा रहे हैं। अडानी ग्रुप द्वारा जारी 10000 करोड़ के सामाजिक विकास में खेल व खिलाड़ियों के हित के लिए भी राशि रखी जानी चाहिए। छत्तीसगढ़ में आगामी 2027 के 39वें में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की संभावना को देखते हुए एथलेटिक्स, तैराकी, कैनोइंग, सायकलिंग, तलवारबाजी, जिमनास्टिक्स, नौकायन, ताइक्वांडो, भारोत्तोलन, कुश्ती, जूडो, मलखंब, रोलबाल जैसे प्रमुख खेल जिसमें पदकों की संख्या अधिक होती है उनके सामान्य वर्ग और दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए अधोसंरचना निर्माण तथा अकादमी खोले जाने का प्रावधान करना चाहिए। उम्मीद है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं भारत को खेल के क्षेत्र में विश्व गुरु बनाने की सोच रखते हैं और खेल से जुड़े छत्तीसगढ़ के प्रमुख हस्तियों की एक समिति के निर्माण और उनके सुझाव पर प्रधानमंत्री के लक्ष्य को पूर्ण करने सामाजिक विकास राशि में से 500 करोड़ रुपये का निवेश खेलकूद के लिए करेंगे। अडानी ग्रुप और छत्तीसगढ़ सरकार इस दिशा में भरपूर सहयोग करेंगे।

वृद्ध दंपतियों ने शरीर दान की घोषणा कर देश और समाज में कायम की मिसाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 13 जनवरी। सर्व प्रथम सागर यूनिवर्सिटी एवं बिलासपुर रायपुर जैसी यूनिवर्सिटी के रजिस्टर होरीलाल गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी ज्ञानवंती गुप्ता ने साथ ही हाई स्कूल के प्राचार्य धनेश्वर कुमार निर्मल ने एवं उनकी धर्मपत्नी रामदुलारी निर्मल ने जीते जी अपने शरीर को मेडिकल कॉलेज में देने के लिए घोषणा की है ताकि उनका परिवार उनकी घोषणा के अनुसार उनका शरीर मेडिकल कॉलेज में दान कर सके। रजिस्टर होरीलाल गुप्ता ने फार्मा संस्था को देते वक्त कहा है कि यह शरीर जीवन पर्यंत परिवार समाज के लिए काम आया और ध्यान के बाद अगले शरीर देश समाज के उत्थान में काम आए तो यह हमारे लिए सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। प्राचार्य धनेश्वर निर्मल ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि जो आया है संसार में उसे जाना ही है यही कड़वा सत्य है यह शरीर जलाने से राख होगा और गढ़ने से मिट्टी होगा। इससे अच्छा यह शरीर से कुछ बच्चे अच्छे डॉक्टर बनकर निकलें यह हमारे लिए और समाज के लिए उपदेश के लिए बहुत ही पुण्य का काम होगा नोबेल काम होगा। सूर्य

विहार कॉलोनी में निवासरत प्रोफेसर एच.एल. गुप्ता ने शासकीय सेवा में महाविद्यालयीन प्राध्यापक के रुप में सेवा प्रारंभ करते हुए प्राचार्य तथा विश्वालयीन (रजिस्ट्रार) कुल सचिव के पद पर शिक्षा विभाग में अपनी सेवा दी । म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित होने के बाद डॉ. एच.एस. विश्वविद्यालय सागर, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर तथा गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर में कुल सचिव के पद पर सेवा दी । सेवानिवृत्ति के बाद मरणोपरांत अपना और अपनी जीवन संगनी श्रीमती ज्ञानवती गुप्ता का शरीर, मेडिकल कॉलेज को दान करने का निर्णय लेकर मृत शरीर को संबंधित विद्यालयीन शिक्षा हेतु दान का निर्णय लिया है। धानेश्वर कुमार निर्मल का 06.02.2025 पर 70वां जन्मदिन की खुशी ग्राम ढाबा (नगपुरा) का किसान बेटा व शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेक्टर-7, भिलाई के सेवा-निवृत्त प्रधान पाठक धानेश्वर कुमार निर्मल ने अपना 70वाँ जन्म दिवस धूमधाम के साथ अपने निवास में वरिष्ठ नागरिक मंच सूर्या विहार कॉलोनी जुनवानी वालों के साथ मनाया गया साथियों ने धानेश्वर निर्मल को स्मृति चिन्ह शाला श्रीफल भेंट करके हार्दिक शुभकामनाएं दिया गया । सांसद विजय बघेल जी ने भी धानेश्वर कुमार निर्मल को 70 वाँ जन्म दिवस पर स्मृति चिन्ह शाल श्रीफल भेंट किया गया। धानेश्वर कुमार निर्मल ने सांसद विजय बघेल जी के समक्ष मृत्योपरांत देहदान करने की घोषणा करते हुए शपथ पत्र प्रस्तुत किया यह कार्य आस्था बहुउद्देशीय संस्था भिलाई अध्यक्ष संस्थापक प्रकाश गेडाम के सौजन्य के सम्पन्न हुआ ।

एक नजर

अमानत में खयानत का मामला दर्ज

भिलाई 13 जनवरी। सुपेला पुलिस ने फरीद नगर निवासी आसिफ कुरैशी और उसके बेटे अरमान खान के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है दोनों ने परिचित आदिल राज से उसकी गाड़ी मांगकर अजमेर गए थे वहां से वापस लौटने के बाद आरोपितों ने शिकायतकर्ता की गाड़ी नहीं लौटाई गाड़ी मांगने पर आरोपितों ने धमकाना शुरू कर दिया इसके बाद पीड़ित ने सुपेला पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है पुलिस ने बताया कि जुनवानी रोज फरीद नगर निवासी शिकायतकर्ता आदिल राज की चिकन की दुकान है आरोपित पिता पुत्र हमेशा उसकी दुकान पर चिकन लेने के लिए जाते थे इसी कारण से उनकी अच्छी जान पहचान थी बीते एक जुलाई आरोपित आसिफ कुरैशी अपने बेटे अरमान खान के साथ शिकायतकर्ता के पास गया। दोनों ने अजमेर जाने के लिए पीड़ित से उसकी इनोवा कार मांगी। परिचित होने के कारण शिकायतकर्ता ने उन्हें अपनी कार दे दी। करीब 10 दिन बीतने के बाद भी ज़ब आरोपितों ने कार नहीं लौटाई तो पीड़ित ने आरोपितों को फोन किया शुरुआत में तो काफी बार फोन करने पर भी आरोपितों ने फोन नहीं उठाया बाद में आरोपित ने फोन तो उठाया लेकिन कार लौटाने से इन्कार कर दिया उल्टे आरोपित ने पीड़ित को धमकाना शुरू कर दिया लंबे समय तक प्रयास करने के बाद भी जब आरोपितों ने शिकायतकर्ता की कार नहीं लौटाई तो उसने पुलिस से शिकायत की

लिफ्ट लगाने के नाम पर गबन

भिलाई 13 जनवरी। नेहरू नगर पश्चिम के एक भवन में तीन लिफ्ट लगाने के नाम पर 22 लाख 42 हजार 100 रुपये का गबन का मामला सामने आया है भवन मालिक ने आरोप लगाया है कि आरोपित ने किसी भी लिफ्ट का पूरा काम नहीं किया है उनकी शिकायत पर सुपेला पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है सुपेला पुलिस ने बताया कि नेहरू नगर पश्चिम निवासी शिकायतकर्ता संजय अग्रवाल की शिकायत पर स्कोन एलिवेटर के डायरेक्टर विजय सिंह के खिलाफ गबन का मामला दर्ज किया गया है शिकायतकर्ता ने अपने भवन में तीन लिफ्ट लगाने के लिए आरोपित से अनुबंध किया था आरोपित ने तीनों लिफ्ट लगाने के लिए उक्त रकम ले ली और किसी भी लिफ्ट का काम पूरा नहीं किया आरोपित से लिफ्ट का काम पूरा करने के लिए बोलने पर भी काम नहीं कर रहा था बाद में आरोपित ने फोन उठाना भी बंद कर दिया

एनसीसी कैडेटों व एनएसएस स्वयंसेवकों ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

भिलाई, 13 जनवरी। स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी इकाई के द्वारा आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 विनय शर्मा व विशेष अतिथि 37 छग बटालियन एनसीसी दुर्ग के पीआई नायब सूबेदार महेंद्र तमांग व हवलदार रॉबिन पोंडियाल थे । मुख्य अतिथि डॉ0 विनय शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा राष्ट्र निर्माण में बहुत बड़ा योगदान देते हैं आपके अंदर सिंह की ताकत है आप हर समस्या का हंसकर व डटकर मुकाबला कर सकते हैं। एनसीसी अधिकारी ले0 डॉ0 हरीश कुमार कश्यप ने कहा कि युवा को अगर उल्टे क्रम में लिखें तो वायु हो जाता है जिसका अर्थ है कि युवा अपनी शक्ति का सही उपयोग कर वायु की दिशा बदल सकता है। एनसीसी के बारह कैडेटों ने राष्ट्रीय युवा दिवस व स्वामी विवेकानंद जयंती पर अपने विचार रखे। जिसमें प्रमुख रूप से एसयूओ जयकुमार, जेयूओ भावेश पटेल, सार्जेंट विक्रम, ऋषि सोनी, कैडेट मुकेश, दुष्यंत, नागेश्वर , पुष्पेंद्र,अर्पित, हरीश मोटघरे , विकास व हेमावती पटेल ने अपने विचार प्रभावी रूप से रखे। इस अवसर पर 8 सीजी गर्ल्स बटालियन के 12कैडेट व एन एस एस के 30 स्वयं सेवक उपस्थित रहे। समस्त कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी ले0 डॉ0 हरीश कुमार कश्यप ने किया व धन्यवाद ज्ञापन एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अनिर्बन चौधरी ने किया।

जवाहर नगर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के पास से हटाया गया अवैध कब्जा

भिलाई, 13 जनवरी। वैशाली नगर जोन के अंतर्गत जवाहर नगर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निर्माण खिलाड़ियों को खेलने प्रैक्टिस करने के लिए बना हुआ है। जहां पर बैडमिंटन, बॉक्सिंग, कुश्ती, आधुनिक जिम इत्यादि के लिए बनाया गया है। वहां पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की आयोजित हुई थी। उसके पीछे साइड में निगम भिलाई द्वारा बृहद रूप से वृक्षारोपण भी किया गया है। पार्षद नोहर वर्मा द्वारा शिकायत की गई थी की कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। यह जानकारी जोन कमिश्नर ऐसा लहरे को मिली उन्होंने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से बनाया गया बाड़ी, गाड़ी रखने का गैरेज, एवं घेरा बनाकर के सरकारी जमीन को कब्जा करना चाह रहे थे। जोन कमिश्नर स्वयं की उपस्थिति में अतिक्रमण को जेसीबी तोड़ दिया गया। स्थानीय लोगों को चेताया गया कि कोई अगर इस प्रकार का नगर निगम जमीन पर कब्जा करेगा उसको हटाने के बाद उसकी भरपाई भी संबंधित से की जाएगी। उसके खिलाफ नगर निगम अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी। इस कार्रवाई के दौरान अभियंता अरविंद शर्मा, जोन प्रभारी राजस्व अधिकारी शरद दुबे, तोड़फोड़ प्रभारी हरिओम गुप्ता, कन्हैया यादव, मंगल जांगड़, मंगलू, विष्णु सोनी आदि उपस्थित रहे।

सुबह से ही चाय के साथ चर्चा का दौर शुरू, किसे मिल सकती है भाजपा से टिकट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा 13 जनवरी। कबीरधाम जिले में नगरीय निकाय चुनाव ओर त्रिस्तरीय चुनाव होने की सुगबुगाहट शुरू होने के साथ ही भाजपा ओर कांग्रेस ॥क्रसे चुनाव में लड़ने वाले या टिकट की चाह रखने वाले गांवों में या शहर में वार्डो में जनसंपर्क शुरू कर दिये है । कवर्धा शहर में अधिकतर चर्चा होती है की आखिर कौन लड़ेगा जिला पंचायत चुनाव या कवर्धा नपाध्यक्ष चुनाव ओर हाई प्रोफ़ाइल वार्ड और हाई प्रोफाइल जिला पंचायत दस सामान्य ओर जिला पंचायत ग्यारह ओबीसी होने से बहुत सारे दावेदारों की चर्चा हो रही है । पूर्व जनपद सदस्य रूपेश चंद्रवंशी , जिला भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी , वरिष्ठ बीजेपी कार्यकता प्रताप चंद्रवंशी , पीयूष ठाकुर , कवर्धा जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी , खिलेश्वर साहू वरिष्ठ बीजेपी नेता सीताराम साहू , वरिष्ठ बीजेपी नेता कुंजराम साहू , जनपद उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू टिकट के लिए प्रयासरत हैं जिसकी सुगबुगाहट

होती हुई दिख रही है लेकिन कांग्रेस से जिला पंचायत दस से पूर्व जनपद सदस्य राम कुमार सिन्हा , कांग्रेस महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी ओर जिला पंचायत 11 से श्रीमती पुष्पा होरी राम साहू ओर पूर्व जनपद सदस्य राम कुमार सिन्हा की चर्चा जनमानस में खूब होती हुई दिख रही है । कवर्धा शहर नपाध्यक्ष में मनहरण कौशिक , चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी , अनिल शाहू , मेडिकल एसोशिएशन पदाधिकारी अनिल साहू , पार्षद पवन जायसवाल , पूर्व पार्षद विजय पाली और कांग्रेस से पूर्व पार्षद संतोष नामदेव , बलदाऊ चंद्रवंशी, इंजीनियर राकेश तंबोली के नाम की चर्चा खूब होती हुई दिख रही है । ठिठुरती ठंड के बावजूद भी सुबह से राजनेतिक कार्यकर्ता ओर समर्थक ओर लोग आग तापते तापते ओर चाय पीते चर्चाओं का दौर जारी रहता है की टिकट किसे मिलेगी या टिकट के लिए प्रयास करना शुरू कर दिया । जिला भाजपा महामंत्री संतोष पटेल ने कहा की प्रत्येक कार्यकर्ता को टिकट मांगने का अधिकार होता है लेकिन पार्टी ईमानदार और निष्ठावान कार्यकर्ता को टिकट देगी और जिला भाजपा अध्यक्ष फिर से बीजेपी का बनेगा पूरा विश्वास है ।

उपमुख्यमंत्री शर्मा के निर्देश पर जरूरतमंदों को किया कंबल वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा 13 जनवरी। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश एवं पहल पर आज वनांचल क्षेत्र में जरूरतमंद परिवारों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ठंड के मौसम में वनांचल क्षेत्र वासियो को राहत पहुंचाना था। आज ग्राम पंचायत बोक्करखार और शम्भूपीपर में निवासरत 1000 आदिवासी बैगा परिवारों को कंबल वितरित किए गए। कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांशीराम उइके, राजेश साहू, अमित वर्मा, नरेश चंद्रवंशी, बजरहा पटेल, अजय वर्मा, बद्रीप्रसाद वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय अधिकारी

उपस्थित थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के संदेशों को बताते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य हर जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस कंबल वितरण के माध्यम से हम उन परिवारों तक राहत पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं, जो सर्दी के मौसम में अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम नहीं होते। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान ग्राम बोक्करखार और शम्भूपीपर के लोगों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया और बताया कि सर्दी के मौसम में यह कंबल उनके लिए बहुत बड़ी राहत साबित होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत हर परिवार को कंबल दिया गया, जिससे वे ठंड से बच सकेंगे और अपनी दैनिक जिंदगी को बेहतर तरीके से जी सकेंगे।

स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर भाजपाइयों ने किया माल्यार्पण

उतई 13 जनवरी। स्वामी विवेकानंद की जयंती को देश भर में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है इसी कड़ी में शासकीय चंदूलाल चन्द्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पाटन में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पाटन नगर के भाजपाईयों ने माल्यापर्ण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए इस अवसर भाजपा पाटन मण्डल के अध्यक्ष रानी बंछोर, महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष व पाटन नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष योगेश निक्की भाले,भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दामोदर चक्रधारी,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष केवल देवांगन,महाविद्यालय के सदस्य सागर सोनी,शत्रुहन देवांगन,आदित्य सावर्णी,राधे यादव,केशव बंछोर,सरजू मरकाम,गोवर्धन बिजौरा,देवेन्द्र ठाकुर,चिरंजीव देवांगन, अनिकेत मिश्रा,सूरज वर्मा,लक्ष्मण गोस्वामी,घनश्याम सोनी,चंद्रप्रकाश देवांगन मौजूद थे।

अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर निकाली शोभायात्रा

■ श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर सेलूद में मनाया गया उत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई 13 जनवरी। अयोध्या में श्री रामचन्द्र जी के प्राण प्रतिष्ठा के दिन ग्राम सेलूद में 108 कलश के साथ पाटन चौक बजरंग बली मंदिर से ग्राम के माता बहनो के द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाला गया । प्रतिदिन गाँव में लोगों ने स्व स्फुर्त होकर सैकड़ो की संख्या में बाजा गाजा के साथ प्रभातफेरी निकाला जाता था जो कि 10 जनवरी तक जारी रहा द्य 11 जनवरी को मंदिरों की साफ सफाई की किया गया द्य घर घर दीपक जलाने के साथ रंगोली बनाकर उत्सव मनाया गया । सेवा समिति के द्वारा सेवा भजनो के माध्यम से भगवान की स्तुति की गई । राम जन्म उत्सव मनाने व इस पल स्वर्णिम पल को यादगार बनाने महिलावो पुरुषों में गजब का उत्साह था द्य हिंदुओ के लिए 550 वर्ष बाद कई पीढ़ी के बीत जाने के बाद यह स्वर्णिम क्षण अपने जीवित जीवन काल मे पिछले वर्ष आया था उसी को उत्सव के रुप में मनाया

गया । कलश यात्रा पाटन चौक से होते हुए बावाकुटी भाठापारा के राधाकृष्ण मंदिर में पुजा अर्चना किया गया। श्रीराम जानकी मंदिर चार बाँधा तालाब में दीपयज्ञ का आयोजन किया गया है द्य साथ ही ग्राम की माता बहनो द्वारा पहली बार सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया द्य इस कार्यक्रम में गाँव की महिला पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए । सभी लोगों को महाभोग भी वितरण किया गया । इस अवसर पर प्रमुख रुप से ग्राम सरपंच खेमिन साहू, खेमलाल साहू, रमेश देवांगन, महेश्वर बंछोर, तारेन्द्र बंछोर, टामनलाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, महेश्वर बंछोर, संजय यदु, जयंत साहू, अशोक यादव रोमन वैष्णव, टी पी शर्मा, रामसिंग पठारी, सुरेंद्र बंछोर, कौशल बनपेला, अनिल बनपेला, उमेश सिन्हा, जयंत साहू, सिमा ठाकुर, सीता बंछोर, ललिता वर्मा, सत्यभामा बंछोर, केवरा साहू, सुनीता सेन, किरण सोनवानी, ललिता बनपेला, पीताम्बरी साहू, केवरा साहू, विमला साहू, दीपिका साहू गूँजेश्वरी बंछोर, उर्वशी बंछोर,शैल साहू, राजेश्वरी साहू, सरस्वती ठाकुर, ऑसूइय्या बंछोर, लक्ष्मण साहू, अर्जुन ठाकुर, लाभचंद जैन, ड़ी के सिंग, लक्ष्मण वर्मा, अमरचंद साहू , लोकनाथ साहू, नरसिंग देवांगन, अशोक देवांगन, ठाकुर राम साहू, अनिता देवांगन, आशा वर्मा, दिलेश्वरी देवांगन, सुनीता ठाकुर, प्रकाश साहू, चम्मन साहू, सीताराम यादव, भुनेश्वरी साहू, सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे ।

गतका एसोसिएशन के अध्यक्ष बने इंद्रजीत सिंह,कोषाध्यक्ष मलकीत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 13 जनवरी। गुरुद्वारे हाल सुपेला में रविवार को सुबह 11 बजे गतका एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ की वार्षिक सामान्य सभा का आयोजन किया गया। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय गतका चैम्पियनशिप, छग गतका एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन, जोन अध्यक्षों की नियुक्ति, उप समितियों का गठन रैफरी कौंसिल का गठन, खिलाड़ियों, रैफरी कोच के लिए समर कैंप जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा, बेमेतरा, भाटपारा, मुंगेली, पेंड्रारोड़, सक्ती, धमतरी, सूरजपुर, अंबिकापुर के जिला गतका संघ के पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में इंदरजीत सिंघ छोटू अध्यक्ष, जसवन्त सिंघ खालसा महासचिव और मलकीत

सिंह लल्लू को कोषाध्यक्ष बनाया गया। हरपाल सिंघ भामरा, जसबीर सिंघ चहल, अकलेश दुबे संरक्षक बनाए गए। पृथ्वी पाल सिंघ एसोसिएशन का मुख्य कोच बनाया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष इंदरजीत सिंघ छोटू ने कहा कि शीघ्र ही पूरे प्रदेश की कार्यकारिणी बनाई जायेगी और गतके के प्रचार प्रसार के लिए सभी जिलों के सहयोग से योजना बनाई जायेगी। और छत्तीसगढ़ स्टेट प्रतियोगिता कराई जाएगी जिसस? खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिल सके। अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मुझे आज गतका एसो. ऑफ छग का अध्यक्ष बनाया गया है। जिसका मैं तहेदिल से सभी लोगों का आभार व्यक्त करता हूं और सभी का आभारी हूं। गतका सिक्खों का प्रमुख खेल है व धार्मिक दृष्टिकोण से भी इसका अलग महत्व है और गतका खेल का पारंपरिक रोल भी है। आज अन्य धर्म के लोग भी गतका खेल से जुड़ रहे हैं। नेशनल खेल में ये शामिल हो रहा है। खेलों इंडिया में भी आ चुका है और सरकार गतका खेल को महत्व भी दे रही है। बड़ी जिम्मेदारी मिलने से मैं इसका सही ढंग से निर्वहन करुंगा।

समाचार संक्षेप

छेरछेरा पर्व ग्रामीण अंचल में बड़ी धूमधाम से मनाया गया

उतई 13 जनवरी। दानशीलता के पर्व छेरछेरा ग्रामीण अंचलों में बड़े धूमधाम से मनाई जा रही है जिसमें राम टोली द्वारा राम के भजन को गाते हुए अन्न दान ले रहे हैं इसी अवसर में दान मांगने वालों के द्वारा छेरछेरा के गीत गाए जाते हैं छेरी के छेरा छेर मरकनीन छेरछेरा माई कोठी के धान ल हेर हेरा अरन बरन कोदो दरन जभे दान दीहू तभे टरन दान पुन करके भैया आज अपन भाग जगाबोन अइसन सुघ्घर संस्कृति भाई अऊ कहां हमन पाबोन हमर ए तिहार ह संगी परहित के पाठ पढ़ाथे हर बछर छेरछेरा तिहार पुष पुन्नी के दिन आथे लइका सियान सब टोली बनाके घरो घर मांगे बर जाथे छेरछेरा अऊ कहिथे छेरी के छेर छेरछेरा माई कोठी के धान ल हेरहेरा घरोघर टुकनी म रखे कोठी के धान दाई दीदी हांसत हांसत करय दान गांव गांव म छेरछेरा के धान सकलाय जेकर बने रामकोठी बिपत म काम आय अइसन रामकोठी आज बनगे हे मिसाल इही काम आथे जब पड़थे दिन दुकाल।

साढ़े तीन साल बाद मृतक के ही खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

भिलाई 13 जनवरी। साढ़े तीन साल पहले जवाहर नगर में रोहन सिंह की बंदूक की गोली लगने से मौत हो गई थी घटना के दिन मृतक का जन्मदिन था युवक अपने दोस्तों के साथ घर के बाहर केक काट कर रहा था इसी दौरान वो घर से अपने चाचा की लाइसेंसी बंदूक लेकर बाहर निकला था और उसे खोलने का प्रयास कर रहा था तभी गोली चल गई और वो गोली उसी के कमर के बाएं तरफ जाकर लग गई थी। जिससे उसकी मौत हो गई थी। मौत के साढ़े तीन साल बाद वैशाली नगर पुलिस ने मृतक के खिलाफ ही गैर इरादतन हत्या की धारा के तहत प्राथमिकी की है पुलिस ने बताया कि घटना बीते 22 अगस्त 2021 की है जवाहर नगर निवासी संजय सिंह के 18 वर्षीय बेटे रोहन सिंह का घटना के दिन जन्मदिन था वो अपने दोस्तों के साथ घर के बाहर केक काट कर रहा था केक काटने के दौरान ही रोहन घर में गया और अपने चाचा धनंजय सिंह की लाइसेंसी 12 बोर की बंदूक को लेकर बाहर निकला। वो बंदूक को खोलने का प्रयास कर रहा था, तभी बंदूक में लोड गोली चल गई वो गोली रोहन के बाएं कमर के पास जाकर लगी परिवार वालों ने उसे फौरन बीएम शाह अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखकर रायपुर रेफर कर दिया गया था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई थी इस घटना की जांच में वैशाली नगर पुलिस ने मृतक के दोस्तों और परिवार वालों का बयान दर्ज किया बयान में मृतक रोहन सिंह को ही अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया गया है।

आयुक्त ने नेहरू प्लैनेटेरियम का देखा शो एवं अटल परिसर का निरीक्षण किया

भिलाई, 13 जनवरी। नेहरू नगर स्थित जिम गार्डन के बगल में नेहरू प्लैनेटेरियम निगम भिलाई का बना हुआ है। जो नेशनल हाईवे के समीप है। जिसमें वैज्ञानिकता के आधार पर आकर्षक ज्ञानवर्धक खगोलीय घटनाओं पर आधारित फिल्म दिखाया जाता है इसका समय शाम को 5-00 बजे से 7-00 तक है आधे घंटे का शो होता है उसी के अंदर पुरी खगोलीय घटनाओं के बारे में 3डी फिल्म के माध्यम से बताया जाता है बैठकर देखने पर ऐसा लगता है कि देखने वाला स्वयं अंतरिक्ष में पहुंच गया है। हमारे वैज्ञानिक अंतरिक्ष के संबंध में क्या-क्या जानकारी प्राप्त किए हैं किस प्रकार से मानव अंतरिक्ष को जाना चंद्रमा की सतह अंतरिक्ष में अन्य ग्रहों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है जो बहुत ही रोमांचकारी लगता है। अंतरिक्ष में के बारे में बहुत सारे रहस्य है जिससे हम सब अनभिज्ञ है। विशेष करके स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों और खगोलीय घटनाओं में रुचि रखने वाले लोगों के लिए बहुत ही ज्ञानवर्धक है । आयुक्त राजीव कुमार पांडे नेहरू प्लैनेटेरियम में जाकर के वहां के शो को देखें बहुत प्रभावित हुए। संबंधित संचालित करने वाली एजेंसी में मैटैक्स इंजीनियर्स को अच्छे से प्रचार प्रसार करने को कहा जिससे स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों को इसकी जानकारी मिले। उनके शिक्षक अभिभावक जाकर देखें। सबके लिए उपयोगी है। इसके समीप में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की याद में निर्माण अधीन अटल परिसर का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अटल परिसर को निर्धारित डिजाइन के अनुसार समय अवधि में पूर्ण करने को कहा।

महिला हैंडबॉल टीम पहुंची सेमीफाइनल में

भिलाई, 13 जनवरी। असम हैंडबॉल संघ द्वारा हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में सीनियर बीच राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला) का आयोजन सरुसजई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गुवाहाटी, असम में 10 से 13 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। जिसके लिये छत्तीसगढ़ राज्य की 12 सदस्यीय (10 महिला खिलाड़ी, 01 प्रशिक्षक एवं 01 प्रबंधक) बीच महिला हैंडबाल टीम भाग ले रही है।

छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज के सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने दी बड़ी सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर 13 जनवरी। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शौण्डिक समाज का दो दिवसीय ऐतिहासिक अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में देश-विदेश से बड़ी संख्या में शौण्डिक समाज के लोग शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने समाज के विकास और एकता के लिए अपने शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही उन्होंने समाज की मांग पर जमीन देने की घोषणा की। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, मंत्री श्री रामविचार नेताम, श्री श्याम बिहारी जायसवाल

मंत्री- छत्तीसगढ़ शासन सहित समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि शौण्डिक समाज का समृद्धिशाली इतिहास रहा है। शौण्डिक समाज के लोग व्यापार और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देकर देश की सेवा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ प्रदेश शौण्डिक समाज के सामाजिक भवन के लिए राजधानी रायपुर में भूमि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने शौण्डिक समाज की पत्रिका छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाचार का विमोचन भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज का दिन बहुत शुभ है।पिछले साल इसी तिथि को अयोध्याधाम में भगवान रामलला भव्य मंदिर में विराजे थे। छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है। मैं आप सभी को बहुत-बहुत बधाई देता हूँ और अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह में देश भर से और विदेशों से भी छत्तीसगढ़ की धरती पर आए शौण्डिक समाज के प्रतिनिधियों का अभिनंदन करता हूँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि शौण्डिक समाज ने अपनी उद्यमशीलता और कर्मठता से देश-विदेश में अपनी पहचान बनाई है। आज यहां विदेशों से भी प्रतिनिधि पहुंचे हैं वो इस बात का प्रमाण है कि दुनिया के हर कोने में आपने अपनी प्रतिभा की धाक जमाई है। छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज के अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के अंतिम दिन 12 जनवरी को परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें समाज के कई महत्वपूर्ण विषयों विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया बैठक यह निर्णय लिया गया है कि शौण्डिक समाज अगला राष्ट्रीय सम्मेलन पटना में किया आयोजित किया जाएगा। इस बैठक में इस बैठक में प्रत्येक राज्य के अध्यक्ष, सचिव एवं आमंत्रित सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी उपस्थित रहे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश शौण्डिक समाज के अध्यक्ष श्री शिवरतन प्रसाद गुप्ता, संयोजक श्री श्याम गुप्ता, हजारीबाग के विधायक श्री प्रदीप प्रसाद, श्री प्रकाश गुप्ता, श्री सुरेश गुप्ता सहित अखिल भारतीय शौण्डिक समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

एक नजर

मकर संक्रांति पर मानस सम्मेलन का आयोजन

मेंढ़ा (डोंगरगढ़)13 जनवरी। ग्राम मेंढ़ा में प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन पर्व पर दो दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन 13 व 14 जनवरी 2025 को मां शीतला प्रांगण में रखा गया है। इस सम्मेलन में 13 जनवरी को श्री सबरी मानस मंडली पानबरस (आहिवारा), स्वरांजली मानस मंडली खुरसुल (अर्जुंदा), रघुनायक मानस मंडली परसही (उतई), रामस्वरूप पंडवानी पार्टी जोशीलमती (गेंदाटोला), समर्पण बालिका मानस मंडली (रायपुर), नवदुर्गा मानस मंडली आमगांव (डोंगरगांव) व 14 जनवरी को स्नेहदीप मानस परिवार खिलोरा (रायपुर), सीताश्री महिला मानस परिवार सिंगदेही (मखारा), दाई के दुलार मानस मंडली कन्हरपुरी (गुरुर), जय मां शीतला छत्तीसगढ़ी पंडवानी पार्टी राजपुर छुरा (गरियाबंद), पारसमणी मानस परिवार पुरानी बस्ती (रायपुर) जन मानस के समक्ष अपनी प्रस्तुति देगी। आयोजक समिति एवं समस्त ग्रामवासी के प्रमोद वैष्णव, हरि राम कंवर अध्यक्ष साहेब दास सिरदार ने अपील की है अधिक से अधिक संख्या में आकर कार्येक्रम को सफल बनाए।

वेदांश मोहने का जूजित्सू एशियन यूथ चैंपियनशिप के लिए चयन

डोंगरगढ़ 13 जनवरी। बैंकॉक थाईलैंड मैं दिनांक 13 फरवरी से 16 फरवरी 2025 तक होने वाली द्वितीय जूजित्सू एशियन यूथ चैंपियनशिप हेतु भारतीय टीम का चयन दिनांक 12 जनवरी 2025 को नोएडा उत्तर प्रदेश में रखा गया है जिसमें वसुंधरा जूजित्सू अकेडमी डोंगरगढ़ के राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाडी वेदांश मोहने पिता राजेश मोहने का चयन छत्तीसगढ़ से हुआ है। अकेडमी के मुख्य कोच श्री राणा अजय सिंह जानकारी दी की भारतीय टीम का चयन 14 वर्ष 16 वर्ष एवं 18 वर्ष बालक बालिका समूह में पांच अलग-अलग इवेंट में किया जाना है। डोंगरगढ़ से इससे पूर्व राणा वसुंधरा सिंह का चयन भारतीय टीम में वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए हुआ था। जिलाध्यक्ष श्री विवेक मोनू भंडारी सचिव श्री तरुण वरकड़े श्री प्रकाश चौरड़िया श्री सुनील जैन श्रीमती पूनम टेंभुरकर श्री त्रिलोक जम्भूलकर श्री चंद्रहास साहू श्री निसार अब्बास आदि ने वेदांश को आशीर्वाद प्रदान किया कि आपका चयन भारतीय दल में अवश्य हो जिससे पूरे प्रदेश का नाम रोशन हो सके।

नवकार मंत्र का जाप कराए भव सागर पार: प्रियदर्शना श्री जी

रायपुर 13 जनवरी। आदि अनंत काल से जैन धर्म के सभी संतों और पंथों में एक रुपेण समानता के साथ स्वीकार शाश्वत मंत्र नवकार महामंत्र के जाप का आयोजन सकल जैन समाज समाहित नवकार जाप ग्रुप व आम्रपाली जैन श्री संघ द्वारा संयुक्त रूप से रविवार दिनांक 12 जनवरी 2025 को प्रातः 9 से 10 बजे तक आम्रपाली जैन गुरु मंदिर में महासती प. पू. श्री प्रियदर्शना श्रीजी म. सा. प्रियदा आदि ठाणा - 4 के सान्निध्य में किया गया। विशेष ध्यानार्थ नवकार जाप ग्रुप द्वारा जैन समाज के किसी न किसी घटक के साथ संयुक्त रुप से प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को महामंत्र नवकार मंत्र के जाप का आयोजन किया जा रहा है उसी क्रम में आज का यह 13 वां आयोजन रहा। महासती जी ने नवकार महामंत्र की महिमा का वर्णन करते बताया कि नवकार मंत्र के सुमिरण मात्र से साधक अपने भवों को तार सकता। उपरोक्त संदर्भ में उन्होंने ने कुछ प्रेरक उदाहरण भी प्रस्तुत किए। नवकार जाप में विशेष रूप से आशीष जैन, राजेन्द्र पारख, वीरेंद्र डागा, अशोक सुराणा, अनिल बरडिया, कमलेश ललवाणी उपस्थित रहे।

बाइक से स्टंट करना युवक को पड़ा भारी

राजनांदगांव 13 जनवरी। दिनांक 11.01.2025 एवं 12.01.2025 को आरोपी करन नागपुरिया पिता ओमप्रकाश नागपुरिया उम्र 21 साल निवासी दीनदयाल कॉलोनी चिखली गली नं. 02 राजनांदगांव द्वारा महाराणा प्रताप चौक से आर.के.नगर चौक तक खतरनाक तरीके से बाइक में स्टंट कर विडियों बनाकर वाट्सअप स्टेटस लगाकर सोशल मीडिया मे वायर किया गया था। जिस पर सायबर सेल एवं बसंतपुर व यातायात पुलिस द्वारा पतासाजी कर दिनांक 12.01.2025 को डीयूके वाहन सहित आरोपी को पकड़ा।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण की स्थिति से ओबीसी समाज नाराज: भागवत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 13 जनवरी। छत्तीसगढ़ कि भाजपा सरकार द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग को ठगने का काम किया गया है यह आरोप लगाते हुए अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधि साहू समाज के जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने इसका गणित बताते हुए कहा कि जिला पंचायत में 13 सीट में से सिर्फ दो सीट एक महिला और एक पुरुष ओबीसी को दिया गया है यह पर्याप्त नहीं है जनपद पंचायत में भी 25 में से सिर्फ 7 सीट दी गई है इसी तरह सरपंच में 114 में से सिर्फ 35 सीट ओबीसी आरक्षित की गई है। वर्तमान जिला पंचायत में ओबीसी सीट ज्यादा है। आने वाले चुनाव में ओबीसी को बड़ा घाटा सहना पड़ेगा यह छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव जिले की बहुसंख्यको ओबीसी आबादी के साथ सरासर छल है। आवश्यकता पड़ी तो ओबीसी समाज सड़क की लड़ाई लड़ेगा लेकिन इतना तय है कि इसका करारा जवाब चुनाव में वॉलेट के माध्यम से सत्ता सीन भाजपा को मिलेगा।

श्री साहू ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में जिला पंचायत अध्यक्ष पदों के चुनाव के लिए जारी हुई आरक्षण

सूची देख कर बहुत दुख हुआ कि इस बार ओबीसी वर्ग के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं है। पिछले चुनाव में 7 सीटें ओबीसी समुदाय से आने वाले प्रतिनिधियों के लिए आरक्षित थीं। ये पूरे समुदाय के साथ नाइंसाफी है। आरक्षण सिर्फ 16 सीटों पर अनुसूचित जनजातियों को दिया गया है जो 33 सीटों के 50त्न से भी कम है। आरक्षण के साथ इस तरह की छेड़-छाड़ पिछड़े वर्ग से उनका अधिकार छीनने का षड़यंत्र है। सरकार से अपेक्षा है कि उचित भागीदारी निश्चित करे और इन पदों पर कैबिनेट से पारित कर कम से कम पहले के जैसे 75त्न आरक्षण तय करे। भाजपा की सरकार ने पूरे प्रदेश में षडयंत्र पूर्वक ओबीसी के आरक्षण में कटौती किया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण प्रावधानों किए गए दुर्भावना पूर्वक संशोधन के चलते अधिकांश जिला और जनपद पंचायतों में ओबीसी आरक्षण खत्म हो गया है। प्रदेश के 16 जिला पंचायत और 85 जनपदों में जहां पहले 25 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हुआ करती थी, अब अनुसूचित क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म हो गया है। मैदानी क्षेत्रों में अनेकों पंचायतें ऐसी है जहां पर लगभग 90 से 99 प्रतिशत आबादी ओबीसी की है लेकिन वहां पर भी ओबीसी के लिए सरपंच का पद आरक्षित नहीं है। पंचों का आरक्षण भी जनसंख्या के अनुपात में कम है। पूर्व में ओबीसी के लिए आरक्षित ये सभी सीटें अब सामान्य घोषित हो चुकी है। साय सरकार के द्वारा आरक्षण प्रक्रिया के नियमों में किए गए दुर्भावना पूर्वक संशोधन के बाद अनुसूचित जिले और ब्लॉकों में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और पंचों का जो भी पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित था, वह अब सामान्य सीटे घोषित हो गई है। इस सरकार के द्वारा स्थानीय निकाय (त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय) चुनाव में आरक्षण के प्रावधानों में जो षडयंत्र पूर्वक ओबीसी विरोधी परिवर्तन किया है उसके परिणाम सामने हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत, सरपंच और पंचों के आरक्षण में ओबीसी के हक और अधिकारों में बड़ी डकैती इस सरकार ने की है।

समाचार संक्षेप

मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोज कर रहे हैं सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

कुरूद 13 जनवरी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में व उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में नगर पंचायत कुरूद में मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेंद्र राज गुप्ता द्वारा प्रतिदिन प्रातः कालीन नगर भ्रमण कर नगर की साफ सफाई, पेयजल, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। प्रतिदिन हो रहे निरीक्षण के फलस्वरूप निदान 1100 में शिकायतों की संख्या कम हुई एवं निकाय की निदान रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य करने वाली निकाय की स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रो को 7200 रुपए मानदेय के साथ साथ घरों से प्राप्त सूखे कचरे एवं गीले कचरे से खाद बनाकर विक्रय करने से अतिरिक्त आय अर्जित किया जा रहा हैं। जिनसे उनके आय में वृद्धि हुई है।

नगरीय निकायों में नमस्ते योजना का संचालन

कुरूद 13 जनवरी। शहरी कार्य तथा समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मत्रालय द्वारा सयुक्त रूप से देश के नगरीय निकायों में नमस्ते योजना का संचालन किया जा रहा है जिसमें नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के अनुसार छत्तीसगढ़ में राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा सुरक्षित व सम्मानजनक कार्य परिस्थितियों में प्रदान करने सीवर एवं सेप्टक टेंक कर सफाई करने वाले कर्मचारियों को पीपीई किट प्रदान किया जा रहा है। देश के हित में कार्य कर रहे सीवर एवं सेप्टिक टैंक सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा एवं उनके परिजनो का कल्याण सरकार का दायित्व है। सभी सेप्टिक टैंक सफाई कर्मचारियों को अपनी आत्म सुरक्षा के लिए जागरूकता बनाने के लिए सरकार द्वारा पीपीई फिट का वितरण किया जा रहा है। जिसके तहत नगर पंचायत कुरूद के 3 सेप्टिक टेंक सफाई कर्मचारियों को पीपीई किट के साथ गमबूट हेलमेट, ग्लब्स, मास्क और आंखो की सुरक्षा के लिए चश्मा का वितरण मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री महेंद्र राज गुप्ता ने किया। उन्होंने बताया कि नमस्ते योजना का मुख्य उद्देश्य हाथ से मैला ढोने की प्रथा को पूर्णतः समाप्त करना, स्वच्छता कार्यों का यंत्रीकरण करना है जिससे कर्मचारियों में सुरक्षित कार्य का वातावरण निर्मित किया जा सके।

हत्या करने की नीयत से हमला करने वाला युवक गिरफ्तार

राजनांदगांव 13 जनवरी। प्रकरण सदर में प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी अशोक मंडल, प्रार्थी से वर्ष 2023 मे डीजे संचालन पैसो की बात पर वाद विवाद हुआ था डीजे संचालन की पैसो का विवाद का रंजिश बना हुआ था कि दिनांक 11.01.2025 को गठुला नाला के आगे मेन रोड मे प्रार्थी अपने दोस्त का इंतजार कर रहा था कि लगभग 05:30 बजे आरोपी अशोक मंडल अपने मो.सा. सीजी 08 एक्यु 8140 मे बोरी तरफ से आया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से प्रार्थी के दाहिने गले मे अपने पास रखे धारदार वस्तु से वार कर घायल कर दिया जिसे ईलाज हेतु जिला अस्पताल मे भर्ती किया गया कि रिपोर्ट पर धारा 296,109(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए दुरभाष के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियो को सूचना दिया गया। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में चौकी चिखली पुलिस की टीम गठित कर आरोपी की पता साजी हेतु तत्काल ग्राम बोरी रवाना किया गया ।

विधिक जागरूकता शिविर में दी कानून की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 13 जनवरी। माननीय अध्यक्ष महोदया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशानुशार एवं तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्षता में दिनांक 11.01.25 दिन शनिवार को शास कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय में आयोजित पीएम श्री शिविर मे विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर की अध्यक्षता जिला एवम् अपर सत्र न्यायाधीश श्री अनिष दुबे जी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री शैलेश कुमार वशिष्ठ जी के द्वारा किया गया । उनके द्वारा छात्राओं को विस्तारपूर्वक बालको का लैंगिग अपराधो से सरंक्षण अधिनियम पोक्सो कानून के बारे में,मोटरयान दुर्घटना , महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों से, साइबर सुरक्षा की विस्तृत जानकारी, लैगिंग संवेदनशीलता , कानूनी रूप से महिलाओं के लिए विधिक सहायता , घरेलू हिंसा, बाल संप्रेषण गृह तथा पोक्सो से पीड़िता को पीड़ित क्षतिपूर्ति, भरण पोषण अधिनियम धारा 125 आदि अन्य विषयों पर सरल एवं सहज भाषा में जानकारी से अवगत कराया गया। साथ ही छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया ताकि भविष्य में कोई भी छात्रा किसी व्यक्ति पर निर्भर नहीं होना पड़े। मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा बताया गया कि देश की न्यायपालिका सर्वोच्च हैं इसके समक्ष कोई व्यक्ति कितना ही ताकतवर कोई ना हो न्यायलाय के समक्ष उस व्यक्ति को माथा टेकना पड़ता है। महोदय जी द्वारा बताया गया कि न्यायपालिका के नियमों का पालन करे और उलंघन करने वाले को सजा दिलाए । इसके अलावा लोक अदालत और नालसा विधिक सेवा हेल्पलाइन 1930, महिला हेल्पलाइन आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में पैरालीगल वॉलिंटियर अशोक कुमार पाण्डेय एवं पवन कुमार उपस्थित रहे।

रामकृष्ण वार्ड से आशीष कसार की प्रबल दावेदारी

राजनांदगांव 13 जनवरी। सन्निकट नगरीय निकाय चुनाव में वार्ड क्रमांक 45 रामकृष्ण वार्ड से अन्य पिछड़ा वर्ग से भाजपा युवा मोर्चा उत्तर मंडल के उपाध्यक्ष आशीष कसार (आशु) ने प्रबल दावेदारी की है। श्री कसार लंबे समय से वार्डवासियों के सुख-दुख के साथी रहे हैं एवं वार्ड विकास में बराबर भूमिका निभाते रहे हैं। पिछले विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में भी पार्टी प्रत्याशियों को जीताने के लिए अथक मेहनत की है। जिसके लिए पार्टी आला कमान उनकी प्रशंसा कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि श्री कसार लंबे समय से भाजपा से जुड़े हुए हैं। उन्होंने अपने वार्ड विकास को पहली प्राथमिकता दी है। जिसकी जानकारी मतदाताओं को देते हुए आकर्षित कर रहे हैं। उनकी यह तैयारी वार्डवासियों को भा रही है। श्री कसार की तैयारी बहुत पहले से चल रही है। वार्ड की जनता की समस्याओं को हल करने एवं वार्ड के विकास के लिए वह शुरू से गंभीर है और वार्डवासियों के साथ मिल जुलकर प्रयास करते रहे हैं। वैसे भी छोटी-मोटी समस्या लेकर वार्डवासी इनके पास ही आते रहे हैं। वार्ड की बिजली, पानी, सफाई जैसी समस्याओं के निदान की दिशा में इन्होंने प्रशंसनीय कार्य किया है। शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने में भी वे गरीबों जरूरतमंदों की मदद करते रहे हैं। वैसे वार्ड की जनता इस बार आशीष कसार को भाजपा से टिकट मिलने की उम्मीद रखे हुए हैं।

नियमितीकरण में भेदभाव व वसूली पर रोक लगाने की मांग

■ **नियमितकरण का लाभ दिलाने के नाम पर प्रति अनियमित कर्मचारियों से हो रही पंद्रह से बीस हजार की वसूली, मंत्री केदार कश्यप वाले विभाग में दलाल सक्रिय- हारुन मानिकपुरी**

छूरिया 13 जनवरी। छत्तीसगढ़ संविदा कर्मचारी, अनियमित कर्मचारी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, कलेक्टर दर,श्रम आयुक्त दर कर्मचारी एवं बेरोजगारों के अच्छे दिनों के लिए प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री श्री बिष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार रोजगार के नये अवसर प्रदान करने में जुटी हुई है। वहीं दागी मंत्री केदार कश्यप के विभाग से जुड़े कुछ दागी नौकरशाह,और

दलाल, सरकार की मंशा पर पानी फेरने में जुटे हुए हैं। प्रदेश के कई जिला मुख्यालयों में संविदा कर्मचारी, अनियमित कर्मचारी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, कलेक्टर दर कर्मचारी, श्रम आयुक्त दर कर्मचारियों की बैठक लेकर विभाग प्रमुख और मंत्री तक राशि पहुंचाने के नाम पर प्रति अनियमित कर्मचारियों पंद्रह से बीस हजार रुपए की वसूली करने में जुटे हुए हैं। श्रम आयुक्त दर वन कर्मचारी संघ के प्रांत प्रमुख हारुन मानिकपुरी ने छत्तीसगढ़ के यशश्वी मुख्यमंत्री श्री बिष्णुदेव साय जी, विधानसभा अध्यक्ष श्री डॉ रमन सिंह जी, प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी किरण देव जी एवं नेता प्रतिपक्ष श्री चरणदास महंत जी से आव्हान करते हुए कहा है कि इस तरह नियमितकरण कराने के नाम पर हों रही वसूली को रोक कर दोषियों पर उचित कार्रवाई किया जाए। वर्षों से कार्यरत संविदा कर्मचारी, अनियमित कर्मचारी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, कलेक्टर दर एवं श्रम आयुक्त दर कर्मचारियों को शासन की योजना अंतर्गत पार्दर्शिता बरकरार रखते हुए नियमितीकरण की लाभ दिया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर नियमितीकरण में किसी भी तरह से भेदभाव एवं वसूली कर नियमितीकरण किया गया तो अनियमित कर्मचारियों के 21 अलग अलग संगठन एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के किसान, मजदूर संघ के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपुर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

चाणक्य स्मृति दिवस पर व्याख्यान एवं धार्मिक प्रश्नोत्तरी आयोजित

रायपुर 13 जनवरी। प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा एवं कार्यक्रम संयोजक अभिषेक त्रिपाठी ने बताया की चाणक्य स्मृति दिवस पर व्याख्यान एवं समाज को धर्मग्रन्थों की ओर अग्रसर करने, गौरवशाली महान संस्कृति और सनातन धर्म का बोध कराने वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छ.ग. एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छ.ग. द्वारा 11 जनवरी, 2023 शनिवार को वृंदावन हॉल, सिविल लाइन, रायपुर में शाम 4 से 8 बजे तक व्याख्यान व धार्मिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया.

इस कार्यक्रम के सम्मानित अतिथिगण आचार्य डॉ इन्दुभावानंद जी, छत्तीसगढ़ प्रमुख शंकराचार्य आश्रम, रायपुर, डॉ हिमांशु द्विवेदी जी, प्रधान संपादक, आईएनएच, हरिभूमि, रायपुर, श्री प्रमोद दुबे जी, पूर्व महापौर एवं सभापति न.पा.नि. रायपुर, डॉ सुधीर शर्मा जी, व्याख्याता एवं वरिष्ठ साहित्यकार, रायपुर एवं माननीय श्री अजय आर्या जी, व्याख्याता, वैदिक विद्वान एवं लेखक, दुर्ग थे. आदरणीय अतिथियों के द्वारा दीपप्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. अनिता राव ने गणेश

वंदना एवं बबीता मिश्रा ने ओम जय जगदीश आरती प्रस्तुत किया.

अतिथि वक्ता डॉ सुधीर शर्मा ने कहा कि विश्व के कोने-कोने में आज भी ब्राह्मण समाज के लोग प्रगति कर रहे हैं. ब्राह्मण के पास ज्ञान और अभिमान दो ही धन है. हम धन और वैभव में भले ही पिछड़े हो किंतु हमारा स्वाभिमान कभी काम नहीं होता. डॉ हिमांशु द्विवेदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि चाणक्य बनने के लिए तपस्या करनी पड़ती है, त्याग करना पड़ता है. चाणक्य की नीतियों को पढ़कर आज तक कोई व्यक्ति चाणक्य नहीं बना. चाणक्य नीति का अर्थ सकारात्मक भी है और नकारात्मक भी है, किंतु मैं समझता हूं कि ब्राह्मण का स्वरूप कैसा होना चाहिए यह आचार्य चाणक्य के जीवन में दिखाई देता है. जब नंद वंश के राजा उनका अपमान करते हैं तो वह उसके खिलाफ खड़े होकर के नंद वंश को समाप्त करने की चुनौती स्वीकार कर लेते हैं. चाणक्य ने आजीवन अपने लिए कुछ नहीं मांगा यह राष्ट्र की अखंडता के लिए प्रयत्न करते रहे. यह शुचिता यह त्याग ही किसी को चाणक्य बनाता है.

डॉ. अजय आर्य ने अपने विचार रखते हुए कहा- संसार में तीन तरह के शत्रु हैं आज्ञा, अन्याय और अभाव. जो ज्ञान से लड़ता है वह ब्राह्मण. जो अन्याय से लड़ता है वह क्षत्रिय और जो अभाव को समाप्त करने का संकल्प लेता है वह वैश्य बनता है. आज हमें चिंतन करना होगा कि हम में से कितने लोग अपने कर्म और कर्तव्य का सही ढंग से पालन कर रहे हैं.

कार्यक्रम के अध्यक्ष आचार्य डॉक्टर इंदु भावानंद ने कहा कि शरीर में जो स्थान मस्तिष्क का है वही समझ में ब्राह्मणों का है. आज आचार्य चाणक्य को स्मरण करते हुए हम सभी को ब्राह्मणों के गर्व और प्रतिष्ठा को स्थापित करने का संकल्प लेना चाहिए. ब्राह्मण अपनी ज्ञान कर्म तब तपस्या के कारण श्रेष्ठ है. प्रमोद दुबे ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन ने कहा - मैं यहां वक्ता बनकर के नहीं श्रोता बनकर आया हूं. ब्राह्मणों को अपनी खोई प्रतिष्ठा को प्राप्त करने के लिए लंबा संघर्ष और साधना करनी पड़ेगी.

कार्यक्रम के संचालक अजय अवस्थी ने आचार्य चाणक्य के जीवन पर प्रकाश डाला. तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संगठन द्वारा वर्ष भर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के विषय में बताया. संगठन के पदाधिकारियों ने अतिथियों का सम्मान साल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया एवं धार्मिक प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मंच संचालन महासचिव अजय अवस्थी व महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने मंच संचालन न किया एवं आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणानिधि मिश्रा ने किया.कार्यक्रम में विशेष रूप से राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, महासचिव सुनील ओझा, संभागीय अध्यक्ष नितिन कुमार झा, बबीता मिश्रा, सुरभि शर्मा, विद्या भट्ट, प्रीति मिश्रा, सुनीता शर्मा, सुलभा पाण्डेय, वीणा ठाकुर, वसुधा राकेश तिवारी, अभिलाषा रमाकांत दुबे, रजनी भानु प्रकाश पाण्डेय, मृणालिका राजेन्द्र ओझा, राघवेंद्र पाठक, सतीश शर्मा, उमेश शर्मा, कल्पना मिश्रा, अर्चना तिवारी, राधा तिवारी, सुमन पाण्डेय, गीतिका झा, पल्लवी नरहरि होता, पूर्व सरयूपारिण अध्यक्ष दशरथ शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण सतीश शर्मा, अध्यक्ष विप्र वाहिनी दिनेश शुक्ल, राजू महराज, कान्यकुब्ज सभा से नीता अवस्थी, प्रीति मिश्रा, अखण्ड ब्राह्मण से ईश्वर शर्मा, आदि उपस्थित थे।

नाबालिग लड़की को भगा कर ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 13 जनवरी। प्रार्थी पुलिस चौकी मोहारा में उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनकी नाबालिक बहन दिनांक 6.1.2024 को मोबाइल बनाने डोंगरगढ़ जा रही हूं करके गई है जो वापस घर नहीं आने पर आसपास व रिश्तेदारों में पता नहीं चलने पर दिनांक 08.01 .2024 को पुलिस चौकी मोहारा अप0क्र0- 08/2025 धारा- 137(2)बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के गंभीरता को देखते पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा ,मोहारा प्रभारी निरीक्षक ढाल सिंह साहू के नेतृत्व में अपहता को दिनांक 09.01.2025 को जबलपुर से बरामद किया गया। अपहृता की महिला पुलिस अधिकारी से कथन करने पर आरोपी सागर मानिकपुरी उर्फ स्वरूपदास पिता भगवती मानिकपुरी उम्र 21 वर्ष

निवासी सनडोंगरी थाना कबीर नगर जिला रायपुर के द्वारा शादी का प्रलोभन देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाना बताने से मामले में धारा 87,64(2)(ड) बीएनएस 4,6 पोक्सो एक्ट जोड़ गया। आरोपी का पता तलाश कर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, निरीक्षक ढालसिंह साहू चौकी प्रभारी मोहारा, सहायक उप निरीक्षक महेंद्र यादव,प्रधान आरक्षक 214 महादेव साहू , आरक्षक ऋषि मानिकपुरी आरक्षक मनी ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

संपादकीय

पार्षदों के लिए पांच महीने का वेतन देना जरूरी

पार्टी चलाने के लिए नेता जरूरी है,संगठन जरूरी है तो पैसा भी जरूरी है। इसलिए देश में जितने भी राजनीतिक दल हैं, कई तरह से पैसों का जुगाड़ करते रहते हैं। पैसों का जुगाड़ राजनीतिक दल सदस्यों से करते हैं, साल में एक बार सदस्यों से कहा जाता है कि वह पार्टी को मजबूत करने के लिए पार्टी को पैसा दें। जब चुनाव होना होता है तो राजनीतिक दलों के लिए पार्टी के नेताओं से पैसा लेना आसान हो जाता है। देश में तीन ही तो चुनाव होते हैं। एक सांसद चुनाव, दूसरा विधायक चुनाव, तीसरा पार्षद चुनाव। कई राजनीतिक दल तो जो भी सांसद,विधायक या पार्षद का चुनाव लड़ना चाहता है और पार्टी को आवेदन करना चाहता है यानी दावेदारी करना चाहता है तो उससे कहते हैं कि पार्टी फंड में पैसा दो। कई राजनीतिक दलों ने तो इसके लिए समिति बनाकर नियम बना दिए हैं कि सांसद,विधायक व पार्षद पद के दावेदारी करना है तो इतना पैसा देना जरूरी है क्योंकि यह पैसा चाहिए पार्टी की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए। पार्टी की आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी तो ही पार्टी मजबूत रहेगी। पार्टी मजबूत रहेगी तो ज्यादा समय तक अस्तित्व में रहेगी और पार्टी के नेताओं को चुनाव लड़ने व प्रदेश व देश की सेवा करने का मौका मिलता रहेगा।छत्तीसगढ़ में अभी नगरीय निकाय चुनाव होने हैं। इसके लिए जो पार्षद हैं, उनसे कांग्रेस संगठन की तरफ से कहा गया है कि जो भी पार्षद है और वह फिर से चुनाव लड़ने के लिए आवेदन करते हैं तो उनसे पांच महीने का वेतन अनिवार्य रूप से लेने का कहा गया है। कहा गया है कि पार्षद पूरे पांच साल पार्षद रहा है। इस दौरान उसे वेतन मिलता है तो उसके लिए हर साल एक माह का वेतन देना कोई बड़ी बात नहीं है। यानी पार्षद पर इससे कोई आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा क्योंकि पांच माह का वेतन देना है और उसे 60 माह का वेतन मिलता है यानी कि 55 माह को वेतन पार्षद को मिलता है तो वह आसानी से पांच माह का वेतन पार्टी की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए दे सकता है। यह पार्टी के पैसा जुटाने का ऐसा तरीका है जो हर पार्टी करती है। क्योंकि जिसको चुनाव लड़ना है तो उसको तो देना ही पड़ेगा। छत्तीसगढ़ में पांच माह का पार्षद का वेतन 55000 बताया जाता है।एक महीने का पांच हजार। पार्षद को पूरे पांच साल का यानी तीन लाख रुपए मिलता है उसे इसमें से पचपन हजार पार्टी को देना है, फिर से पार्षद का चुनाव लड़ने के लिए आवेदन देना है तो। कांग्रेस की विज्ञप्ति में बताया गया है कि ऐसी सिफारिश मनमोहन समिति ने की है। विज्ञप्ति में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि पचपन हजार देने पर फिर से पार्षद चुनाव लड़ने वाले को टिकट पक्की मिलेगी या नहीं। यह भी नहीं बताया गया है कि जो पहली बार पार्षद के लिए कांग्रेस में आवेदन करता है, उससे कितना पैसा लिया जाएगा। पार्षदों से पचपन हजार लिया जा रहा है तो अनुमान लगाया जा सकता है कि बाकी लोगों से भी कुछ न कुछ तो पैसा लिया ही जाएगा। पार्टी की सरकार पिछली बार थी तो कांग्रेस के बहुत सारे पार्षद जीते थे, बहुत सारे निकायों में कांग्रेस की सत्ता रही। इससे साफ है कि बहुत सारे पार्षद फिर चुनाव लड़ने के लिए आवेदन तो करेंगे ही और उनको पार्टी के नियम के अनुसार पैसा तो देना ही पड़ेगा। इससे पार्टी फंड के लिए अच्छी खासी राशि मिल सकती है। यह स्वैच्छिक नहीं अनिवार्य है, क्योंकि स्वेच्छा से लोग पार्टी को पैसा नहीं देते हैं। इसलिए पार्टी भी मौका देखकर पार्टी के लोगों को मजबूर करके पैसा वसूल लेती है। सिर्फ कांग्रेस ही नहीं कई पार्टियां हैं,सब पहले तो पार्टी के लोगों से पैसा वसूलती हैं। सबका रेट तय है कि पार्षद का टिकट चाहिए तो इतना पैसा देना पड़ेगा, इसी तरह विधायक व सांसद के टिकट के लिए भी पैसा लिया जाता है। आम भाषा में इसे पार्टी की तरफ से टिकट बेचना कहा जाता है यानी जिसको टिकट चाहिए वह पैसा देकर ले ले। कई राजनीतिक दलों में पैसा ही योग्यता है, यानी आपके पास पैसा है तो आपको किसी न किसी पार्टी का टिकट मिल सकता है। कोई पार्षद, विधायक या सांसद बन जाता है तो उसे पांच साल पैसा मिलता है। इसके अलावा उसके वार्ड,विधानसभा क्षेत्र, संसदीय क्षेत्र में जो काम ठेके पर कराए जाते हैं, उसमें कमीशन भी मिल जाता है यानी पद पर रहने से बहुत पैसा वापस आ जाता है। पद पर रहते हुए बहुत से लोग बहुत पैसा कमा लेते हैं। यह बात पार्टी जानती है, इसलिए वह भी चुनाव के मौके पर कमाने वालों से पद के हिसाब से पैसा वसूल लेती है। अगर पार्टी को निकाय,राज्य या केंद्र में सरकार बन गई तो पांचों उंगलियां घी में और सर क़ड़ाही में रहता है। फिर तो सरकारी स्तर पर भ्रष्टाचार शान से किया जाता है क्योंकि सरकार को भ्रष्टाचार करने से पांच साल कौन रोक सकता है। किसी सरकार के भ्रष्टाचार की पोल पांच साल के भीतर खुल जाती है। पता चलता है कि उसने पार्टी चलाने व चुनाव लड़ने के लिए शराब घोटाला किया है यानी शराब का ठेका देने के लिए शराब ठेकेदारों से पैसा लिया है। कई राज्यों में ऐसा होता है। किसी राज्य में किसी राज्य से शराब सिंडीकेट को बुलाया जाता है, शराब ठेका देने के लिए तो किसी राज्य में कांग्रेस समर्थकों व अधिकारियों का सिंडीकेट बनाकर दो हजार करोड़ का घोटाला किया जाता है। जब तक सत्ता रहती है तो पार्टी को पैसों की कमी नहीं होती है, सरकार के लिए राज्य किसी एटीएम से कम नहीं होता है। हर विभाग में छोटा बड़ा घोटाला कर पैसे पार्टी को भेजे जाते हैं। सरकार के जाने के बाद पता चलता है कि सत्ता में रहते हुए किसी पार्टी की सरकार न कितना घोटाला किया है। पार्टी के लिए पैसों का जुगाड़ जायज व नाजायज दोनों तरीके से किया जाता है। जायज तरीके से इसलिए भी किया जाता है कि ताकि नाजायज तरीके से किए गए जुगाड़ के पैसों को बताया जा सके कि यह पार्टी ने सदस्यों से वसूला है, यह पार्टी को चंदा में मिला है। राजनीतिक दल सबसे ज्यादा गड़बड़ी चंदा वसूली में करते हैं। जब तक इलेक्टोरल बांड था तो उसका कोई हिसाब भी मिलता था कि किस किस से राजनीतिक दलों को कितन चंदा मिला है। चुनाव में कालेधन का उपयोग इलेक्टोलर बांड के चलते कम हो गया था जबसे इलेक्टोरल बांड समाप्त हो गया है तो चुनाव में फिर काले धन का उपयोग करने का रास्ता खुल गया है। यानी कालेधन से ही चंदा दिया जाएगा और कालेधन से ही चुनाव पहले की तरह लड़ा जाएगा। राजनीतिक दल चलाना है तो उसके लिए कई जायज व नाजायज तरीकों का उपयोग किया जाता है, ज्यादातर राजनीतिक दलों को इसमें आपत्ति नहीं होती है।

मकर संक्रांति

सुनील कुमार महला

धार्मिक ही नहीं वैज्ञानिक महत्व भी है मकर संक्रांति का

14 जनवरी को स्नान और दान का पर्व मकर संक्रांति है। वास्तव में, यह शीत ऋतु की समाप्ति और नई फसल ऋतु के आरंभ का प्रतीक तथा भारतीय संस्कृति का प्रमुख त्योहार है, जो पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। कहना गलत नहीं होगा कि यह पुण्य अर्जित करने और पापों से मुक्ति का पावन पर्व है।ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, भगवान सूर्य के एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करने या गोचर करने को ही संक्रांति कहा जाता है। पूरे साल में सूर्य देव 12 राशियों में गोचर(प्रवेश)करते हैं।एक राशि में सूर्य देव 30 दिनों तक रहते हैं और इस प्रकार से एक साल में 12 संक्रांतियां पड़ती हैं, लेकिन इन सभी संक्रांति में मकर संक्रांति और मीन संक्रांति को सबसे अहम् और महत्वपूर्ण माना जाता है।मकर संक्रांति के दिन तिल, गुड़, चावल और वस्त्रों का दान करना विशेष फलदायी व पुण्य का काम माना गया है। मकर संक्रांति पर खाया जाने वाला प्रसाद व खाद्य सामग्री जैसे तिल,गुड़, खिचड़ी,दही आदि न सिर्फ आरोग्यवर्धक होते हैं बल्कि हमारे शरीर को इम्यूनिटी भी प्रदान करते हैं। सूर्य की रौशनी जहां हमें एनर्जी, स्फूर्ति प्रदान करती है वहीं दूसरी ओर पतंगबाजी के उत्साहपूर्ण माहौल में हमारे शरीर में इस स्फूर्ति और उल्लास का संचार होता है।कुछ लोग इस दिन गंगा नदी या अन्य पवित्र नदियों में स्नान करते हैं और पूजा भी करते हैं।यह दिन विशेष रूप से पुण्य अर्जित करने और आत्मशुद्धि के लिए पवित्र और पावन माना जाता है। इस त्योहार की खास बात यह है कि यह प्रत्येक वर्ष अमूमन 14 जनवरी को ही मनाया जाता है। हालांकि, यह भी एक तथ्य है कि कभी-कभी यह त्योहार एक दिन पहले या बाद में यानी 13 या 15 जनवरी को भी मनाया जाता है, लेकिन ऐसा बहुत ही कम होता है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल भी मकर संक्रांति 15 जनवरी को मनाई गई थी।दरअसल, मकर संक्रांति का संबंध सीधा पृथ्वी के भूगोल और सूर्य की स्थिति से है और जब सूर्य मकर रेखा पर आता है, वह दिन 14 जनवरी का ही होता है। इस दिन सूर्य उत्तरायन होकर मकर रेखा से गुजरता है। वास्तव में,सूर्य देवता जब एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करते हैं तो उस दिन को 'संक्रांति' के रूप में मनाया जाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो ,जब सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में गोचर यानी प्रवेश करते हैं, तब मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है।सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करते ही खरमास भी खत्म हो जाता है, इसलिए इस दिन को बहुत ही शुभ व अच्छा माना जाता है। विदित हो कि मकर संक्रांति से शादी-विवाह या अन्य मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं। पाठकों को जानकारी देता चलूं कि मकर संक्रांति सूर्य, पृथ्वी और ऋतुओं के बीच के संबंध को दशार्ने वाला पर्व है, जिसका न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्व है, बल्कि इसका वैज्ञानिक महत्व भी है। इस दिन सूर्य भगवान दक्षिणायन से उत्तरायण होते हैं और सूर्य के उत्तरी गौलार्ध की ओर झुकने के कारण दिन बड़े और रातें छोटी होने लगती हैं, तापमान में बढ़ोत्तरी होने लगती है। दूसरे शब्दों में,मकर संक्रांति से शीत ऋतु का अंत होने लगता है और वसंत ऋतु की शुरूआत हो जाती है। यह समय कृषि व किसानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस दिन से फसल कटाई(तिलहन,दलहन) का मौसम शुरू हो जाता है। मकर संक्रांति से सूर्य के उत्तरायण होने से मनुष्य को स्वास्थ्य लाभ भी होते हैं, क्यों कि सूर्य से हमें भरपूर मात्रा में विटामिन डी मिलता है, शायद यही कारण भी है कि मकर संक्राति पर भगवान सूर्य देव की विशेष पूजा भी की जाती है।भारत में मकर संक्रांति को अलग-अलग नामों से जाना जाता हैं। मसलन,आंध्रप्रदेश, केरल और कर्नाटक में इसे संक्रांति, तमिलनाडु में इसे पोंगल, पंजाब और हरियाणा में इस समय चूंकि नई फसल का स्वागत किया जाता है, इसलिए इसे लोहड़ी या माघी पर्व के रूप में मनाया जाता है। वहीं असम में माघ बिहू के रूप में इस पर्व को अत्यंत हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है।

उल्लेखनीय है कि मकर संक्रांति को खिचड़ी और उत्तरायण के नाम से भी जाना जाता है। पाठकों को बताता चलूं कि उत्तर प्रदेश और बिहार में इसे मकर संक्रांति और खिचड़ी, गुजरात में इसे उत्तरायण, केरल में इसे मकर विलक्कू तथा कर्नाटक में इसे ह्यएलु बिरोधुह्ल के रूप में मनाया जाता है। मकर संक्रांति के मनाने के पीछे एक कथा है। हमारे सनातन शास्त्रों में यह निहित है कि भगवान शनिदेव के वर्ण यानी रूप को देख सूर्य देव ने उन्हें अपनाने से मना कर दिया था। उस समय माता छाया(भगवान सूर्य की धर्मपत्नी) ने सूर्यदेव को कुष्ठ रोग से पीड़ित होने का श्राप दिया। यह सुनकर सूर्य देव क्रोधित हो उठे। इसके बाद सूर्य देव ने शनिदेव और माता छाया के ठहरने वाले स्थान को भस्म कर दिया। कालांतर में यम देव ने सूर्य देव के क्रोध का शमन किया। साथ ही सूर्य देव को माता छाया के लिए अपने क्रोध को स्नेह में बदलने का अनुरोध किया। तब सूर्य देव ने माता छाया को क्षमा किया। इसके बाद सूर्य देव अपने पुत्र शनिदेव से मिलने पहुंचे। कहते हैं कि सूर्य देव के मकर राशि में गोचर या प्रवेश करने की तिथि पर ही दोनों की आपस में भेंट हुई थी। उस समय घर पर कुछ और नहीं होने पर शनिदेव ने अपने पिता सूर्य देव को तिल अर्पित किए थे। यही कारण है कि मकर संक्रांति के दिन भगवान सूर्य को तिल अर्पित किए जाते हैं अथवा तिलों का भोग लगाया जाता है। कहते हैं यह मकर संक्रांति का ही दिन था जब पिता-पुत्र (सूर्य देव और शनिदेव) के संबंध मधुर हुए थे। मकर संक्रांति के दिन पतंगबाजी भी की जाती है, इसके पीछे भी धार्मिक कारण निहित हैं। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाने की परंपरा भगवान राम से जुड़ी हुई है। कहा जाता है कि भगवान राम ने मकर संक्रांति के दिन पतंग उड़ाई थी और वह इंद्रलोक मैं चली गयी थी? तब से आज तक इस दिन पतंगबाजी जरूर करते हैं। एक अन्य प्रचलित कथा के अनुसार, इच्छा मृत्यु वरदान प्राप्त भीष्म पितामह ने भी इसी दिन यानी अपने प्राण त्यागे थे। इस संबंध में पाठकों को बताता चलूं कि भगवान श्री कृष्ण ने इस दिन की महिमा बताते हुए गीता में कहा है कि उत्तरायण के 6 मास के शुभ काल में, जब सूर्य देव उत्तरायण होते हैं और पृथ्वी प्रकाशमय रहती है, तो इस प्रकाश में शरीर का परित्याग करने से व्यक्ति का पुनर्जन्म नहीं होता है। हमारे बुजुर्ग बताते हैं कि इस दिन प्राण त्यागने वाले लोगों को सीधे स्वर्ग की प्राप्ति होती है। एक अन्य पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन ही मां गंगा धरती पर अवतरित हुई थीं और राजा भगीरथ के साथ कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई गंगासागर तक पहुंची थीं। तभी से यह मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन धरती पर अवतरित मां गंगा के पावन जल से स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है और सभी पापों का नाश होता है। यह वही दिन है जब भगवान विष्णु ने पृथ्वी लोक पर असुरों का संहार कर उनके सिरों को काटकर मंदरा पर्वत पर गाड़ दिया था। तभी से भगवान विष्णु की असुरों पर विजय को मकर संक्रांति पर्व के तौर पर मनाया जाता है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि इस दिन भगवान विष्णु का भी विशेष पूजन-अर्चन किया जाता है। अंत में, आप सभी को भारतीय सनातन संस्कृति के इस पावन पर्व की मंगलकामनाएं, शुभकामनाएं। जय-जय।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों की पूर्ति के लिए रहेगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपको वाहनों के प्रयोग में सावधान रहने की आवश्यकता है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। कार्यक्षेत्र में आप किसी जिम्मेदारी से पीछे न हटें, नहीं तो आपका कोई काम बिगड़ सकता है। दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति पर आप अच्छा खासा धन व्यय करेंगे।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध ना करें, नहीं तो आपको पारिवारिक समस्याएं बढ़ेंगी। संतान के मन में चल रही उलझनों को आपको बातचीत के जरिए दूर करने की कोशिश करनी होगी। राजनीति में आप बहुत ही सोच समझकर कदम बढ़ाएं, क्योंकि वहां आपके काफी विरोधी रहेंगे। आप अपने कामों को लेकर सूझबूझ दिखाकर निपटाने की कोशिश करें। कोई रुका हुआ काम आपके लिए समस्या बन सकता है।

मिथुन- आज का दिन विद्यार्थियों के लिए अच्छा रहने वाला है। वह पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देंगे। माताजी को भी आज किसी धार्मिक आयोजन में लेकर जा सकते हैं। आपकी कोई मन की इच्छा की पूर्ति होने से परिवार के सदस्य भी प्रसन्न रहेंगे। स्थायित्व की भावना आपके मन में बनी रहेगी। नौकरी में कार्यरत लोगों को किसी दूसरे नौकरी का अच्छा ऑफर आने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका मन इधर-उधर के कामों में ज्यादा लगेगा, जिससे कुछ समस्याएं बढ़ेंगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। आपको किसी प्रॉपर्टी संबंधित मामले में जीत मिलेगी। कोई कानूनी मामला यदि आपके लिए समस्या बना हुआ था, तो उसमें भी आपको राहत मिलेगी। आप अपनी सेहत पर पूरा ध्यान दें। आपको किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा करने से बचना होगा और कार्य क्षेत्र में आपके साथ कोई धोखा हो सकता है, इसलिए आप किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें। किसी को धन उधार देने से बचें।

सिंह- आज का दिन आपके लिए किसी मन की इच्छा की पूर्ति के लिए रहेगा। आप अपने आवश्यक कामों को लेकर योजना बनाकर चलेंगे, तो बेहतर रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने कामों में व्यस्त रहने के कारण भी अपने साथी के लिए समय निकालने की पूरी कोशिश करेंगे। आपको किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर कहनी होंगी। आपके वरिष्ठ सदस्य आपके कामों को लेकर सलाह देंगे, जिससे आपका मनोबल और बढेगा और रुके हुए काम पूरे होंगे।

कन्या- आज आप यदि अपने कामों को लेकर परेशान चल रहे थे, तो उन्हे पूरा करने में आपके सहयोगी पूरा साथ देंगे। किसी काम को लेकर आप जल्दबाजी न दिखाएं। नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन के साथ-साथ वेतन में भी वृद्धि होगी, जिससे उन्हें खुशियां मिलेगी। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं से आपको अच्छा धन मिलेगा, जो आपको खुशी देगा। आप अपनी संतान को किसी नए कोर्स में दाखिला दिला सकते हैं।

तुला- आज का दिन आपके लिए मध्यम रुप से फलदायक रहने वाला है। आप भविष्य को लेकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करेंगे। बिजनेस में आपको अच्छा पर मिलने से मुनाफा मिलने से खुशी होगी। यदि किसी संपत्ति को लेकर कोई वाद विवाद चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपका सामाजिक दायरा भी बढेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई में जुटना होगा, तभी वह सफलता हासिल कर सकेंगे।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपके परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गयी थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप किसी स्कॉलरशिप से संबंधित एग्जाम की तैयारी कर सकते हैं। आपको दोस्तों के साथ बैठकर खाली समय व्यतीत करने से अच्छा है कि आप अपने कामों पर ध्यान लगाएं। आप किसी से किए हुए वादे को भी पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे।

धनु- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आपका लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होगा। किसी नए घर को खरीदने का सपना पूरा होगा। बच्चों को आप कहीं मॉल, पार्क आदि लेकर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। भाई व बहनों का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। जीवनसाथी की आपसे कहासुनी हो सकती है। यदि आपको कोई पारिवारिक समस्या चल रही थी, तो उसके लिए आपको बड़े सदस्यों से बातचीत करनी होगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

मकर- आज के दिन आपको किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचने के लिए रहेगा। बिजनेस में आप किसी की कहीसुनी बातों में ना आएं। काम को लेकर आपके ऊपर दबाव अधिक रहेगा। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। माताजी से यदि आपने कोई वादा किया है, तो आपको उसे पूरा करना होगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से परिवार के सभी सदस्य व्यस्त रहेंगे।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती लेकर आएगा। आपको अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखना बेहतर रहेगा। आपको वरिष्ठ सदस्यों से काम को लेकर सलाह लेनी पड़ सकती है। आपको आंख व कान खोलकर कार्यक्षेत्र में काम करना होगा, नहीं तो विरोधी आपके कामों को बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं। आपको अपने घरेलू कामों में पूरा सहयोग मिलेगा। भाइयों से यदि किसी बात को लेकर खटपट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है।

मीन- मीन राशि के जातकों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। दान-धर्म के कार्यो में आपकी काफी रुचि रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम मिल सकता है। अविवाहित जातकों के जीवन में उत्तम विवाह के प्रस्ताव आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में यदि आपको कोई जिम्मेदारी सौंपी जाए, तो आप उससे बिल्कुल पीछे न हटें। परिवार में किसी सदस्य की सेहत में उतार-चढ़ाव रहने के कारण आपको मेहनत अधिक करनी होगी। यदि आपको काम को लेकर कुछ समस्या चल रही थी, तब वह भी दूर होंगी।

सुख, समृद्धि और वीरता का प्रतीक है लोहड़ी का त्योहार

(डॉ. संदीप सबलोक-विभूति फीचर्स)

पंजाबी संस्कृति में लोहड़ी का त्यौहार बहुत महत्व रखता है। यह त्यौहार रबी की फसल की कटाई और सर्दियों के दिनों के अंत का प्रतीक है। लोहड़ी के दिन सूर्य देव और अग्निदेव की पूजा की जाती है। इसके अलावा अच्छी फसल की कामना के लिए लोहड़ी की पूजा की जाती है। लोहड़ी किसानों की मेहनत, एकता और खुशहाली का भी प्रतीक है। इसे पंजाब समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में बेहद धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन अच्छी फसल के लिए ईश्वर का आभार व्यक्त करने के लिए लोहड़ी की आग में मूंगफली, गुड़ की मिठाई जैसे गजक और रेवड़ी, तिल और पॉपकॉर्न सहित कई तरह की सामग्री चढ़ाई जाती हैं जिन्हें ₹चरखा चढ़ाना₹ कहा जाता है। लोहड़ी की अग्नि को बुरी नजर से बचाने का प्रतीक भी माना जाता है। लोग अग्नि के चारों ओर परिक्रमा लगाते हैं और अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं। लोहड़ी के दिन लोग एक दूसरे की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।पंजाबी संस्कृति के जिन परिवारों में नई बहू या नवजात शिशु की पहली लोहड़ी होती है उन परिवारों में विशेष धूमधाम से यह त्यौहार मनाया जाता है। जिसमें नाते रिश्तेदार बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं और नई बहू या नवजात शिशु को सुखी और लंबे जीवन के लिए भेंट के साथ अपनी शुभकामनाएं और आशीर्वाद देते हैं। लोहड़ी की लोककथा मुगल सम्राट अकबर के शासनकाल के दौरान एक जमींदार दुल्ला भट्टी की वीरता की कहानी से जुड़ी हुई है। इस काल में मध्य-पूर्व के गुलाम बाजार में बेची जाने वाली पंजाब की लड़कियों को बचाने में दुल्ला भट्टी की बहादुरी को कई लोहड़ी गीतों में याद किया जाता है और लोहड़ी को दुल्ला भट्टी की कहानी से जोड़ा जाता है। दुल्ला भट्टी मुगलों के समय में एक बहादुर योद्धा था और जिसने मुगलों के बढ़ते जुल्म के खिलाफ कदम उठाया। उसे 'पंजाब के नायक' की उपाधि से सम्मानित किया गया था। उस समय संदल बार नामक जगह पर लड़कियों को गुलामी के लिए अमीरों को बेचा जाता था। इस दौरान गांव के ब्राह्मण परिवार की दो लड़कियों सुंदरी तथा मुंदरी की सगाई कहीं और तय हुई थी लेकिन मुगल शासक के डर से उनके भावी ससुराल वाले इस शादी के लिए तैयार नहीं थे। तब दुल्ला भट्टी ने एक योजना के तहत लड़कियों को न केवल मुगलों के भय से मुक्त करवाया बल्कि ब्राह्मण की मदद कर मुसीबत की इस घडी में लड़के वालों को मनाकर एक जंगल में आग जलाकर सुंदरी और मुंदरी की शादी हिन्दू लड़कों से करवाई और खुद ही उन दोनों का कन्यादान भी किया और शगुन स्वरूप उनको शकर दी थी। उनकी शादी की सभी व्यवस्थाएं दूल्ले ने करवाईं। तब से लोकनायक दुल्ला भट्टी की वीरता से जुड़ी यह कहानी पंजाब के लोग अपने लोकप्रिय पर्व लोहड़ी के जलते अलाव के साथ-साथ बयां करने से नहीं भूलते हैं। लोहड़ी के सभी गीत दुल्ला भट्टी से ही जुड़े हुए हैं तथा यह कहा जा सकता हैं कि लोहड़ी के गीतों के केंद्र बिंदु दुल्ला भट्टी ही है। लोहड़ी का यह पर्व उत्तर भारत, खासतौर पर पंजाब में बड़े ही धूमधाम से मनाए जाने की परंपरा है तथा यह परंपरा आज भी पंजाबी संस्कृति के लोगों में लोकप्रिय है। पंजाबी संस्कृति के लोग इस त्यौहार को अपने परिवार के साथ घरों के बाहर तथा सामूहिक रूप से इकट्ठे होकर भी लकड़ियां जलाकर मानते हैं।

धर्म

मकर संक्रांति और सूर्य उपासना

अंजनी सक्सेना-विनायक फीचर्स

मानव-जीवन में सूर्य के महत्व से सब परिचित हैं। इस संसार का सम्पूर्ण भौतिक विकास ही सूर्य पर निर्भर है। संभवतः इसीलिए विभिन्न भारतीय धर्मग्रंथों में सूर्य की स्तुति एवं महत्ता का वर्णन किया गया है। श्रीमद्भागवत के अनुसार सूर्य द्वारा दिशा, आकाश, भूलोक, स्वर्ग और मोक्ष के प्रदेश, नरक एवं रसातल का विभाजन होता है। हिन्दू-धर्म में ही नहीं, अपितु अन्य धर्मों में भी सूर्य की बड़ी महिमा है। पारसियों की मान्यता है कि सूर्य देवता आरोग्य के दाता हैं तथा उनके प्रकोप से कुष्ठ आदि रोग होते हैं। भारतीय ग्रंथों में सूर्य को आरोग्य-दाता कहा जाता है। संक्रमण रोगों का प्रकोप ऐसे स्थानों पर होता है, जहां सूर्य की रश्मियां नहीं पहुंच पाती।सूर्य की रश्मियां पृथ्वी पर स्थित रोग-जनक कृमियों को नष्ट कर प्राणियों एवं वनस्पतियों को शक्ति प्रदान करती हैं। भारत में सूर्य - उपासना वैदिक काल से ही प्रचलित है। सूर्य-उपासक भगवान सूर्य को इस पृथ्वी का जनक, पालक और विनाशक मानते हैं। उनकी मान्यता है कि यदि सूर्य नहीं होता, तो न यह पृथ्वी होती और न ही जीवन होता। यह मान्यता विज्ञान के सिद्धांतों के भी बहुत निकट है। सूर्य-उपासक, सूर्य को आरोग्य-दाता मानते हैं। उनके अनुसार रक्त का पीलापन, पतलापन, उसमें लोहे की कमी, नसों एवं स्नायु की दुर्बलता,आंखों की कमजोरी, आधासीसी, कुष्ठ रोग, चर्मरोग आदि दुसाध्य रोग सूर्य की उपासना से ठीक हो जाते हैं। प्रातः कालीन धूप के सेवन से क्षयरोग को दूर करने में सहायता मिलती है। इसी प्रकार जल-चिकित्सा पद्धति में विभिन्न रंगों की बोतलों में पानी भर कर, उन्हें सूर्य की रोशनी एव धूप में रखा जाता है और उन बोतलों का पानी रोगियों को पिलाया जाता है। सूर्य की उपासना से कुष्ठ-रोग दूर होने की कई धार्मिक कथाएं प्रचलित हैं। भगवान कृष्ण के पुत्र साम्ब को जब कुष्ठ रोग हुआ था, तो उसने भगवान सूर्य की उपासना की थी, जिससे उसका यह असाध्य रोग दूर हो गया था। उड़ीसा में कोणार्क का सूर्य मंदिर आज जिस स्थान पर बना हुआ है, कहा जाता है, वहीं साम्ब ने तपस्या की थी। मान्यता है कि अयोध्या के निकट सूर्य-कुण्ड जलाशय में स्नान करने से चर्म रोग दूर हो जाते हैं। गोवर्धन परिक्रमा के मार्ग में पड़ने वाले सुरभि कुण्ड में स्नान करने से भी कुष्ठ रोग दूर हो जाता है। नेत्र रोगों को दूर करने के लिए चक्षुषी विद्या, अक्षि-उपनिषद विद्या के माध्यम से सूर्य-उपासना करने का धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख मिलता है। धारणा तो यहां तक है कि कांसे के पत्रे पर बने बत्तीसा-यंत्र के सामने चक्षोपनिषद का पाठ करते हुए, सूर्य-उपासना करने से न केवल नेत्र ज्योति बढ़ती है, अपितु मोतियाबिंद तक कट जाता है। सूर्य-स्नान एवं सूर्य नमस्कार के चमत्कारों से तो सभी परिचित हैं। यूरोपीय देशों में सूर्य-स्नान काफी लोकप्रिय है, जबकि सूर्य नमस्कार के रूप में किये जाने वाले व्यायाम से शरीर स्वस्थ, बलिष्ठ, निरोगी एवं दीर्घजीवी होता है। सूर्य इस संसार के जीवन-दाता, पालक और आरोग्य-दाता है। इसीलिए भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है ' ज्योतिषां रविरंशुमान।'

इस तरह भारत में सूर्य आदिकाल से ही जन-आस्था, श्रद्धा, आराधना एवं उपासना का केंद्र रहा है। भारत के विभिन्न भागों में बने भव्य सूर्य मंदिर इस तथ्य को उजागर करते हैं कि हर युग में भारत में सूर्य की आराधना एवं उपासना प्रचलित रही है।

खगोल शास्त्रियों ने जब सूर्य की गति का पता लगाया, तो सूर्य - उपासना की एक नई पद्धति प्रचलित हुई। सूर्य जब नभमंडल में एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करता है, तब उसे संक्रांति कहा जाता है। इस तरह हर वर्ष बारह संक्रांतियां होती है, पर इनमें सबसे महत्वपूर्ण मकर - संक्रांति कहलाती है। इस दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है। चूंकि सूर्य 365 दिनों अर्थात एक वर्ष की निश्चित अवधि में बारह राशियों का ही भ्रमण कर डालता है, इसलिए मकर संक्रांति एक निश्चित दिन अर्थात चौदह जनवरी को ही होती है। भारतीय मान्यता के अनुसार इस दिन का एक और विशेष महत्व है। मकर संक्रांति के दिन सूर्य दक्षिणायण से उत्तरायण में प्रवेश करता है। भारत में उत्तरायण के सूर्य का विशेष महत्व है। हर शुभ काम के लिए तभी मुहूर्त निकाला जाता है, जब सूर्य उत्तरायण में हो। उत्तरायण में सूर्य का झुकाव उत्तर की ओर होता है। सूर्य के उत्तरायण में होने का भारत में कितना महत्व है, इसका प्रमाण हमें महाभारत में मिलता है। भीष्म पितामह ने दक्षिणायण के सूर्य के समय अपनी देह नहीं त्यागी थी, क्योंकि वे स्वर्ग में प्रवेश उत्तरायण के सूर्य में करना चाहते थे। मकर संक्रांति भारत में विभिन्न नामों के साथ मनाई जाती है। अलग-अलग क्षेत्रों में इस दिन अलग-अलग पद्धतियां भी अपनाई जाती हैं, प

उम्मीद संस्था ने महिला-बच्चों सम्बंधी अपराध के प्रति किया जागरूक

बच्चों के लिए कराई गई क्विज प्रतियोगिता, दिए पुरस्कार, स्कूली बच्चों ने संवाद में जानी कई जरूरी बातें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

फरसगांव 13 जनवरी। उम्मीद सामाजिक संस्था ने कोंडागांव पुलिस प्रशासन से सहयोग से कराया सायबर/ट्रैफिक/महिलाओं व बच्चों से जुड़े अपराधों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन फरसगांव नगर के सामुदायिक भवन में 11 जनवरी शनिवार को कराया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि रूपेश डाडे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) एवं विशिष्ट अतिथि प्रदीप झा उप संचालक जिला अभियोजन कोंडागांव, और अध्यक्षता अनिल कुमार विश्वकर्मा एसडीपीओ फरसगांव की उपस्थिति में किया गया।

जिसमे स्कूली बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता, सायबर सम्बंधी जागरूकता व मुख्य अतिथि के साथ संवाद का कार्यक्रम रखा गया था। जहाँ छः स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया जिसमें आदर्श विद्यालय फरसगांव, स्वामी आत्मानन्द हिंदी मीडियम स्कूल, कन्या हाई स्कूल फरसगांव, स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल फरसगांव, मदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम स्कूल बोरगांव, हाई स्कूल पासंगी के बच्चों ने भाग लिया।

क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों से यातायात नियमों व सायबर ठगी से बचने व महिला-बच्चों से जुड़े सवालों के जवाब पूछे गए। जिसका प्रतिभागी बच्चों ने जवाब दिया। क्विज प्रतियोगिता में पहले स्थान पर आदर्श विद्यालय फरसगांव, दूसरा स्थान पर स्वामी आत्मानन्द हिंदी मीडियम स्कूल फरसगांव और तीसरा स्थान पर स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल फरसगांव रही जिन्हें पुरुस्कार का वितरण किया गया । साथ ही क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया और कार्यक्रम में आने वाले सभी बच्चों को उपहार भी दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली बच्चों से संवाद के माध्यम से सीधा मुख्य मुख्य और विशिष्ठ अतिथि से यातायात नियमों व सायबर ठगी से बचने व महिला-बच्चों से जुड़े सवाल को पूछा गया जिनका जवाब बच्चों को आसानी और सरल शब्दों में मिला । इस दौरान मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि ने कहा उम्मीद समाजिक संस्था के इस पहल की सराहना करते हैं जो स्कूली बच्चों के लिए इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किये। इसके माध्यम से बच्चों को सायबर ठगी, यातायात नियमों के बारे में और महिलाओं व बच्चों से जुड़े अपराधों से जागरूक किया गया है। इस दौरान जनपद अध्यक्ष शिशकुमारी चनाप, नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश दुग्गा, उपाध्यक्ष गणेश जायसवाल, पार्षद संगीता पुजारी, डॉ प्रवीन अख्तर, यामसन साहू, तिरूमाला सिन्हा, कांची चंदेल, उम्मीद संस्था के सदस्य फ़िरोज मेमन, अभिषेक जायसवाल, जैन पाल, रामकुमार भारद्वाज, भरत भारद्वाज, हिरीश साहू, पत्रकार साथी आशीष दास, कुलजोत संधु, विजय साहू, धनेंद्र निषाद, रिकेश कुंवर सहित स्कूलों से आये हुए बच्चे, ग्रामीण महिलाएं व अन्य उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री साय जिले में 160 करोड़ से अधिक के विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा, 13 जनवरी। छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय दंतेवाड़ा जिले में अपने प्रवास के दौरान जिले वासियों को 1 सौ 60 करोड़ 73 लाख 21 हजार रूपये से अधिक लागत के विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण की सौगात देंगे। इसके अनुसार भूमि पूजन कार्य में प्रकाश व्यवस्था हेतु सोलर हाई मास्ट संयंत्र स्थापना कार्य झिरका, कुम्हारास, गुड़से, घोटपाल 2. पालनार 80.59, सोलर पॉवर प्लांट स्थापना एवं सोलर ड्यूल पंप संयंत्र कार्य हल्बारास 30.68,जिले के चारो विकासखण्ड-दन्तेवाड़ा 5 नग, गीदम-5 नग, कटेकल्याण-5 नग, एवं कुआकोंडा में 5 नग ग्राम पंचायत हाई मास्क लाईट लगाने का कार्य 107.56, आश्रम भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्य 960.95, जिला दंतेवाड़ा के बुरगुम समेली मार्ग के किमी 3/6 पर मलगेर नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुँच मार्ग निर्माण कार्य 386.10, दंतेवाड़ा में अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड निर्माण कार्य 1852.37,जलाशय योजना का जीर्णोद्धार कार्य एवं नहर लाईनिंग कार्य 697.76, जन सुविधा हेतु पुलिया निर्माण कार्य 192.47, डोम शेड निर्माण कार्य डुमामपारा तुमकपाल 78.57,जनसुविधा हेतु सड़क निर्माण कार्य 244.65, वृद्ध आश्रम हारम में निर्माण कार्य 28.84,ग्राम पंचायत झोडियाबाड़म में पैराबॉयलिंग एवं ड्राईंग यूनिट स्थापना कार्य 28.84,संकुल स्तरीय संगठन कक्ष निर्माण कार्य 48.00,मॉडल पंचायत भवन विस्तार कार्य 24.00, ग्राम पंचायत फुलपाढ़ जनपद पंचायत कुआकोण्डा में 57 हितग्राहियों को सामुदायिक एवं व्यक्तिगत वृक्षारोपण कार्य 61.28, साप्ताहिक बाजार का नवीनीकरण एवं सौन्दर्गीकरण कार्य 99.97,नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य 318.37, जिला दंतेवाड़ा के नगरपालिका किरन्दुल क्षेत्रान्तर्गत जल आवर्धन योजनान्तर्गत जलशोधन संयंत्र हेतु इंटेकवेन एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य 4453.75, तथा जिला दंतेवाड़ा के नगर पंचायत बारसूर क्षेत्रान्तर्गत जल आवर्धन योजनान्तर्गत जलशोधन संयंत्र हेतु इंटेकवेन एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य 1473.49 शामिल है।

इसके अलावा लोकार्पण कार्य जनसुविधा हेतु सड़क निर्माण कार्य 98.81,जनसुविधा हेतु आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य 30.00, बी.एल.सी. घटक (मोर मकान मोर आवास)-हितग्राही मूलक 725.46, आर.आर.पी.-2 योजना अंतर्गत जिला दंतेवाड़ा के छिंदनार से बड़ेकरका मार्ग के किमी 2/4-8 इन्द्रावती नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य 3378.00,उप स्वास्थ्य केन्द्र अरनपुर 28.36, सिंगल नलजल प्रदाय योजना 398.37, आश्रम शाला का जीर्णोद्धार कार्य 38.92, जनसुविधा हेतु पुलिया निर्माण कार्य 109.59,वन अधिकार प्राप्त कृषक हेतु चैनलिंग फेसिंग कार्य 50.87 तथा फोर्स एम्बुलेंस क्रय कार्य 47.19 शामिल है। इसके अलावा मुख्यमंत्री द्वारा एमआईएस योजना के तहत तीन फोर्टिफाइड थानों भांसी, थाना अनरपुर एवं थाना मालेवाही (लागत 750.00 लाख रुपये) का लोकार्पण करेगें।

कोमल सिंह राजपूत जिला भाजपा अध्यक्ष और सौरभ कोठारी महामंत्री बनाए गए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 13 जनवरी। भारतीय जनता पार्टी के बहु प्रतीक्षित जिला संगठन के चुनाव आज कार्यकर्ताओं के भारी जोश एवं उत्साह के बीच जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुए । जिसमें सर्वसम्मति से भाई राजा के नाम से प्रसिद्ध कोमल सिंह राजपूत को जिला अध्यक्ष घोषित किया गया, साथ ही जिला महामंत्री के रूप में सौरभ कोठारी का नाम सर्वसम्मति से चयनित किया गया।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज संगठन चुनाव प्रभारी संजय श्रीवास्तव जिला भाजपा अध्यक्ष का विधिवत चुनाव कराने के लिए पहुंचे थे। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां बताई। और उनके कार्यकाल में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में मिले सहयोग का सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया, तत्पश्चात प्रदेश चुनाव पर प्रभारी खूबचंद पारख ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि आज 4 माह के कार्यकाल मैं संगठन महापर्व के तहत छत्तीसगढ़ में 60 लाख 70000 सदस्य बनाए गए हैं जो कि छत्तीसगढ़ की जनसंख्या का एक तिहाई है, उन्होंने कहा कि आने वाली चुनौतियों में सफल होने के लिए संगठन की मजबूती बहुत जरूरी है।

प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 16 जनवरी को जिला रोजगार कार्यालय में

बीजापुर 13 जनवरी। भारतीय जीवन बीमा निगम में बीमा अभिकर्ता के पद पर रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक समस्त 18 वर्ष से अधिक महिला आवेदकों को सूचित किया जाता है कि उक्त प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से अर्हताधारी आवेदकों का चयन कर कुल 100 पदों पर भर्ती किया जाना है। इच्छुक एवं अर्हताधारी अभ्यर्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ 10 जनवरी 2025 को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कलेक्टर परिसर बीजापुर में स्वयं उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते हैं।

नगर पंचायत में जहां कचरा फेंका जाता था वहां सफाई कर लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई

कुरूद 13 जनवरी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व व उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में नगर पंचायत कुरूद में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत वार्ड 12 स्थित तहसील कार्यालय के सामने स्थान को चिन्हांकित कर उसका रूपांतरण किया गया। गौरतलब है कि इस स्थान पर लगातार आमजनों के द्वारा कचरा फेंका जा रहा था, वहां अब आमजनों के बैठने के छायादार बेंच लगाया गया है। जिसके फलस्वरूप वर्तमान में उस स्थान पर कचरा फेंका जाना पूरी तरह से बंद हो चुका है एवं बेंच का उपयोग बैठने के लिए किया जाता है। आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को देखते हुए नगर में स्वच्छता पर खास ध्यान दिया जा रहा है, ताकि सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग अर्जित किया जा सके। लक्षित इकाई के रूपांतरण के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी महेंद्र राज गुप्ता, उप अभियंता भोजराज सिन्हा, सहायक भूपेंद्र साहू एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल में स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया

किरन्दुल 13 जनवरी। डी ए वी पब्लिक स्कूल किरंदुल के सभागार में आज स्वामी विवेकानंद जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया।सर्वप्रथम विवेकानंद जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । एनएसएस के प्रभारी शिक्षक श्री के पी सिन्हा द्वारा स्वागत भाषण एवं उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला गया। छात्रों को प्रोजेक्टर के माध्यम से विवेकानंद जी के जीवन वृत्त को दिखाया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री पी एल वर्मा द्वारा छात्रों को संबोधित किया गया और विवेकानंद जी के आदर्शों को जीवन में उतारने का आव्हान किया गया। वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती विज्ञा त्रिपाठी ने भी छात्रों को संबोधित किया। छात्र विशिष्ट सक्सेना एवं विवेक दुबे द्वारा कविता पाठ एवं शीतल यादव तथा दिपिका सोनी द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राजकुमार राय, रूपा सक्सेना, एस के मोहांती , चन्द्र शेखर वर्मा उपस्थित थे।

संत रामपाल महाराज के अनुयायियों ने किया आयोजन

सत्संग में दी गई शिक्षाएं,संत भक्ति ही सुख व मुक्ति का मार्ग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगांव 13 जनवरी। आज दिनांक 12-01-2025 को जिला राजनांदगांव में संत रामपाल महाराज के अनुयायियों द्वारा एक विशाल सत्संग का आयोजन किया गया। इस सत्संग का उद्देश्य समाज में सत्य सनातन भक्ति (वैदिक) आधारित महत्व को उजागर करना और मानव जीवन को सही दिशा में प्रेरित करना था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए, जो आध्यात्मिक ज्ञान और मोक्ष प्राप्ति की विधि को जानने के लिए उत्सुक थे।सत्संग में संत रामपाल जी महाराज की अमृतवाणी ने श्रद्धालुओं को गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने बताया कि आज का मानव केवल भौतिक सुखों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत है, जबकि असली सुख और शांति केवल सच्ची भक्ति से ही संभव है। उन्होंने श्रीमद्भगवद गीता अध्याय 4 श्लोक 32-34 के अनुसार केवल तत्वदर्शी संत से प्राप्त ज्ञान से ही मोक्ष संभव है। और गीता जी अध्याय 15 श्लोक 1 में वर्णित तत्वदर्शी संत मिल जाने के बाद गीता अध्याय 15 श्लोक 4 में वर्णित उस परमेश्वर के परम पद को भलीभाँति खोजना चाहिए। अन्य पवित्र ग्रंथों के प्रमाण प्रस्तुत कर यह स्पष्ट किया कि केवल तत्वदर्शी संत द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने से ही मोक्ष संभव है।

समाज सुधार की प्रेरणा

संत रामपाल जी महाराज ने समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा, नशाखोरी, भ्रूण हत्या, और अशिक्षा के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन बुराइयों का मूल कारण आध्यात्मिक ज्ञान की कमी और शास्त्र आधारित भक्ति का अभाव है। उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रेरित किया कि वे न केवल स्वयं शास्त्र आधारित भक्ति अपनाएं, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

सत्संग में दी गई शिक्षाएं

1. जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति

संत रामपाल जी महाराज ने समझाया कि मानव जीवन का असली उद्देश्य मोक्ष प्राप्त करना है, जो केवल पूर्ण संत की शरण और शास्त्र आधारित भक्ति से संभव है।

2. पारिवारिक और सामाजिक शांति सच्ची भक्ति से मनुष्य के आचरण में सुधार होता है, जिससे समाज में नैतिकता और अनुशासन का प्रसार होता है।

3. समाज में समानता का संदेश जातिवाद, ऊंच-नीच और भेदभाव जैसी समस्याओं को समाप्त करने का एकमात्र समाधान शास्त्र आधारित भक्ति है।

आध्यात्मिक जागरूकता की ओर एक कदम यह सत्संग न केवल आत्मा के कल्याण का माध्यम बना, बल्कि समाज सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी साबित हुआ। श्रद्धालुओं ने आशा व्यक्त की कि यदि समाज में हर व्यक्ति शास्त्र आधारित भक्ति को अपनाए, तो यह विश्व एक शांतिपूर्ण और नैतिकता से भरपूर स्थान बन सकता है। अंत में यह सत्संग यह संदेश देकर समाप्त हुआ कि सच्ची भक्ति से ही मानव जीवन सार्थक और समाज उन्नत हो सकता है।

एक नजर

कब बनेगी छिन्दगढ मुख्यालय में एनएच-30 सड़क

छिन्दगढ़ 13 जनवरी। प्रदेश का मुख्या से लेकर तमाम मंत्री, नेता सुकमा मे विकास का नाम से आ रहे है जनता ढूढ रहा है विकास कहां है, बताया जा रहा है कि मंत्रियो को 10 मिनट बैठाने के लिए करोडो का टेन्ट लगाया जा रहा है, क्या माननीय मुख्यमंत्री जी छिन्दगढ मुख्यालय बीच जर्जर सड़क निर्माण के लिए ध्यान आकर्षित करेंगे, अन्यता होगा काला विरोध, इधर छिन्दगढ मुख्यालय मे काला विरोध होगा जर्जर सड़क को लेकर, छिन्दगढ मे किया जायेगा तैयारी, मुख्यमंत्री के विरोध मे, हाईवे सड़क 30 जर्जर है छिन्दगढ मुख्यालय में, आवागमन आम जनता व छिन्दगढ नगरवासी धूल से परेशान, जिले के अन्य शिक्षा,स्वास्थ्य, रोजगार की अव्यवस्थाओ को लेकर होगा विरोध

सर्चिंग के दौरान फोर्स को एंबुश में फंसाने की नक्सली साजिश नाकाम

सुकमा 13 जनवरी। बस्तर में चल रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों के जवानों ने 10 किलो का ढ्ढश्वष्ठ बरामद किया। जवानों ने बड़ी सतर्कता के साथ बम को डिफ्यूज कर दिया। नक्सलियों ने सर्च ऑपरेशन पर निकले जवानों को निशाना बनाने के लिए बम को प्लांट किया गया था। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि जवान रुटीन सर्चिंग पर निकले थे। सर्च ऑपरेशन में सीआरपीएफ और जिला पुलिस बल के जवान शामिल रहे। टीम जब सुकमा के कोंटा इलाके में पहुंची तो उनको आईईडी लगे होने का शक हुआ। जिसके बाद जवानों ने बड़ी सतर्कता के साथ गोलापल्ली रोड और बेलपोच्चो के पास डिमाइनिंग का काम शुरु किया। डिमाइनिंग करने के दौरान 10 किलो का घातक बम जमीन में लगा बरामद हुआ। जवानों ने तत्काल एक्सपर्ट की मदद से उसे डिफ्यूज कर दिया। कल की घटना के बाद से पूरे बस्तर में फोर्स को अलर्ट कर दिया गया है। बस्तर में एंटी नक्सल ऑपरेशन के दौरान जवान कड़ी सतर्कता बरत रहे हैं, सर्चिंग के दौरान जो गाइडलाइन है उसका भी पालन कर रहे हैं।

गणतंत्र दिवस पर आमंत्रित 10,000 विशेष अतिथियों में छत्तीसगढ़ से कई अतिथि शामिल

किरन्दुल 13 जनवरी। छत्तीसगढ़ के अचीवर्स उन कुल 10,000 विशेष अतिथियों में शामिल हैं, जिन्हें 26 जनवरी, 2025 को कर्तव्य पथ, नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए देश भर से आमंत्रित किया गया है। इनमें आपदा राहत कार्यकर्ता, सरपंच, पीएम यशस्वी योजना विजेता, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्वयं सहायता समूह सदस्य, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्टार्ट-अप और अन्य ऐसी 31 श्रेणियों के लोग शामिल हैं। परेड देखने के लिए पूरे भारत से आमंत्रित विशेष अतिथि जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से हैं, जिनमें विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले और सरकार की योजनाओं का सर्वोत्तम उपयोग करने वाले लोग शामिल हैं।

पूर्व विधायक अशोक सोम बालोद जिला नगरीय निकाय चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त

नगरी 13 जनवरी। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार नगरीय निकाय चुनाव 2025 हेतु नगरपालिका क्षेत्र बालोद के लिए सिहावा विधानसभा के पूर्व विधायक अशोक सोम को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पर्यवेक्षक अशोक सोम संबंधित नगरीय निकाय क्षेत्र का तत्काल दौरा कर जिला, शहर, नगर, ब्लाक, कमेटियों सहित स्थानीय वरिष्ठ नेताओं का बैठक कर जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा गठित प्रभारी, वार्ड समितियों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर चर्चा करते हुए रायशुमारी, सहमति बनाकर जितने योग्य प्रत्याशी का नाम प्राथमिकता क्रम के अनुसार आवेदन की मूल प्रति प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करेंगे। पूर्व विधायक अशोक सोम ने बताया कि वे लगातार अपने प्रभार क्षेत्र बालोद जिला में में दौरा कर रहे हैं एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिल कर प्रत्याशी चयन में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

कन्या शिक्षा परिसर में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 15 फरवरी को

बीजापुर 13 जनवरी। कन्या शिक्षा परिसर बीजापुर में कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं, 10वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 15 फरवरी 2025 दिन शनिवार को प्रातः 11:00 बजे से 1:00 बजे तक कन्या शिक्षा परिसर (एजुकेशन सिटी) बीजापुर में आयोजित किया जाना है। उक्त परीक्षा में केवल अनुसूचित जनजाति के इच्छुक छात्राएँ 6वीं प्रवेश हेतु 5वी उत्तीर्ण, 7वीं प्रवेश हेतु 6वीं उत्तीर्ण, 8वीं प्रवेश हेतु 7वीं उत्तीर्ण, 9वीं प्रवेश हेतु 8वीं उत्तीर्ण, 10वी प्रवेश हेतु 9वीं उत्तीर्ण एवं 11वीं प्रवेश हेतु 10वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। जिसमें कक्षा 6वीं के लिए कुल 35 सीटें रिक्त है, इसी तरह कक्षा 7वीं एवं कक्षा 8वीं के लिए 12 सीट, 9वी के लिए 08 सीट, 10वीं के लिए 05 सीट एवं 11वीं के लिए कुल 10 सीट रिक्त है। पात्रताधारी छात्राओं की जानकारी संलग्न निर्धारित प्रपत्रानुसार सम्पूर्ण आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर 10 फरवरी 2025 तक प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर बीजापुर को सॉफ्ट एवं हार्ड कापी में उपलब्ध होगा। इस संबंध में सभी प्रधान अध्यापक को अवगत कराने एवं नियत परीक्षा तिथि को 02 जिम्मेदार शिक्षक या पालकों के साथ छात्राओं को निर्धारित तिथि एवं समय में उपस्थित कराने हेतु सहायक आयुक्त द्वारा समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया गया है।

रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

बीजापुर 13 जनवरी। जिला परियोजना लाईवलीहूड कॉलेज सोसायटी बीजापुर में केन्द्र शासन एवं राज्य शासन के विभिन्न योजनांतर्गत कौशल प्रशिक्षण हेतु टेउनिंग पार्टनर, प्रशिक्षण प्रदाता नियुक्त किया जाना है। इस हेतु 20 जनवरी 2025 अपरान्ह 03 बजे तक निर्धारित प्रपत्रों में ÷रूचि की अभिव्यक्ति÷ आमंत्रित किया गया है। आवेदन का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी के लिए जिले की वेबसाइट www.bijapur.gov.in का अवलोकन किया जा सकता हैं।

समाचार संक्षेप

ग्राम पंचायत चोकावड़ा में किया गया क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

जगदलपुर 13 जनवरी। सुभारंभ से पहले भारत माता राष्ट्र गान के बाद ग्राम के देवी देवता का विधि विधान के साथ पूजा करने के बाद खेल को शुरुआत किया गया तत्पश्चात खिलाड़ियों से परिचय किया सभी खिलाड़ियों से और खेल शुरुआत हुआ। मुख्य अतिथि हरि साहू, महादेव बघेल सरपंच गरावंड, खगेश्वर पुजारी, बिरेंद साहू, बैधनाथ नाग सरपंच चोकावड़ा, दुजेश्वर देवांगन, सोनाधर नाग, डमरूधर बघेल उपसरपंच, गुलाब सिंग, तन्नू, महेंद, सतीश, फगनूराम, राम, शिवटी, सदन, बनसिंग सेठिया और ग्राम पंचायत के बड़े बुजुर्ग युवा साथी उपस्थित रहे।

प्राथमिक शाला मस्तानपारा स्कूल के बच्चों को पेन,कापी,कंपास वितरित

सुकमा 13 जनवरी। शुक्रवार को अक्षत वेलफेयर फाउडेशन हृत्रह्र गुप के द्वारा जिला मुख्यालय के प्राथमिक शाला मस्तानपारा स्कुल के बच्चों को पेन,कोपी,कंपास वितरित किया गया।अक्षत वेलफेयर फाउडेशन हृत्रह्र गुप के द्वारा अक्षत फाउडेशन द्वारा जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर स्कुलो के बच्चों में कापी,पेन, कम्पास,पेड,सेनेटाइजर, सहित अन्य सामाग्री का वितरण किया जा रहा है।आयोजित कार्यक्रम में अक्षत वेलफेयर फाउडेशन के अध्यक्ष श्रीमती सोनल दूबे एंव कवीता, रौनक, कमला सहित और भी सदस्य मौजूद रहे।

दुर्गूकोंदल के अंतिम गांव रसोली का जिला सीईओ ने किया निरीक्षण

उत्तर बस्तर कांकेर 13 जनवरी। जिले के विकासखण्ड दुर्गूकोंदल के अंतिम ग्राम रसोली का जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मण्डावी ने शनिवार को दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रसोली ग्राम को जोड़ने वाली पुलिया नहीं होने पर जनपद पंचायत के प्रभारी सीईओ को पुलिया निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उक्त पुलिया के बन जाने से ग्राम रसोली, मेड़गांव में बारहमासी आवागमन बिना किसी परेशानी के होगी। ग्रामीणों ने जिला पंचायत सीईओ श्री मण्डावी को देव स्थल के पास शेड एवं आवागमन के लिए पक्की सड़क की मांग की, जिस पर उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए वहां उपस्थित सचिव को तत्काल प्रस्ताव भेजने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान ग्राम रसोली के ग्राम पटेल ने बताया कि ग्राम पंचायत तराईघोटिया के गांव रसोली को देव स्थल के रूप में जाना जाता है, जहां आदिकाल से मोरकालदेव को पूजा जाता है। इस संबंध में सीईओ ने आवश्यक करने की बात ग्रामीणों से कही।

पीएम स्व निधि योजना का बढ़ता दायरा

बीजापुर 13 जनवरी। जिला बीजापुर के नगरीय क्षेत्रो में सड़क किनारे व्यवसाय करने वाले व्यवसायीयो (रेहडी पटरी, फुटपाथ विक्रेताओ) को लाभावित करने हेतु केन्द्र सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि योजना) का संचालन नगरपालिका परिषद/पंचायत बीजापुर, भैरमगढ, भोपालपटनम के नगरीय क्षेत्रो में किया जा रहा है, पीएम स्वनिधि योजना के तहत फुटपाथ व्यवसायियो को 10 हजार, 20 हजार, 50 हजार का ऋण बैंक के माध्यम से न्यूनतम ब्याज दर पर उपल्बध करवाया जा रहा है। वर्तमान समय तक बीजापुर, भैरमगढ़, भोपालपटनम नगरीय क्षेत्र के 575 वेण्डर को लगभग 1 करोड रूपये राशि तक का ऋण उपल्बध करवाकर लाभांवित किया जा चुका है। पीएम स्वनिधि योजना के कारण इन व्यवसायो को व्यवसाय करने हेतु जल्द और कम ब्याज का लोन प्राप्त होने से इनका व्यवसाय में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इस उपलब्धि को देखते हुये शीघ्र ही केन्द्र सरकार पीएम स्वनिधि योजना का दायरा बढ़ाकर 15 हजार, 25 हजार ,50 हजार के ऋण के साथ क्रेडिट कार्ड की सुविधा के रूप में फुटपाथ व्यवसायियो को उपल्बध करवाने वाली है। पीएम स्वनिधि योजना का दायरा बढ़ाकर फुटपाथ व्यवसायियो के परिवार के सभी सदस्यो को लाभ पहुचाने के उददेश्य से स्वनिधि से समृद्वि कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

एक नजर

मोहकम में एक नग चेन माउंटेन मशीन एवं एक हाईवा जब्त

महासमुंद 13 जनवरी। कलेक्टर श्री विनय लंगेह के निर्देश अनुसार राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अवैध रेत उत्खनन पर लगातार कारवाई की जा रही है। सूचना पर ग्राम मोहकम तहसील महासमुंद के महानदी में कार्यवाही कर एक नग चैन माउंटेन मशीन एवं एक हाईवा को जप्त किया गया। जप्त चैन माउंटेन मशीन को ग्राम पंचायत लहंगर के उपसरपंच के सुपुर्द कर सील बंद किया गया। कार्यवाही के दौरान मौके से जप्त हाईवा को थाना तुमगांव के सुपुर्द अभिरक्षा में दिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुंद, नायब तहसीलदार महासमुंद, सहायक खनि अधिकारी एवं खनिज विभाग तथा पुलिस विभाग का दल शामिल रहे ।

डिप्टी कलेक्टर ने कन्या छात्रावास में कराया न्यौता भोज

बीजापुर 13 जनवरी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की महत्वाकांक्षी योजना न्यौता भोज का जमीनी स्तर पर व्यापक क्रियान्वयन कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश पर हो रहा है। न्यौता भोज के आयोजन के साथ ही कलेक्टर श्री मिश्रा ने बच्चों के साथ समय बिताने, उनको सफलता अर्जित करने के लिए जिला स्तर के अधिकारियों को स्वयं की मेहनत एवं अधिकारी के रूप में सफल व्यक्ति बनने के लिए अपने अनुभवों को साझा कर स्कूली बच्चों को कैरियर गाईडेंस के साथ ही कड़ी मेहनत और लगन के साथ अपने भविष्य निर्माण के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिया गया। कलेक्टर के निर्देश पर जिले के अधिकारियों द्वारा लगातार विभिन्न स्कूलों, आश्रमों में न्यौता भोज का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी ने मद्देड़ के कन्या छात्रावास के निरीक्षण के दौरान संस्था में न्यौता भोज का आयोजन कराया। डिप्टी कलेक्टर ने बच्चों से छात्रावास में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली एवं पढ़ाई सहित अन्य विषयों पर चर्चा करते हुऐ अपने डिप्टी कलेक्टर बनने की कहानी को साझा कर बच्चों को कड़ी मेहनत और लगन से प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। छात्रावास में डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों को अपने बीच पाकर छात्राएं उत्साहित हुई। न्यौता भोज में पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन के अलावा फल एवं खेल सामग्री का वितरण श्री उत्तम सिंह पंचारी द्वारा कराया गया। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत एवं डिप्टी कलेक्टर श्री दिलीप उइके सहित बीईओ, मंडल संयोजक एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

आवापल्ली में हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन

बीजापुर 13 जनवरी। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह आज सम्पन्न हुआ। महिला एवं बाल विकास विभाग ने शनिवार को आवापल्ली के परियोजना कार्यालय के सामने पचास जोडो का मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह सम्पन्न करवाया गया। जिसमें 44 आदिवासी रीति रिवाज एवं परम्परागत से वहीं 06 जोड़े ईसाई मान्यता के अनुसार मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह सम्पन्न करवाया। महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी बालेन्दु देवांगन ने बताया है,कि मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह में 50 जोडे शामिल हुऐ।नवदंपतियों को शासन की ओर से प्रत्येक जोड़ों को कपडे गहने श्रृगांर सामाग्री वर माला के अलावा वधु के खाते में पैतीस हजार रुपये शासन द्वारा अंतरित की जाती है। मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह में जन प्रतिनिधियों एवं समाज के लोगों ने नवदम्पतियों को उपहार भेंट प्रदान किया और सुखद एवं सफल वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गई। वहीं महिला बाल विकास विभाग ने विवाह में आये सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

नगरपालिका के विभिन्न वार्डो में चला स्वच्छता अभियान

बीजापुर 13 जनवरी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार नगरपालिका बीजापुर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के दिशा-निर्देशन पर सीएमओ श्री बंशीलाल नुरेटी द्वारा स्वयं के उपस्थिति में विभिन्न वार्डो के नाली की सफाई एवं शहर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई, पेयजल की आपूर्ति एवं डोर टू डोर कचरा एकत्रीकरण के कार्यो का निरीक्षण करते हुए सभी कर्मचारियों को नियमित सफाई कराने नगरपालिका के सभी वार्डो में स्वच्छता का पालन करने के निर्देश दिया गया।

स्व-सहायता समूह की दीदियों के लिए सरस मेला बना मील का पत्थर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 13 जनवरी। शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम रायगढ़ में पहली बार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बिहान कार्यक्रम अंतर्गत क्षेत्रीय सरस मेला-2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बिहान की महिला स्व-सहायता समूह के द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जा रहा है। सरस मेला में रायगढ़ समेत छ.ग. के सभी 33 जिलों से बिहान की महिला स्व-सहायता समूह की दीदियां एवं अन्य राज्यों जैसे- झारखण्ड, बिहार, मध्यप्रदेश, हरियाणा, पंजाब, असम, महाराष्ट्र की स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया है। सरस मेला में 224 से अधिक स्टॉल लगाये है, जिनमें 268 से अधिक महिला स्व-सहायता समूह की दीदियों ने भाग लिया है। सरस मेला स्व-सहायता समूह की दीदियों के मिल का पत्थर साबित हो रहा है।

सरस मेला में अब तक कुल 84.40 लाख से रूपये से अधिक की बिक्री 11 जनवरी 2025 तक की गई है। जिसमें छ.ग. से 62 लाख 75 हजार रूपये से अधिक महिला स्व-सहायता समूह के दीदियों ने अपने द्वारा निर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन एवं बिक्री किए हैं। बिहार से 4.13 लाख, उत्तरप्रदेश 4.03 लाख, मध्यप्रदेश 3.54 लाख, महाराष्ट्र 3.03 लाख, झारखण्ड 2.77 लाख, हरियाणा 1.98 लाख, पंजाब 1.50 लाख एवं असम 61 हजार रुपए से अधिक बिक्री की गई है। छ.ग. से सर्वाधिक बिक्री रायगढ़ जिले से लगभग 14.77 लाख रूपये की गई है, साथ ही जांजगीर चांपा से 10.74 लाख रूपये, कोरबा से 3.40 लाख, बस्तर एवं धमतरी से 3 लाख से अधिक की बिक्री की गई है।

सरस मेला का मुख्य आकर्षण का केन्द्र छ.ग. के स्थानीय व्यजंन ठेठरी, मुरकु, हिरवा रोटी, डुसका, फरहा, चिला, आईसा, पीठा, गुलगुला भजीया, देहाती बड़ा, चौसेला, ठेकुवा आदि रहा। सरस मेला में रायगढ़ के एकताल एवं बस्तर के धातु शिल्प कला को लोगों ने काफी सरहा। बस्तर के लाल चावल, लोकटी, माच्छी चावल, बस्ता भोग चावल, काला चावल, सुरजपुर एवं सरगुजा का जीराफुल चावल, बीजापुर का जिंक राईस, की काफी मांग देखी गई, जो कि सभी जैविक खाद से उत्पादित है। जशपुर की मौहुवा चवनप्राश, कटहल कुकी, रागी कुकी, ग्रीन टी एवं महुआ टी बैग की मांग देखी गई। सरस मेला कार्यक्रम न सिर्फ उत्पादों के प्रदर्शन एवं बिक्री तक ही सीमित नही था इस मेले में स्व-सहायता समूह की दीदियों के लिये रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बॉक्स क्रिकेट, बॉक्स बैडमिंटन, रस्साकस्सी, कुर्सी दौड़, मटका फोड़, निशाने बाजी जैसे खेलों का भी आनंद दीदियों ने उठाया कार्यक्रम में रायगढ़ जिले के स्कूली बच्चों एवं स्वशायी संस्थाओं, जिले, छ.ग.राज्य एवं अन्य राज्य के स्व-सहायता समूह के दीदियों के द्वारा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई, जिसे बाहर से आये दर्शकों ने काफी सराहा। सरस मेला का समापन छत्तीसगढ़ के प्रथम पारंपरिक त्यौहार छेरछेरा के साथ किया जाएगा।

महासमुंद। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा आज शौर्य दिवस मनाया गया। इस दौरान विहिप कार्यकर्ताओं द्वारा नगर में भव्य पथ संचलन किया गया। जिसका स्थानीय अंबेडकर चौक में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं को कर रहे प्रेरित: योगेश्वर राजू सिन्हा

महासमुंद 13 जनवरी। स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने उनको श्रद्धांजलि देते हुए स्मरण किया। उनके विचारों और आदर्शों को भी याद करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा हैं। आज भी युवा पीढ़ी उनके विचारों से प्रभावित हैं। उनके विचार युवाओं को प्रेरित करने वाला है। वें एक समाज सुधारक, आध्यात्मिक, दार्शनिक और प्रेरक वक्ता थें। स्वामी विवेकानंद धर्म, दर्शन, वेद साहित्य, पुराणों व उपनिषदों के ज्ञाता थे। स्वामी विवेकानंद कहते थे कि युवा राष्ट्र की रीढ़ हैं, जो सामाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक परिवर्तन लाने में सक्षम हैं। वें श्रीरामकृष्ण परमहंस के शिष्य थे, उन्होंने सनातन धर्म के पुनरुद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने भारतीय संस्कृति व अध्यात्म को वैश्विक पटल पर पुनर्स्थापित किया था। स्वामी विवेकानंद औपनिवेशिक भारत में हिंदुत्व पुनरुद्धार और युवाओं में राष्ट्रीयता की भावना जगाने के लिए जाने जाते हैं। हिंदुत्व को लेकर उन्होंने जो व्याख्या दुनिया के सामने रखी, उसकी वजह से हिंदू धर्म को लेकर विश्वभर में आकर्षण बढ़ा। विवेकानंद की ओजस्वी वाणी, ओजपूर्ण विचारों ने सुप्त लोगों को जागृत किया।

पूरे प्रदेश में षडयंत्र पूर्वक ओबीसी के आरक्षण को कम किया गया: लालू राठौर

बीजापुर 13 जनवरी। रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण प्रावधानों में किए गए दुर्भावना पूर्वक संशोधन के चलते अधिकांश जिला और जनपद पंचायतों में ओबीसी आरक्षण खत्म हो गया है। प्रदेश के 16 जिला पंचायत और 85 जनपदों में जहां पहले 25 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हुआ करती थी, अब अनुसूचित क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म हो गया है। उन्होंने अपने विज्ञप्ति में कहा कि पूर्व में ओबीसी के लिए आरक्षित ये सभी सीटें अब सामान्य घोषित हो चुकी है।

करसाड़ में गांवों से19 देवी-देवताओं सहित समाज प्रमुखों ने लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भोपालपटनम 13 जनवरी। गोरला पंचायत के गोरला चौक पर तीन दिनों से आदिवासियों का हुजूम लगा हुआ हैं पेनकरसाड जात्रा में हजारों कि तादात में आदिवासी इकठ्ठा होकर जात्रा मना रहे हैं।

जिले के अलग-अलग पंचायतो से 19 पेन आए हुए हैं उनके साथ आदिवासी सामुदायिक के यालम, वासम, टिंगे, गोटा, पारेड, गोड्डे, चिडेम, गोंदी, मट्टी सहित कई परिवार इस पेनकरसाड में शामिल हुए हैं। आदिम संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था से युवा पीढ़ी को परिचित कराने के उद्देश्य से वीर नारायण सिंह गोरला चौक में तीन दिवसीय आदिम देवों का करसाड़ आयोजन किया गया है। गुरुवार को पुरखा पेन नृत्य और स्थानीय पारंपरिक नृत्य का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय आयोजन में बुधवार को आमंत्रित पुरखा पेन देवी देवताओं का आगमन और स्वागत किया गया। इस करसाड़ में बीजापुर जिले के विभिन्न गांवों से 19 देवी देवताओं सहित महाराष्ट्र और तेलंगाना के समाज प्रमुखों ने हिस्सा लिया। गोंड समाज प्रमुखों ने बताया कि बीते चार सालों से यह आयोजन फसल कटाई मिंजाई के बाद पुस के महीने में किया जाता है। जिसका एक मात्र उद्देश्य आदिम संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था से युवा पीढ़ी को परिचित कराना है। गोंड समाज प्रमुखों ने बताया कि एक लंबे समय से साजिशन हमारे लोगों के बीच धर्मांतरण का खेल हो रहा है जिसके चलते लालच, भय या अन्य कारणों से धर्मांतरित लोगों के घर वापसी और अपनी संस्कृति और परंपराओं को युवाओं में गौरवान्वित अनुभव कराने में यह आयोजन सफल हो रहा है। वीर नारायण सिंह गोरला चौक में आयोजित करसाड़ में बाजार भी बुलाया गया था जहां लोगों ने अपने जरूरत की चीजों की खरीदारी की।

मुख्यमंत्री के घोषणा से किसानों में उत्साह: रमेश साहू

महासमुंद 13 जनवरी। भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य व पिटियाझर सोसायटी अध्यक्ष रमेश साहू ने कहा कि फरवरी में धान की अंतर की राशि एकमुश्त किसानों को प्रदान किया जाएगा। इससे किसानों को रबी फसल के खर्च की पूर्ति सहित आगामी वैवाहिक सीजन में बच्चों की शादी ब्याह में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की घोषणा के बाद प्रदेश के किसानों में उत्साह का माहौल है। श्री साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बालोद जिले के एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान किसानों को अंतर की राशि फरवरी में प्रदान करने का घोषणा किया है। प्रदेश के लगभग 28 लाख किसानों को इसका लाभ मिलेगा। वर्तमान में प्रदेश में 31 जनवरी तक धान की खरीदी चलेगी। राज?य सरकार ने इस वर्ष एक लाख 60 हजार टन धान खरीदी करने का लक्ष?य रखा है। श्री साहू ने कहा कि भाजपा ने विस चुनाव से पूर्व 3100 रु. समर्थन मूल्य प्रदान करने का वादा किसानों से किया था। अभी केंद्र की एमएसपी 2300 रु व 2320 रु. प्रदान किए जा रहे हैं। धान खरीदी पूर्ण होने के बाद फरवरी माह में ही प्रदेश के लाखों किसानों को करोड़ों रूपए के अंतर की राशि का भुगतान एकमुश्त किया जाएगा। एकमुश्त राशि मिलने से किसानों को खेती-बाड़ी सहित बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, शादी आदि के खर्चों का चिंता नहीं रहेगा। एकमुश्त बड़ी राशि मिलने से किसान कृषि संसाधनों की खरीदी, मकान निर्माण आदि करा पाएंगे। मुख्यमंत्री के घोषणा से प्रदेश के किसान प्रफुल्लित हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन काल में बोनस के रूप में 4 किश्तों में आधी-अधूरी राशि दी जा रही थी।

गायत्री शक्तिपीठ में स्वामी विवेकानंद जयंती पर विविध कार्यक्रम

■ व्यसन मुक्ति रैली में शामिल होकर दिया स्कूली बच्चों ने नशा मुक्त बीजापुर का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 13 जनवरी। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन तथा गायत्री शक्तिपीठ बीजापुर के तत्वाधान में युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर गायत्री परिजनों ने विविध कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न कराया। प्रातः 8ः00 बजे से सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चला कर परिजनों ने अपने आसपास के वातावरण तथा परिसर को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया। जिसके तारतम्य में गायत्री शक्तिपीठ,शिव मंदिर,स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल के आसपास के परिसर में फैले कूड़े कचरा को साफ कर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता कार्यक्रम पश्चात बाल संस्कारशाला की कक्षा में उपस्थित नन्हे मुन्ने बच्चों एवं विभिन्न संस्थाओं से आए हुए स्कूली छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन परिचय को बताया गया युवाओं को आदर्श मार्ग पर चलने की प्रेरणा संबंधी उद्बोधन आचार्य देव साहू द्वारा दिया गया । संगीत प्रवचन पश्चात नशा मुक्ति रैली के माध्यम से गायत्री शक्तिपीठ से नया बस स्टैंड बीजापुर तक समाज कल्याण विभाग के समर्थ संस्था के स्कूली बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाएं,कन्या शिक्षा परिसर के भारत स्काड एवं गाइड की छात्राएं, स्पोर्ट अकादमी,सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राएं एवं बाल संस्कारशाला के नन्हे मुन्ने बच्चे व गायत्री परिवार के परिजनों ने मिलकर नशा मुक्ति नारे लगाते हुए एवं गीत संगीत के माध्यम से नगर में रैली निकालकर युवाओं को जागृत करने तथा नशा से बचाने का प्रेरक पहल किया गया । रैली के दौरान बच्चों को पानी की व्यवस्था युवा व्यवसायी राजेश साहू के द्वारा किया गया एवं चॉकलेट की व्यवस्था अवधेश साहू ने किया । नया बस स्टैंड से होकर पामभोई पेट्रोल पंप से होते हुए गायत्री शक्तिपीठ में रैली का समापन हुआ। रैली हेतु वाहन व्यवस्था प्रवीण रेड्डी तथा समापन पश्चात आए हुए समस्त बच्चों को मनोज नाग व मुन्ना साहू, पप्पू साहू के सहयोग से गायत्री परिवार के प्रांगण में भोजन प्रसाद दिया गया । बच्चों की उत्सुकता पूरे कार्यक्रम के दौरान देखते ही बन रही थी नगर में एक अलग ही माहौल स्वामी विवेकानंद जी की जयंती देखने को मिला। सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य संतोष गोरला के नेतृत्व में कई बच्चों ने विवेकानंद की वेशभूषा में कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आयोजन को भव्य बनाया। स्वामी विवेकानन्द बने बच्चे पूरे कार्यक्रम में आकर्षण के केन्द्र बने। कार्यक्रम का प्रचार प्रसार सोशल मीडिया के माध्यम से दो दिन पहले से ही किया गया था जिसे सफलता पूर्वक आयोजित कर अमली जामा पहनाने में गायत्री परिवार सफल रहा। परिजनों की गोष्ठी भोजन के बाद हुई जिसमें भावी कार्ययोजना पर चर्चा किया गया। मां दंतेश्वरी मानस मंडली के जगदीश झाड़ी व अन्य सदस्यों ने अपना पूरा सहयोग दिया व संध्या में सत्संग कर भक्तिमय वातावरण बनाया। स्वच्छता कार्यक्रम तथा व्यसन मुक्ति रैली में जिला समन्वयक बीरा राजबाबू ट्रस्टी जयपाल सिंह राजपूत, सहायक प्रबंध ट्रस्टी रामयश विश्वकर्मा, युवा प्रकोष्ठ जिला सचिव दुर्गेश साहू, अर्जुन वेको, झाड़ी नागैया, के भरत, दुर्गा वाचम, मोहनी साहू, अर्चना सिंह, गायत्री मरकाम, ट्रस्टी खेमिन यादव, टी हेमलता, पूर्णचंद्र बेहरा, सरजू भास्कर, भरत धुर्वा, मनीष राजभर, लम्बाड़ी रामैया, राहुल गुप्ता, ईशांत झाड़ी, के साथ स्काड एवं गाइड के प्रभारी नर्वेद सिंह, समर्थ संस्था के पटेल सर एवं शिक्षक शिक्षिकाएं, अल्फा स्कूल, अंकुर स्कूल के विद्यार्थियों सहित 300 से अधिक संख्या में बच्चों तथा परिजनों ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

नेशनल पार्क मुठभेड़ के बाद 2 महिला समेत 5 वर्दीधारी माओवादियों के शव बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 13 जनवरी। पुलिस अधीक्षक बीजापुर जितेंद्र यादव बताया है कि नक्सल विरोधी सर्च अभियान में दिनांक 11.01.2025 को जिला बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया थाना मद्देड़ क्षेत्रान्तर्गत बंदेपारा-कोरंजेड के जंगलों में माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर सुरक्षा बल की टीम माओवादी विरोधी अभियान पर रवाना हुई थी । अभियान के दौरान आज दिनांक 12/01/2025 सुबह से बंदेपारा-कोरंजेड़ के जंगल में सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच रुक रुक कर मुठभेड़ होती रही जो शाम 3-4 बजे तक चली । पुलिस महानिरीक्षक बस्तर क्षेत्र सुंदरराज बताया है कि मुठभेड़ के बाद पर मौके से सर्चिंग के दौरान 02 महिला एवं 03 पुरूष कुल 05 वर्दीधारी माओवादियों के शव बरामद हुआ। मुठभेड में मारे गये माओवादियों की पहचान की जा रही है। विस्तृत जानकारी अभियान पूरा होने के बाद पृथक से जारी की जावेगी ।

आईईडी प्लांट करते 3 सक्रिय माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर 13 जनवरी। दिनांक 10/01/2025 को डीआरजी की टीम थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत मेटापाल से गश्त सर्चिंग कर वापस आ रही थी। गंगालूर एवं बद्देपारा के मध्य कुछ संदिग्ध व्यक्ति मार्ग पर दिखे, जो पुलिस पार्टी को देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे। संयुक्त पार्टी द्वारा घेराबंदी कर संदिग्धों को पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम 1. सुक्कु अवलम (जनमिलिशिया सदस्य) पिता मंगल अवलम उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी पीड़िया गोटटोड़पारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर बदरू अवलम (जनमिलिशिया सदस्य) पिता पोदिया अवलम उम्र 25 वर्ष निवासी निवासी पीड़िया गोटटोड़पारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर उरसा मंगू ऊर्फ मंगरा (जनमिलिशिया सदस्य) पिता बुधु उरसा उम्र 32 वर्ष जाति मुरिया निवासी पीड़िया गोटटोड़पारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर पकड़े गए संदिग्धों की तलाशी में पास रखे थैला से 01 नग टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, बिजली का तार एवं बैटरी बरामद किया गया। जो गंगालूर- बददेपारा के मध्य रोड पर गडढा कर ढ्ढश्वष्ठ प्लांट करने की तैयारी में थे। पूछताछ पर सभी ने उक्त प्रतिबंधित विस्फोटक सामग्री के परिवहन के सबंध में कोई वैध दस्तावेज दस्तावेज नही होना बताये। मौके पर उपरोक्त के विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही करते हुऐ बरामद सामग्री कब्जे में लिया गया एवं उपरोक्त माओवादियों के विरूद्ध थाना गंगालूर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

सड़क सुरक्षा एवं नशामुक्ति अभियान चलाया

बीजापुर 13 जनवरी। नशे की चपेट में युवा वर्ग का आना चिंता का विषय एवम अपराधों का जड़ नशा ही है।नशा मुक्ति विषय पर राहुल कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों को बताया गया कि नशा एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो युवा वर्ग को तेजी से अपनी चपेट में ले रही है। नशे के कारण अपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो रही है, जैसे कि सड़क दुर्घटनाएं और अन्य अपराध। नशे में मानव अपनी सोच और समझ की शक्ति खो देता है और गलतियां करता है। जिला बीजापुर में सड़क दुर्घटनाओं के कारण मृत्यु दर बढ़ रही है, जो व्यक्ति के परिवारों की बर्बादी का कारण बन रही है। नशे की लत के शिकार व्यक्ति समाज की मुख्य धारा से दूर होते जा रहे हैं और सार्वजनिक चिंता का कारण बन रहे हैं। आधुनिकता के दौर में, विद्यार्थी भी शौकिया तौर पर नशापन के चक्कर में आकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। यह एक गंभीर चिंता का विषय है और इसके खिलाफ जागरूकता और कार्रवाई की आवश्यकता है। सहायक उप निरीक्षक पूनम शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि नशा सामाजिक बुराई है और युवा वर्ग को इसके प्रभाव से बचने के लिए जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने और देश के साथ अपने परिवार और समाज का नाम रोशन करने की दिशा में अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा, यातायात रोड सेफ्टी सेल आरक्षक अवध राम सिन्हा ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइए विधि और सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। महिला बाल विकास अधिकारी शीला भारद्वाज ने महिला उत्पीड़न और महिलाओं संबंधित अपराधों के बारे में जानकारी दी।

महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार अनेक योजनाएं चला रही:सुधा साहू

महासमुंद 13 जनवरी। भाजपा महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू ने महतारी वंदन योजना को लेकर सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने निकाय चुनाव के बाद महतारी वंदन का फार्म भरने की प्रक्रिया पुनः शुरु करने के संकेत दिए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार अपनी सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक 'महतारी वंदन योजना' से छूटी हुई महिलाओं को भी जोड़ने जा रही है। नगरीय निकाय चुनावों के बाद फिर से पोर्टल शुरू कर आवेदन मंगाए जाएंगे।

श्रीमती साहू ने कहा कि जो महिलाएं फार्म भरने से किसी वजह से चूक गई थीं। अब उन्हें फार्म भरने का फिर से मौका मिलेगा। अब तक प्रदेश के हजारों महिलाओं को 1-1 हजार रु. के हिसाब से 11 माह का 11 हजार रूपए मिल गया है। सरकार ने महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने इस महत्वपूर्ण योजना का शुभारंभ किया था। जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में मिल का पत्थर साबित हो रहा है। योजना का पोर्टल खुलने से नए आवेदन के साथ ही उन महिलाओं को भी लाभ मिलेगा जिन्हें त्रुटिवश लाभ नहीं मिल पा रहा है।

श्रीमती साहू ने कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार ने महिलाओं के सम्मान में अनेक योजनाएं बनाकर परिवार चलाने में हिस्सेदारी का अवसर प्रदान किया है। ड्रोन दीदी योजना के तहत हजारों महिला बहनों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिससे महिलाएं स्वावलंबी बनी। इसके साथ ही श्रमिक परिवार के महिलाओं को भी अनेक योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसके अलावा सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नई योजना शुरू कर चुकी है। महतारी वंदन योजना में जिस तरह से महिलाओं के खाते में 1 हजार रुपए हर महीने आते हैं, इस नई योजना में महिलाओं को 25000 रुपए दिए जाएंगे। ये राशि लोन के रूप में एकमुश्त दिए जाएंगे। 'महतारी शक्ति ऋण योजना' के तहत इसका संचालन किया जा रहा है। उनहोंने बताया कि, इस योजना का फायदा उन महिलाओं को मिलेगा जिनका खाता राज्य ग्रामीण बैंक में है।

नशे से आजादी पखवाड़े में पुलिस ने किया ग्रामीणों को जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 13 जनवरी। नशे से आजादी के पखवाडा के तहत छुरा पुलिस ग्रामीण इलाके मे पहुंचकर लोगो को नशे के दुसप्रभावो को बताकर लोगो को जागरूक कर रही है गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल आलोक राखेचा के निर्देश पर छुरा थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम द्वारा स्कूलों व ग्रामों मे पहुंचकर लोगो को नशे के दुष्प्रभावों के बारे मे बता कर लोगो को नशे के खिलाफ जागरूक कर रहे है इसी कड़ी मे थाना प्रभारी छुरा द्वारा शनिवार को देवरी पहुंचकर वहा के लोगो को नशाखोरी के प्रति जागरूक किया

गरियाबंद पुलिस अधीक्षक का कमान संभालते ही पुलिस अधीक्षक निखिल आलोक राखेचा द्वारा गरियाबंद जिले को नशा मुक्त जिला बनाने के मुहीम पर लगातार जोर दे रहे है थाना प्रभारी ने लोगो को नशे के खिलाफजागरूक करते हुए बताया कि आज कल जागरूकता के आभाव मे युवा पीढ़ी नशे के गिरफ्त मे फस कर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे है जिसपर लगाम लगाना बेहद जरूरी है यह एक कटु सत्य है कि नशीले पदार्थों के सेवन से पीड़ित व्यक्ति को पारिवारिक एवं सामाजिक अलगाव और लोगों की उपेक्षा का सामना करना पड़ता है।इससे निश्चित रूप से उन्हें मानसिक और शारीरिक कष्ट एवं आघात पहुंचता है।वे आवश्यक मदद से भी वंचित रह जाते हैं।इससे उनका और उनके परिवार का जीवन दयनीय और कठिन बन जाता है। इसलिए नशीली दवाओं की लत से छुटकारा दिलाने की नीतियों में एक जन-केंद्रित सोच की आवश्यकता है, जो मानव अधिकारों और करुणा पर लक्षित हो।मादक पदार्थों की चपेट में आए पीड़ितों की सामाजिक और भावनात्मक उपचार के साथ मदद करना और इनकी अवैध तस्करी के बढ़ते जाल के बारे में प्रभावी कदम उठाना एक मुश्किल कार्य है।

देश को नशे की समस्या से मुक्त कराने के लिए एक सामूहिक प्रयास और समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है।इस अवसर पर बड़ी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

आरक्षण होने के बाद कांग्रेस और भाजपा में आए कई नाम सामने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ नगर पालिका चुनावों को लेकर भारी उत्साह

तिल्दा-नेवरा, 13 जनवरी। तिल्दा-नेवरा नगर में इस बार जनता सीधे नगर पालिका का अध्यक्ष को चुनेगी और इस कारण इस वक्त अध्यक्ष के दावेदार अनेक नाम सामने आने लगे है काग्रेस और बीजेपी में नामों की चर्चा इस वक्त चल रही है। बीजेपी में अध्यक्ष के नाम मनोज निषाद ईश्वर यादव डा एल पी साहू खुमान चंद्रकला वर्मा सूरज सेनी के नाम सामने आए है तो काग्रेस में लक्ष्मी नारायण वर्मा सुनील सोनी भी दावेदार है। काग्रेस और बीजेपी के अलावा से तीसरा मोर्चा में भी ठुश्र कुछ लोग निर्दलीय चुनाव लड़ने की रणनीति बना रहे हैं। नगर पालिका क्षेत्र में लगातार बीजेपी का कब्जा है और आने वाले चुनावों में बीजेपी पुन नगर पालिका में काबिज होके प्रयास कर रही है तो काग्रेस भी अपना कब्जा करने सभी 22, वार्डो में पार्षद चुनाव में जीतने वाले प्रत्याशियों पर दाव लगा सकती है। कुल मिलाकर नगर पालिका चुनाव इस बार रोचक हो सकते हैं।

धान उठाव में तेजी लाने मिलरों को कड़े निर्देश

बलौदाबाजार, 13 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। खरीफ विपणन वर्ष 2024 - 25 में समर्थन मूल्य में धान खरीदी जिले में द्रुत गति से जारी है। उपार्जन केंद्रों से नियमित रूप से धान उठाव हेतु मिलरों को डीओ जारी किये जा रहे हैं। अनेक निर्देश के बाद भी कुछ मिलरों द्वारा डीओ कटने के बाद धान उठाव में रूचि नहीं ली जा रही है जिसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने मिलर एवं परिवहनकर्ता द्वारा समय -सीमा में अपने दायित्व का निर्वहन करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही कलेक्टर के निर्देश पर समिति के सदस्यों द्वारा ऐसे रईस मिलर जो डीओ कटने के 10 दिवस के पश्चात भी धान उठाव शुरू नहीं किये हैं उनके डीओ में पेनल्टी अधिरोपित करने का भी निर्णय लिया गया है।

एक नजर

लर्निंग लायसेंस शिविर 14 जनवरी से

बलौदाबाजार, 13 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 36 वां सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत जिला परिवहन कार्यालय एवं यातायात पुलिस द्वारा 14 जनवरी से 23 जनवरी 2025 तक लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक निर्धारित स्थानों में किया जाएगा। लर्निंग लायसेंस बनवाने के इच्छुक आवश्यक दास्तावेज व निर्धारित शुल्क के साथ के साथ उपस्थित हो सकते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 एवं 15 जनवरी 2025 को थाना पलारी, 16 एवं 17 जनवरी को थाना कसडोल, 18 एवं 19 जनवरी को थाना करही बाजार, 20 एवं 21 जनवरी को थाना भाटापारा, 22 एवं 23 जनवरी को थाना सिमगा में शिविर आयोजित किये जाएंगे। लर्निंग लायसेंस हेतु वांछित दस्तावेजों में जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, पैन कार्ड, पासपोर्ट, कलर फोटो एक नग शामिल है।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 55 वाहन चालकों से वसूला गया जुर्माना

बलौदाबाजार, 13 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे 11 जनवरी को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, बिना नंबर के वाहन चलाने वाले, नो-पार्किंग में अपने वाहन खडा करने वाले एवं सीट बेल्ट लगाए बिना चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 10 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 3000 समन शुल्क वसूला गया है। बिना नंबर के वाहन चलाने वाले 7 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 2100 समन शुल्क, नो-पार्किंग में वाहन खडा करने वाले 7 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 2100 समन शुल्क वसूल एवं सीट बेल्ट लगाए बिना चार पहिया वाहन चलाने वाले 9 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 4500 समन शुल्क वसूल किया गया है।

सखी वन स्टॉप सेंटर में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए वॉक इन इंटरव्यू 20 को

भखारा, 9 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सखी वन स्टॉप सेंटर के विभिन्न रिक्त पद यथा केस वर्कर, बहूद्देशीय कार्यकर्ता, पैरालीगल कार्मिक, पैरा मेडिकल कार्मिक एवं सुरक्षा गार्ड के पदों पर महिला सेवा प्रदाताओं के चयन हेतु 20 जनवरी 2025 को प्रातः 9 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय भवन, अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय बलौदाबाजार में वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन किया गया है। भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालयीन दिवसों में कार्यालय में उपस्थित होकर एवं जिले के वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बलौदाबाजार डॉट जीओव्ही डॉट इन www.balod-abazar.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

छुरा संकुल में आयोजित किया गया संकुल स्तरीय शैक्षिक एवं सांस्कृतिक उत्सव

अपना भविष्य गढ़ना है तो बच्चों को खूब मेहनत से पढ़ना होगा:दिलीप मेश्राम

■ व्यायाम, खेलकूद, साहित्यिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गुलजार हुआ मंच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 13 जनवरी। युगपुरुष स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर संकुल स्तरीय शैक्षिक एवं सांस्कृतिक उत्सव का ऐतिहासिक आयोजन आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा में किया गया। संकुल केंद्र छुरा 'अ' द्वारा सामुदायिक सहभागिता विकसित करने हेतु एकदिवसीय व्यायाम, खेलकूद, साहित्यिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया था। थाना प्रभारी दिलीप मिश्रा द्वारा उत्सव ध्वज उत्तोलन कर मार्च पास्ट की सलामी ली गई।

थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम, वरिष्ठ संवाददाता यशवंत यादव, साहित्यकार ललित साहू, भोला प्रसाद पांडे, उत्सव मार्शल वरिष्ठ शिक्षक मुरारी राम देवांगन, प्रधानपाठक निर्भय राम ठाकुर, चेतन दास कोसले द्वारा मां भारती, मां शारदे का पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलन किया गया। उत्सव मार्शल मुरारी राम देवांगन ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि सभी विद्यालय के बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करने, सीखने सिखाने के कौशल बढ़ाने हेतु यह कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। बालक नरेंद्र के स्वामी विवेकानंद बनने तक सफर को विस्तार से बताया।

वामी विवेकानंद के विचारों ने सनातन संस्कृति की शक्ति को विश्व पटल पर स्थापित किया। थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम ने कहा कि जीवन चुनौतियों से भरा है, हर बाधा को पार करना है तो पढ़ना होगा। भविष्य गढना है तो पढ़ना होगा। यातायात नियम, सुरक्षा एवं सावधानी, नशा मुक्ति, बालिका शिक्षा अभिव्यक्ति एप, गुड टच बेड टच के बारे में भी जानकारी दिए। सभी को हेलमेट के नियमित उपयोग के लिए प्रेरित किया। उत्सव का सफल संयोजन शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने किया। आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक शंकर लाल यदु द्वारा किया गया।

बच्चों द्वारा बैंड की थाप पर विसिल द्वारा एवं विविध गीतों पर शिक्षाप्रद संदेश के साथ व्यायाम की अनूठी प्रस्तुति दी गई। बच्चों ने डंबल द्वारा भी व्यायाम प्रदर्शन किया। फुगडी, रस्साकसी, कुर्सी दौड़ में रोमांचक मुकाबले देखने को मिला। संकुल के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालय के लगभग 800 छात्र-छात्राओं ने एक साथ प्रीति भोज का आनंद लिया। पश्चात सांस्कृतिक उत्सव में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा, विविधता को गीत, नृत्य के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

करमा, सुआ, बस्तरिया गीत, सरगुजिहा संस्कृति, डंडा गीत, बसदेवा गीत की रंगझाझर प्रस्तुतियों से मंच गुलजार हुआ। हमारी विलुप्तप्राय संस्कृति को नंदा जही गीत के माध्यम से प्रदर्शित करने का सफल प्रयास आदर्श विद्यालय द्वारा किया गया। जिसमें ढेंकी, नांगर, चिकारा, तमूरा, जाता, वीणा, खुमरी, खडपड़ी, टेढ़ा, पाटी, घांघरा, धान के झूमर, झालर आदि को प्रदर्शित की गई। कृष्ण जी के जन्म, कालिया नाग मान मर्दन, सोहई बांधने, खूड़हुड देव की पूजा, काछन, मडई, बैरक, कंदई से सुसज्जित राऊत नृत्य की झमाझम प्रस्तुति हुई। पंथी नृत्य द्वारा मनखे मनखे एक समान, नशापन से दूर रहने की सीख दी गई। विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा नशामुक्ति, कन्या भ्रूण हत्या, बालिका शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, देशभक्ति का जज्बा जलाया गया। व्यायाम, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिए सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किए विद्यालय को मोमेंटो भेंट की गई। सभी शिक्षक, निर्णायक, विद्यालयीन स्टाफ को भी आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

आदर्श विद्यालय के भूतपूर्व छात्र मध्यप्रदेश से सेवानिवृत इंजीनियर दिलीप गौर, उत्तम गौर ने उपस्थित होकर अपने विद्यालय के रजकण को माथे से लगाया और एक छात्र की भांति ही पूरे उत्सव के सहभागी बनें।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक बी.एल. तारक, सी.आर. सिन्हा, डी.पी.जांगड़े, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष संतराम साहू, कृष्ण कुमार पटेल, रामरतन साहू, गुलाब ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता पुनीत ठाकुर, समन्वयक यशवंत सिन्हा, नंद झरोखा कुर्रे, शीतल ध्रुव, सभी विद्यालय के शिक्षक, स्टाफएवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

लोकपर्व छेरछेरा पर बाजे-गाजे के साथ दान मांगने निकली बच्चों की टोली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 13 जनवरी। नगर पंचायत भखारा भठेली मे छेरछेरा पर्व धूमधाम से मनाया गया।छेरछेरा पर्व किसानों की अन्न और दान की परंपरा से जुड़ा हुआ है। पौष मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व नए धान से कोठी(कोठार) की भर जाने का उत्सव है।वहीं इनके पीछे का संदेश है कि अपनी जरूरत का धान रखो और जो भी द्वार पर दान मांगने के लिए दस्तक दे रहे है उसे खाली हाथ वापस न जाने दो। सोमवार को नगर में बच्चों की टोलियां घर-घर जाकर आवाज़ देकर छेरछेरा, कोठी के धान ल हेरहेरा कहकर दान मांगा। बता दें कि छेरछेरा के दिन माँ शाकंभरी व देवी अन्नपूर्णा की पूजा होती है अन्न दान का महापर्व छेरछेरा÷ छत्तीसगढ़ में नई फसल के खलिहान से घर आ जाने के बाद मनाया जाता है।छेरछेरा पर्व के दिन सभी घरो से धान,चांवल व नकद राशि मिलती है।

ज्योतिषों के अनुसार इस दिन अन्नपूर्णा देवी की पूजा की जाती है। जो भी जातक बच्चों को अन्न का दान करते हैं वह मृत्यु लोक के सारे बंधनों से मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त करते हैं। पौष पूर्णिमा के अवसर पर मनाए जाने वाले इस पर्व के लिए लोगों में काफी उत्साह है। गौरतलब है कि इस पर्व में अन्न दान की परंपरा का निर्वहन किया जाता है। यह उत्सव कृषि प्रधान संस्कृति में दानशीलता की परंपरा को याद दिलाता है। उत्सवधर्मिता से जुड़ा छत्तीसगढ़ का मानस लोकपर्व के माध्यम से सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के लिए आदिकाल से संकल्पित रहा है। नगर भठेली भखारा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छेरछेरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कानून व्यवस्था के साथ लोगों की सुविधाओं का ख्याल रखना भी जरूरी : कलेक्टर

बलौदाबाजार, 13 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने शनिवार को संयुक्त जिला कार्यालय में क़ानून व्यवस्था क़ी बैठक ली। बैठक में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल हुए। आगमी नगरीय निकाय एवं पंचायत निर्वाचन तथा धार्मिक आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में क़ानून व्यस्था और शांति बनाये रखने के साथ ही कार्यक्रमों में लोगों क़ी सुविधाओं का भी ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर सोनी ने कहा क़ि आगामी महीनों में नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव होने हैं। इसके साथ हीं मेला व बोर्ड परीक्षाएं भी सम्पन्न कराना है।पंचायत चुनाव बहुत ही संघर्षपूर्ण एवं संवेदनशील होते हैं। किसी प्रकार क़ी विवाद या संघर्ष क़ी स्थिति निर्मित होने से पहले ही सम्बंधितों से बात कर समस्या का निराकरण किया जाए। मैदानी अमले त्वरित जवाब व कार्यवाही के लिए तत्पर रहें।

पेण्ड्रा में दो दिवसीय खेलकूद स्पर्धा का आयोजन

विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 13 जनवरी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेण्ड्रा में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया पूर्व में प्रतिवर्ष होने वाले इस आयोजन का इस बार चार वर्ष बाद उत्साह पूर्ण माहौल में शुभारंभ हुआ उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि कोमलसिंह ध्रुव पूर्व अध्यक्ष एसएमडीसी थे विशेष अतिथि के रुप में बृजलाल ध्रुव पन्नालाल गंगवंशी मंचस्थ हुए अध्यक्षता सी के साहू ने की सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा अर्चना की गई पश्चात अतिथि स्वागत की परंपरा विद्यालय परिवार द्वारा निभाई गई बच्चों के द्वारा आकर्षक मार्चपाष्ट कर सलामी दी गई अतिथियों द्वारा गोला फेंककर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

विद्यालय में अध्ययनरत 9वीं से 12 वीं तक के छात्राओं को चार दलों भगतसिंह दल सुभाष दल रानी लक्ष्मीबाई दल और रानी दुर्गावती दल में बांटा गया पश्चात उन्हीं दलों के बीच दौड़ गोलाफेंक कबड्डी खोखो व्हालीबाल रस्साकस्सी की प्रतियोगिता हुई जिसमें 100मी दौड़ बालक प्रथम टलेश द्वितीय लोकेश्वर बालिका प्रथम पदमनी द्वितीय अमृता 200मी दौड़ बालक प्रथम टलेश द्वितीय रियाज अली बालिका प्रथम रेशमा द्वितीय सानिया गोलाफेंक बालक प्रथम टंकेश्वर द्वितीय टलेश बालिका प्रथम कु विद्या द्वितीय दामिनी रिलेरेस बालक रानी लक्ष्मीबाई दल द्वितीय सुभाष दल बालिका प्रथम भगतसिंह दल द्वितीय रानी लक्ष्मीबाई दल रस्साकस्सी बालक प्रथम रानी लक्ष्मीबाई दल द्वितीय रानी दुर्गावती दल बलिका प्रथम भगतसिंह दल द्वितीय रानी दुर्गावती दल खो खो बालक प्रथम रानी दुर्गावती दल द्वितीय भगतसिंह दल बालिका प्रथम सुभाष दल द्वितीय रानी दुर्गावती दल कबड्डी बालक प्रथम सुभाष दल द्वितीय लक्ष्मीबाई दल बालिका प्रथम भगतसिंह दल द्वितीय रानी दुर्गावती दल व्हालीबाल बालक रानी लक्ष्मीबाई दल द्वितीय रानी दुर्गावती दल रहे निर्णायक के रुप में सी के साहू राजू साहू पीटीआई पंकज साहू पीटीआई हीरालाल साहू सत्यव्रत साहू हेमंत साहू शरद कुमार साहू नरेन्द्र नागेश ने सहयोग किया साथ ही साथ अपने दल के प्रभारी के रुप निर्मला लालवानी मुकेश कुमार ध्रुव संतोष कुमार साहू लतिका साहू एकता पाल ने अपने दलों को बेहतर प्रदर्शन करने में बच्चों को सहयोग एवं प्रेरित किया। संस्था प्रमुख भावना मथरानी ने दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के सफल संचालन एवं सहभागिता के लिए सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओं का आभार व्यक्त किया एवं पीटीआई राजू साहू को धन्यवाद दिया और कहा कि पढ़ाई के साथ साथ फिजिकल एक्टिविटी भी आवश्यक है।

नाम परिवर्तन

मैं सकुन बाई सतनामी पति श्री राजकपूर सतनामी निवासी ग्राम धनडोंगरी पो. पटपर थाना डोंगरगढ़ तहसील लाल बहादुर नगर जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम सकुन बाई सतनामी पत्ति श्री राजकपूर सतनामी अंकित हैं मेरे विवाह पूर्व मेरा नाम शांता बाई पिता मंगलदास राजस्व अभिलेख में इन्द्राज हैं जो कि मेरे विवाह उपरांत मेरा नाम सकुन बाई सतनामी पति श्री राजकपूर सतनामी परिवर्तन करना चाहती हूं छ.ग. के राजपत्र में नाम प्रकाशन करना चाहती हूं एवं इस नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

सूचना जाने।

भवदीय
(सकुन बाई सतनामी)

नाम परिवर्तन

मैं सुशीला पति श्री राम किसुन निवासी ग्राम घोटिया पो. ढारा थाना चौकी मोहारा तहसील डोंगरगढ जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम सुशीला पति श्री राम किसुन अंकित हैं मेरे विवाह पूर्व मेरा नाम मुन्नीबाई पिता सुखराम राजस्व अभिलेख में इन्द्राज हैं जो कि मेरे विवाह उपरांत मेरा नाम सुशीला पति श्री राम किसुन परिवर्तन करना चाहती हूं छ.ग. के राजपत्र में नाम प्रकाशन करना चाहती हूं एवं इस नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

सूचना जाने।

भवदीय
(सुशीला)

नाम परिवर्तन

मैं रूपा चतुर्वेदी पति श्री अश्वन प्रसाद चतुर्वेदी निवासी ग्राम जनकपुर पो. तेन्दुनाला थाना चौकी चिचोला तहसील छुरिया जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम रूपा चतुर्वेदी पत्ति श्री अश्वन प्रसाद चतुर्वेदी अंकित हैं मेरे विवाह पूर्व मेरा नाम सतरूपा पिता मंगलदास राजस्व अभिलेख में इन्द्राज हैं जो कि मेरे विवाह उपरांत मेरा नाम रूपा चतुर्वेदी पति श्री अश्वन प्रसाद चतुर्वेदी परिवर्तन करना चाहती हूं छ.ग. के राजपत्र में नाम प्रकाशन करना चाहती हूं एवं इस नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

सूचना जाने।

भवदीय
(रूपा चतुर्वेदी)

नाम परिवर्तन

मैं सुसमा आकाश जगणे पति आकाश जगणे निवासी रविदास नगर वार्ड नं. 21 डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम सुसमा आकाश जगणे पति आकाश जगणे अंकित हैं मेरे विवाह पूर्व मेरा नाम दुखिया हठीले पिता जोहन लाल हठीले बैंक पास बुक एवं शाला व अन्य अभिलेखो में इन्द्राज हैं जो कि मेरे विवाह उपरांत मेरा नाम सुसमा आकाश जगणे पति आकाश जगणे परिवर्तन करना चाहती हूं छ.ग. के राजपत्र में नाम प्रकाशन करना चाहती हूं एवं इस नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

सूचना जाने।

भवदीय
(सुसमा आकाश जगणे)

नाम परिवर्तन

मैं श्रीमति भागबती नेताम पति प्रकाश नेताम निवासी दन्तेश्वरीपारा वार्ड नं. 16, एक बत्ती पांच रास्ता डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं मेरे पुत्र इन्द्रेश नेताम पिता प्रकाश नेताम वास्तविक व सही नाम हैं जो कि आधार कार्ड मेरे पुत्र का नाम ईशान नेताम पिता प्रकाश नेताम हो गया हैं जिसे मैं अपने पुत्र का नाम इन्द्रेश नेताम पिता प्रकाश नेताम परिवर्तन करना चाहती हूं छ.ग. के राजपत्र में नाम प्रकाशन करना चाहती हूं एवं इस नाम से जाना एव पहचाना जावे।

सूचना जाने।

भवदीय
(श्रीमति भागबती नेताम)

नाम परिवर्तन

मैं रिखीराम चंद्रवंशी पिता धरम चंद्रवंशी निवासी ग्राम मडियान पो. मडियान थाना ओ.पी.चिचोला तहसील लाल बहादुर नगर जिला-राजनांदगांव छ.ग. का निवासी हूं मेरे पुत्र देवानंद पिता रिखीराम वास्तविक व सही नाम हैं जो कि, आधार कार्ड मेरे पुत्र का नाम देवानंद चंद्रवंशी पिता रिखीराम चंद्रवंशी हो गया हैं जिसे मैं अपने पुत्र का नाम देवानंद पिता रिखीराम परिवर्तन करना चाहता हूं एव छ.ग. के राजपत्र में नाम प्रकाशन करना चाहता हूं एवं इस नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

सूचना जाने।

भवदीय
(रिखीराम चंद्रवंशी)

नाम परिवर्तन

मैं संतोषी मारकाण्डे पति विजय कुमार मारकाण्डे निवासी ग्राम देवकटटा पो. देवकटटा थाना डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं मेरा वास्तविक नाम संतोषी मारकाण्डे SANTOSHI MARKANDE हैं जो मेरे समस्त दस्तावेज अंकित हैं। आधार कार्ड में मेरा नाम SANTHOSHI MARKANDE अंकित हो गया हैं जिसे मैं अपने नाम अंग्रेजी अक्षरों संतोषी मारकाण्डे SANTOSHI MARKANDE में परिवर्तन करना चाहती हूं एव छ.ग. के राजपत्र में नाम प्रकाशन करना चाहती हूं एवं इस नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

सूचना जाने।

भवदीय
(संतोषी मारकाण्डे)
SANTOSHI MARKANDE

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 20241209213020
अ/6 वर्ष 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक विनोद कुमार मेश्राम आ दुखुराम मेश्राम, उम्र 61 वर्ष निवासी बम्लेश्वरी वार्ड डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के पिता दखुराम मेश्राम की मृत्यु दिनांक 24/01/2011 तथा माता राधा मेश्राम की मृत्यु दिनांक 09/06/2024 को हो चुकी है। आवेदक तथा अनावेदकगण स्व. दुरूराम मेश्राम तथा स्व. राधा मेश्राम के वैध वारिसान् है तथा स्व. दुखुराम मेश्राम की वंशावली इस प्रकार है-राधाबाई (पत्नी) (मृत), विनोद मेश्राम (पुत्र), राजेन्द्र मेश्राम (पुत्र), नवीन मेश्राम (पुत्र) है। आवेदक के पिता स्व. दुखुराम मेश्राम तथा माता स्व. राधा मेश्राम की फौत होने के कारण आवेदक उनका विधिक वारिसान होने के कारण अपना नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 20/01/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

एक नजर

विप्र भवन में 15 जनवरी को सामूहिक उपनयन संस्कार

रायपुर, 13 जनवरी। छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति एवं विप्र शक्ति महिला मंडल द्वारा 15 जनवरी को विप्र भवन में सामूहिक उपनयन संस्कार समारोह का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज द्वारा लगातार 28 वें वर्ष वैदिक रीति और मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा 15 जनवरी को सुबह 7:00 से वैदिक रीति से प्रारंभ जनेऊ संस्कार में छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के लगभग 50 से अधिक बटुकों का उपनयन संस्कार किया जाएगा।

राजनीति विज्ञान विषय में अनिता अनंत को पीएचडी

रायपुर, 13 जनवरी। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ से पी .एच.डी. अधिसूचना क्रमांक /गोप/Phd/2025/3977

रायपुर 9 जनवरीको जारी हुई। इसमें फॉर्मेसी संस्थान, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर (छत्तीसगढ़) में कार्यरत प्रयोगशाल तकनीशियन अनिता अनंत ने सामाजिक विज्ञान संकाय के अंतर्गत राजनीति विज्ञान में शोध विषय, ,घरेलू हिंसा एवं मानवाधिकार : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन (रायपुर के महिलाओं के विशेष संदर्भ में), , के अंतर्गत पंडित रविशंकर शक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। इनका शोध केंद्र शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद (छत्तीसगढ़)है। शोध निर्देशिका डॉक्टर मालती तिवारी सहायक प्राध्यापक (राजनीतिविज्ञान) शासकीय महा प्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुद के निर्देशन में शोधार्थी ने अपने अनुभव मूलक अनुसंधान में मानवाधिकारों/महिलाओं के अधिकारों के लिये किये गये वैश्विक,राष्ट्रीय, प्रांतीय एवं स्थानीय प्रावधानों एवं प्रयासों के बाद भी घरेलू हिंसा पर नियंत्रण की नाकामी पर प्रकाश डाला,विभिन्न उत्तरदायित्व कारकों को रेखांकित किया और बहुत उम्मीद के साथ इस समस्या के उन्मूलन के लिये अनेक सुझाव प्रबन्ध के अंत में प्रस्तुत किये।

राजधानी में गौ- मांस के विक्रय से शाकाहारी समाज की भावनाएं आहत

रायपुर, 13 जनवरी। राजधानी में गौ माता के मांस के बड़ी मात्रा में पकड़े जाने से जैन समाज व सम्पूर्ण शाकाहारी जनमानस आहत है। भगवान महावीर स्वामी, भगवान श्री राम चन्द्र जी की धार्मिक धरोहर के राज्य छत्तीसगढ़ में अहिंसा परमो धर्म की ध्वजा लहराती है लेकिन गाय माता व अन्य पशुओं की तस्करी बहुतायत से हो रही है। जैन संवेदना ट्रस्ट के ट्रस्टी महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने कहा कि विगत दिनों राजधानी रायपुर में गौ माता के मांस विक्रय के बड़े गिरोह को पकड़ा गया है, इस हेतु प्रशासन को बधाई देते हैं। मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जैन संवेदना ट्रस्ट, सकल जैन समाज ने मांग रखी है कि संलिप्त अपराधियों पर कठोर कार्यवाही कर सजा मिले यह सुनिश्चित किया जावे। ऐसे घृणित कार्य में लिप्त लोगों को कौन प्रश्रय व संरक्षण देते हैं उनकी तह तक पहुंचकर समुचित कार्यवाही की जावे। भगवान महावीर स्वामी के जियो और जीने दो के सारगर्भित संदेश को छत्तीसगढ़ में लागू करते हुए पशु वध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जावे। गौ माता की हत्या, अन्य प्रदेशों में ले जाकर स्लेटर हाऊस में विक्रय व मांस विक्रय जैन समाज, सनातन परंपरा व सम्पूर्ण शाकाहारी अहिंसक समाज की भावनाओं को आहत करने वाली है।

मतदान ईवीएम या बैलेट बॉक्स से फैसला नहीं होने से अधिकारी परेशान

ईवीएम खरीदी के लिए ईसी का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 13 जनवरी। प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान ईवीएम अथवा बैलेट बॉक्स से कराया जाए इस पर फैसला नहीं हो पाया है, जिसके चलते राज्य निर्वाचन आयोग को भविष्य में अनेक तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। देश में भारत इलेक्ट्रॉनिक कॉर्पोरेशन ही ईवीएम का निर्माण करती है। नगरीय निकाय चुनाव में प्रत्याशियों की संख्या देखकर सिंगल यूनिट, डबल यूनिट को भी लगाना पड़ेगा।

भारत निर्वाचन आयोग पूरे देश में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव ईवीएम के माध्यम से कराता है। प्रत्येक राज्य में आवश्यकतानुसार ईवीएम की आपूर्ति की जाती है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में हैदराबाद से कंपनी के इंजीनियर ही ईवीएम की देखभाल करते हैं। चुनाव के पहले इनका रेण्डमाइजेशन किया जाता है। अधिकारियों के अनुसार आयोग के पास सीमित संख्या में ईवीएम है। यदि राज्य निर्वाचन आयोग ईवीएम से चुनाव कराएगा तो उसे मशीन खरीदने के लिए ऑर्डर देना पड़ेगा जिसकी आपूर्ति अतिशीघ्र नहीं हो पाएगी।

आयोग के अधिकारियों के अनुसार नगरीय निकाय चुनाव में प्रत्येक वार्ड में 20 से 25 प्रत्याशी खड़े होते हैं। एक यूनिट में 15 प्रत्याशी का नाम आता है। इस तरह सिंगल या डबल यूनिट के अलावा ट्रिपल यूनिट भी लगाना पड़ेगा। आयोग के अनुसार हमारे पास सीमित संख्या में ईवीएम है। यदि आवश्यकता पड़ेगी तो नॉमिनल चार्ज लेकर मशीन दी जा सकती है। इसके अलावा 28 हजार से अधिक वोटिंग कम्पार्टमेंट हैं इसे भी दिया जा सकता है। यह प्रत्येक जिले में उपलब्ध है।

■ चुनाव तिथि की घोषणा का इंतजार कर रहे दावेदार

15 को होगा अंतिम प्रकाशन

आयोग के अधिकारियों के अनुसार 15 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची वार्ड के परिसीमन के आधार पर बनाई गई है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए भी आरक्षण घोषित कर दिया गया है जिसके कारण यहां पर टिकिट के दावेदार सक्रिय हो गए हैं। अब तिथियों का ही इंतजार किया जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा बैठकों का दौर जारी है। अब चुनाव कब होगा इसकी घोषणा बाकी है।

मकर संक्रांति पर होगा पुण्य स्नान

■ मंदिरों में करेंगे लोग दान

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 13 जनवरी। राजधानी में मकर संक्रांति के पर्व पर लोग नदियों में सुबह स्नान करेंगे। इसके पश्चात मंदिरों में दान पुण्य करेंगे। यह पर्व अलग-अलग जातियों द्वारा बिहू, लोहड़ी एवं पोंगल के रूप में मनाया जाता है।

प्रति वर्ष मकर संक्रांति की तिथि तय होती है। इस अवसर पर गृहस्थ तिल व चावल का दान देते हैं। घरों में खिचड़ी बनाई जाती है। आज छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर भी घर-घर जाकर बच्चों ने दान मांगा। कल सुबह खारुन नदी में लोग स्नान कर पुण्य कमाएंगे। इसके पश्चात भगवान का दर्शन करेंगे। मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ की जाएगी। एक मान्यता के अनुसार इस अवसर पर दान करना पुण्य का काम है। मकर संक्रांति का पर्व विभिन्न समाज द्वारा अलग-अलग रूपों में मनाया जाता है। पंजाब में फसल कटने के बाद यह त्यौहार लोहड़ी के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर सनातन सिख समाज द्वारा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन दक्षिण भारतीयों के द्वारा पोंगल मनाया जाता है। इस अवसर पर भगवान अय्यपा का विशेष पूजा-पाठ किया जाएगा। टाटीबंध स्थित मंदिर में भी विभिन्न कार्यक्रम होंगे। आज छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर बच्चों की टोली विभिन्न मोहल्लों में घूमती नजर आई। इसके अलावा लोग तिल से बने पापड़ी, लड्डू एवं राजगीर से बने लड्डू खरीदते हुए नजर आए।

विप्र कॉलेज में इंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता

यूटीडी ने विप्र ट्रॉफी जीती

रायपुर, 13 जनवरी। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा आयोजित ईंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में छत्तीसगढ़ कॉलेज को यूटीडी ने 5-2 से हराकर विप्र ट्रॉफी जीता।

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. रीता वेणुगोपाल संचालक, शारीरिक शिक्षा विभाग पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को विप्र ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया।

समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का हिस्सा है, और विशेष कर लड़कियों को कोई ना कोई गेम जरूर खेलना चाहिए। क्योंकि जीवन में सफलता के लिए उन्हें भी शारीरिक दक्षता की आवश्यकता है। उच्च शिक्षा विभाग के खेल समन्वयक एवं छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी रूपेंद्र सिंह चौहान ने समापन अवसर पर कहा कि खेल शिक्षा का महत्वपूर्ण स्रोत है ।अगर आज के बच्चे मैदान में खेलेंगे तो तन मन से स्वस्थ रहने के साथ मोबाइल के बुरे प्रभाव से भी बच सकते हैं।

इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि अंतर महाविद्यालय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में मेजबान विप्र कॉलेज सहित पं. रविशंकर शुक्ला महाविद्यालय से संबद्ध आठ महाविद्यालय की टीम ने हिस्सा लिया ।

इसके बाद अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को विप्र ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। यूटीडी के आर्यन ताम्रकार को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।

दो दिन चले प्रतियोगिता के आधार पर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सॉफ्ट बॉल टीम का गठन किया गया।

इस अवसर पर कुरूद से शहनाज, धरसीवां से राकेश, महासमुंद से दिलीप लहरे और सेंचुरी सीमेंट महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी पुनेन्द वर्मा उपस्थित रहे। ऑफिशियल टी.एन. रेड्डी, आयोजन सचिव राजेश तिवारी, डॉ. कैलाश शर्मा और ज्ञानेंद्र भाई का सफलतापूर्वक प्रतियोगिता आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

लाखे स्कूल के विद्यार्थियों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

रायपुर, 13 जनवरी। हीरापुर स्थित वामनराव लाखे उ. मा. शाला एवं एस. पी. इंग्लिश मीडियम स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन 11 जनवरी को किया गया। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति इंदर सिंह उबोवेजा, प्रमुख लोकायुक्त, छत्तीसगढ़ लोक आयोग, रायपुर। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय तिवारी, अध्यक्ष, प्रबंध समिति, रायपुर। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि लावण्य तिवारी, समाजसेवी, अनिल तिवारी, प्रबंध समिति सचिव रहे। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ी फिल्म 'सुकवा' के निर्माता निर्देशक, गजेन्द्र श्रीवास्तव, नेशनल अवार्ड विनर डायरेक्टर मनोज वर्मा, फिल्म अभिनेता मन कुरैशी, फिल्म अभिनेता दीपक साहू, अभिनेत्री एवं गायिका गरिमा दिवाकर, आयुष नामदेव, छत्तीसगढ़ी फिल्म गायक, देवाशीष मुखर्जी, प्राचार्य, महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय, भारती यादव, प्राचार्य, वामन राव लाखे स्कूल, गांधी चैक रायपुर, शाला के प्राचार्य मंजू साहू, एवं

एस. पी. इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्राचार्य आशा बोस, विष्णु महोबिया, व्यवस्थापक, वामन राव लाखे स्कूल एवं एस. पी. इंग्लिश मीडियम स्कूल, देवा यदु, ऋषभ शुक्ला जी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि अपने उद्बोधन में छात्रों को अपने अध्ययन के साथ संस्था एवं अपने देश के नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किए। कार्यक्रम में सुकवा फिल्म के अभिनेता, मन कुरैशी, ने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ अपने द्वारा स्वयं के एक विशेष हुनर जैसे खेल, गीत-संगीत, पेंटिंग, कला को अपनाएं जिससे पढ़ाई के बाद भी वह एक रोजगार प्राप्त कर सके। वामन राव लाखे उ. मा. शाला में वार्षिकोत्सव के साथ-साथ पुरस्कृत छात्रों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम में छात्रों के पालक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रायपुर, 13 जनवरी। चंदनडीह अपोलो टायर के पास ट्रक ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक विकाश यादव 21 वर्ष पंचदेवरी कुम्हारी का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी चंदनडीह अपोलो टायर के पास ट्रक क्रमांक डब्ल्यूबी 33 एफ 1365 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे विकाश की मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

350 युवक-युवतियों ने दिया परिचय

रायपुर, 13 जनवरी। छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के दौ दिवसीय का समापन 350 प्रत्याशियों के परिचय के साथ संपन्न हुआ, जबलपुर, नागपुर गोंदिया, टाटानगर, दिल्ली, लुधियाना, कलकत्ता, चेन्नई, कटक, गुड़गांव, दिल्ली सहित 100 शहरों से आए प्रत्याशी राम स्वरुप निरंजन लाल धर्मशाला में बनाए गए आधुनिक स्टूडियो में अपना परिचय दिए जहाँ अभिभावक अपने बच्चों के लिए रिश्ते छाँटते रहे, उल्लेखनीय है कि युवति व युवक प्रत्याशी भी स्टेज में लगे बड़े स्क्रीन में अपने लिए वर पसंद करते रहे जिन्हें मिलवाने व चर्चा कराने में समन्वय समिति के पच्चीस सदस्य लगातार सक्रिय रहे, जिसमे काफ़ी सफलता मिली लगभग 75 जोड़े तय होने की स्थिति मे पहुँच गए हैं संयोजक कन्हैया अग्रवाल व हरि वल्लभ अग्रवाल ने बताया कि डाक्टर, इंजीनियर, उधोगपति, जज, अधिकारी सहित बड़ी कंपनियों में कार्यरत् प्रोफेशनल प्रत्याशी भारी

संख्या में उपस्थित होकर बिना झिझक अपना परिचय देकर जीवन साथी के लिए परिचय प्राप्त किए, सगाई, संबंध परिवारों के साथ उनके घरों में तय किए जावेगे, विवाह की बढ़ती उम्र व विवाहित जीवन मे पड़ रहे गतिरोध से चिंतित अग्रवाल समाज के बच्चों के विवाह सही उम्र पर क्यों व कैसे करे सहित वैवाहिक जीवन प्रबंधन पर प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर निहारिका सिंघी, कटक, उड़ीसा का स्पीच भी ईस अवसर पर कराया गया, ईस अवसर पर प्रदेश के नए अध्यक्ष का चयन करते हुए महामंत्री नितेश अग्रवाल को नया अध्यक्ष चुना गया, देश के मध्य में रायपुर के स्थित होने व ईज़ी परिवहन सुविधा व व्यवस्थित आयोजन होने से मध्य भारत का सबसे बड़ा परिचय सम्मेलन की ख्याति मिल गयी है, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से निवर्तमान अध्यक्ष कन्हैया गोयल मनोज गोयल, अमर सुल्तानिया, राजेश केडिया, पंकज अग्रवाल, मानस अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, प्रिती अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, संजय गर्ग, रीना गेवाडीन, दीप्ति अग्रवाल संतोष बजाज, विनोद तर्रा, विरेंद्र अग्रवाल, गनेश नरेडी, सुरेश चौधरी सहित 100 सदस्यों की टीम ने आयोजन को सफल बनाया.

गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर, 13 जनवरी। नया बस स्टेण्ड भाठागांव के पास टिकरापारा पुलिस ने अवैध गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 20 किलो 410 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नया बस स्टेण्ड भाठागांव के पास दबिश देकर अवैध गांजा के साथ आरोपी अजीत यादव 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 20 किलो 410 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 2 लाख 4 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

व्यापारियों की सुरक्षा में कैट की भूमिका चुनौतीपूर्ण

रायपुर, 13 जनवरी। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट के प्रदेश कार्यालय में कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी की अध्यक्षयता में कैट पदाधिकारियों की मिटिंग हुई। जिसमें कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि विगत 6-7 जनवरी को दिल्ली में दो दिवसीय कैट का एक राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन आयोजित हुआ था। जिसमें कैट सी.जी. चैप्टर से कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी एवं प्रदेश महामंत्री श्री सुरिन्द्रर सिंह जी शामिल हुए थें। उन्होने आगे बताया की प्रारंभिक रूप से व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के अंतर्गत बड़े संकल्प की योजना बनाई गई है जो निम्नानुसार है।

भारत में साइबर धोखाधड़ी की बढ़ती चुनौती और व्यापारियों की सुरक्षा में कैट की भूमिका। जीएसटी चुनौतियां और सरलीकृत और तर्कसंगत

कर व्यवस्था के लिए आगे का रास्ता। भारत के व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना। व्यापार का डिजिटल रूपांतरण। सामाजिक वाणिज्य (सोशियल कॉमर्स) के माध्यम से व्यवसाय का सशक्तिकरण युवा नवप्रवर्तकों का पोषण करना, नवाचार, स्टार्टअप और कौशल विकास के लिए युवा भारत को बढ़ावा देना। क्विक कॉमर्स और ई-कॉमर्स का उदय पारंपरिक भारतीय खुदरा के लिए चुनौतियां। भारत की अर्थव्यवस्था को आकार देने में महिलाओं की परिवर्तनकारी भूमिका महत्वूर्ण योजना है।

क्विक कॉमर्स और ई-कॉमर्स का उदय भारतीय रिटेल क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव ला रहा है। यह पारंपरिक व्यापारियों के लिए बड़ी चुनौती पेश करता है। हालांकि, रणनीतिक अनुकूलन और उद्योग संगठनों के समर्थन से, पारंपरिक रिटेलर्स अपनी ताकत का लाभ उठाकर इन नए मॉडलों के साथ सह-अस्तित्व और प्रगति कर सकते हैं। इससे भारत में एक संतुलित और समावेशी रिटेल इकोसिस्टम सुनिश्चित हो सकेगा।

उपरोक्त मिटिंग में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहेः - अमर पारवानी, विक्रम सिंहदेव, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, राकेश ओचवानी, अवनीत सिंह, दीपक विधानी, अमर धिंगानी, विजय पटेल, महेश जेठानी,एवं विक्रांत राठौर आदि।

खल्लारी मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान

रायपुर, 13 जनवरी। रोटरी क्लब ग्रेटर रायपुर और ग्रीन संरक्षरम पीपल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 11-12 जनवरी 2025 को खल्लारी माता मंदिर और उसके आसपास के पहाड़ों पर आयोजित दो दिवसीय सफाई और जागरूकता अभियान का समापन सफलता के साथ हुआ। इस अभियान में 60 से अधिक स्वयंसेवकों ने अपनी सक्रिय भागीदारी दी और श्रमदान करते हुए लगभग 550 कचरा बैग एकत्रित किए। यह सफाई अभियान न केवल मंदिर परिसर की स्वच्छता को बढ़ावा देने का प्रयास था, बल्कि इसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का उद्देश्य भी पूरा किया गया। साथ ही रोटरी क्लब ऑफ़ रायपुर ग्रेटर द्वारा 12 जनवरी 2025 को मंदिर परिसर स्थित मंगल भवन में सीता मेमोरियल डेंटल क्लिनिक एवं एम.जी.एम हॉस्पिटल के साथ मिल कर निःशुल्क दंत चिकित्सा व नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया

गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों व श्रद्धालुओं ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

रोटरी क्लब रायपुर ग्रेटर के अध्यक्ष डॉ पंकज चोपड़ा ने इस अभियान को करने का उद्देश्य बताते हुए रोटरी के किए गए सामाजिक कार्यों को बताया और युवाओ से ऐसे अभियानों में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। मुख्य अथिति पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू ने अभियान करने के लिए दोनों संस्थाओं का आभार व्यक्त किया साथ ही रोटरी क्लब ऑफ़ रायपुर ग्रेटर से खल्लारी में और अधिक कार्यों की उम्मीद जाहिर की। खल्लारी माता मंदिर समिति ने इस सराहनीय पहल के लिए रोटरी क्लब ग्रेटर रायपुर और ग्रीन संरक्षरम पीपल फाउंडेशन का हार्दिक स्वागत किया और उनके प्रति आभार प्रकट किया। समिति ने इस प्रकार के आयोजनों को मंदिर परिसर के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों को समर्थन देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

रोटरी क्लब ग्रेटर रायपुर द्वारा मंदिर समिति को 1 वॉटर कूलर, डस्टबीन एवं अन्य जरूरत की सामग्री प्रदान की गई। साथ ही मंदिर परिसर की पानी टंकिया भी साफ़की गईं। समापन समारोह में महासमुंद के पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, रोटरी क्लब ग्रेटर के संरक्षक एस. के. अग्रवाल, रोटरी क्लब ग्रेटर के सचिव अंकित जलन, डॉ जितेंद्र सराफ़ रितेश जिंदल, अजय तिवारी, खल्लारी माता मंदिर समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार चंद्राकर, ग्रीन संरक्षरम पीपल फाउंडेशन के अध्यक्ष दया बाकरे, साथी शशिकांत गुप्ता, आशुतोष यादव, लक्ष्य फाउंडेशन के पवन वर्मा, एसोसिएशन ऑफ़ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स के प्रदेश अध्यक्ष नितिन बरमेचा और रोटरी क्लब के अनेक सदस्य अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे। मंच संचालन युवा समाज सेवी नितिन जैन ने किया। समापन के अंत में स्वयंसेवकों को उनके योगदान के लिए प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26